

सूडान से निकाले जा रहे हमारे वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान।" ट्वीट की गई फोटो में सेना के जवान वरिष्ठ नागरिकों को व्हीलचेयर पर ले जाते नजर आ रहे हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 119 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

## ऑपरेशन कावेरीः परेशानी आने पर सिर्फ मोदी और इंडिया कहना ही काफी होता था...

**टीम एक्श इंडिया/जौनपुर**

**हिंसाग्रस्त** सूडान के खारतून और शोभा में फंसे यूपी के जौनपुर जिले के दो लोग रविवार को सकुशल घर पहुंचे। इस दौरान परिजनों ने केंद्र व राज्य सरकार के प्रति आभार जताया। इनके लौटने पर परिवार में लोगों में खुशी का माहौल है। बक्शा क्षेत्र के दरियावगंज गांव निवासी राजेश कुमार सिंह रविवार को सकुशल दिल्ली से घर पहुंच गए। मां, पत्नी सुनीता व बच्चों को देख उनके खुशी के आंसू छलक पड़े। राजेश ने सूडान का हाल बताया तो लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। राजेश ने बताया कि शनिवार सुबह दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचते ही सरकारी साधन से उत्तर प्रदेश भवन ले जाया गया। जहां पहुंचने पर स्वागत हुआ। चाय, पानी व स्नान के बाद भोजन मिला। कार से छह लोगों में दो को कानपुर, एक को ढकवा में उतार मुझे घर तक सकुशल छोड़ा गया।

**बिना नहाए खाए कई दिन रहना पड़ाः** राजेश ने खारतून का हालात बयां करते हुए बताया कि जैसे सड़क पर कुत्तों को रौंदते हुए वाहन निकल जाते हैं वही हाल वहां आम आदमियों का हो चुका है। कितने दिन बिना नहाए खाए रहना पड़ा। बारूद के धुएं से आंख में जलन से लोगों का बुरा हाल हो रहा है। मौत को प्रत्यक्ष देख बचने की आस छोड़ राजेश घर भी



बात करने का प्रयास कम कर रहे थे। राजेश ने बताया कि वहां बिजली व इंटरनेट व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। खाने के लाले पड़ गए थे। रास्ते में जहां दिक्कतें हुई सिर्फ मोदी और इंडिया कहना ही काफी होता था। सरकार के ऑपरेशन कावेरी के तहत भारी सुरक्षा के तहत पानी के जहाज से सऊदी के जेद्दा एयरपोर्ट पहुंचाया गया। किसी की जेब में एक रुपये भी नहीं था। वृद्ध मां चंद्रावती सिंह बेटे को सामने पाकर जहां बेहद खुश दिखी, वहीं पत्नी सुनीता सिंह के खुशी के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। पुत्री ज्योति, बेटा वीरू सिंह, गोलू सिंह व भाई-भाभी राजेश को सकुशल घर वापसी पर बेहद खुश नजर आए।

**आपबीती**

= रास्ते में जहां दिक्कतें हुई सिर्फ मोदी और इंडिया कहना ही काफी होता था। पानी के जहाज से सऊदी के जेद्दा एयरपोर्ट पहुंचाया गया

**बीते अगस्त में सूडान गए थे राकेशः** सूडान में फंसे क्षेत्र के गैरवाह निवासी राकेश कुमार भी रविवार को सकुशल घर लौट आए। राकेश बीते अगस्त में सूडान के शोभा शहर में प्लंबर का काम करते थे। राकेश बताते हैं कि शोभा में हालात खारतून जैसे तो नहीं थे, लेकिन रोजाना उड़ रही अफवाहों से डर का माहौल पैदा हो गया था।

सरकार के ऑपरेशन कावेरी शुरू करने के बाद तमाम लोगों को कंपनी की बस से पहले फौज के एयरबेस पर पहुंचाया गया। वहां से फिर सऊदी अरब के जेद्दा एयरपोर्ट लाया गया। इसके बाद वहां से दिल्ली और फिर घर तक पहुंचाया गया।

## आनंद मोहन की रिहाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**बिहार** के बाहुबली और पूर्व सांसद आनंद मोहन की रिहाई के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। डीएम जी कृष्णैया की हत्या में दोषी आनंद मोहन की रिहाई मामले में 8 मई को सुनवाई होगी। 29 अप्रैल को डीएम जी कृष्णैया की पत्नी उमा देवी ने पूर्व सांसद की रिहाई को चुनौती दी थी। उनकी ओर से दायर याचिका में आनंद मोहन को फिर से जेल भेजने की मांग की गई थी। बिहार सरकार ने जेल मैनुअल में बदलाव किया था, इसके बाद आनंद मोहन सिंह गुरुवार (27 अप्रैल) सुबह 6.15 बजे सहरसा जेल से रिहा हुए थे। जी कृष्णैया की पत्नी उमा सदमे में हैं। वह कहती हैं- ऐसा वोट बैंक की राजनीति के लिए किया जा रहा है।

## कर्नाटक में भाजपा का घोषणा पत्र जारी



**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**

**कर्नाटक** में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने सोमवार को अपना घोषणा पत्र 'प्रजा ध्वनि' जारी किया। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बेंगलुरु में इसे जारी किया। घोषणा पत्र में पार्टी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड का वादा किया है। साथ ही इढछ परिवार को रोज आधा किलो नंदिनी दूध और 3 रसोई गैस सिलेंडर युगदी, गणेश चतुर्थी और दीपावली पर मुफ्त देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घोषणापत्र को डेवलपमेंट सेंट्रिक यानी विकास पर केंद्रित बताया है। उन्होंने कहा कि पिछले चार सालों में कर्नाटक भाजपा सरकार ने प्रदेश में जो अच्छे काम करवाए हैं, इस घोषणापत्र से उन्हें आगे बढ़ाने की दिशा तय होगी। यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) का मतलब है- भारत के हर नागरिक के लिए एक समान कानून, चाहे वह किसी भी धर्म या जाति का हो।

## सीरिया में मारा गया आईएसआईएस चीफ अबु हुसैन अल कुरैशी



सीरियाः तुर्किये की इंटेलिजेंस एजेंसी ने सीरिया में चलाए एक ऑपरेशन में आतंकी संगठन आईएसआईएस के चीफ अबु हुसैन अल कुरैशी को मार गिराया। इसकी जानकारी खुद तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगान ने दी है। एक इंटरव्यू के दौरान एर्दोगन ने बताया कि इंटेलिजेंस एजेंसियां काफी समय से कुरैशी को खोज रही थी। सीरिया के सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक इस ऑपरेशन जंदारिस कस्बे में अंजाम दिया गया। जिस पर तुर्किये के समर्थन वाले विद्रोहियों का कब्जा है। अबु हुसैन अल कुरैशी को पिछले साल 30 नवंबर को क्रक्र का सरगना बनाया गया था। जिंदारिस के लोगों ने बताया कि तुर्किये की इंटेलिजेंस एजेंसी ने देर रात एक बंजर जमीन पर बने मदरसे में ऑपरेशन चलाया था। लड़ाई करीब एक घंटे तक चली, जिसके बाद तेज धमाके की आवाज आई थी।

## 14 मोबाइल ऐप्स पर लगा बैन

### जम्मू-कश्मीर में आतंकी पाकिस्तान मैसेज भेजने के लिए कर रहे थे इनका इस्तेमाल

**डिजिटल स्ट्राइक**

= एजेंसियां आतंकियों के आपस में कम्युनिकेशन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले चैनलों पर नजर रखती हैं



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारत** सरकार 14 मोबाइल एप्लिकेशन ब्लॉक करने जा रही है। पाकिस्तान में छिपे आतंकी इन ऐप्स का इस्तेमाल कश्मीर में अपने सपोर्टर्स और ऑन-ग्राउंड वर्कर के साथ कम्युनिकेशन के लिए कर रहे थे। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया गया है। केंद्र जिन ऐप्स पर बैन लगा रही है उनमें क्रीपवाइजर, एनिग्मा, सेफस्विस, विकरमे, ब्रायर, बीचैट, मीडियाफायर, नंदबॉक्स, कॉनियन, आईएमओ, एलिमेंट, सेकेंड लाइन, जांगी और थ्रेमा शामिल हैं। इसमें से कुछ ऐप्स गूगल प्लेस्टोर पर भी मौजूद है।

**यूजर्स की पहचान को गुमनाम रखते थे ऐप्सः** एजेंसियां आतंकियों के आपस में कम्युनिकेशन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले चैनलों पर नजर रखती हैं। एक बातचीत को ट्रैक करते समय एजेंसियों को ऐसे ऐप्स के बारे में पता चला। इनमें से ज्यादातर ऐप्स को यूजर्स को गुमनामी (एनॉनिमिटी) देने के लिए डिजाइन किया गया था। इनके फीचर्स की वजह से एजेंसियों को इन यूजर्स तक पहुंचने में मुश्किल हो रही थी। एजेंसियों ने कई मौकों पर ऐप मैनेजमेंट से संपर्क करने की कोशिश की थी, लेकिन भारत में इसका कोई ऑफिस नहीं था। एक इन ऐप्स को आईटी एक्ट 2000 के सेक्शन 69ए के तहत ब्लॉक किया गया है।

**फरवरी में 232 चीनी ऐप्स किए थे बैनः** इससे पहले फरवरी में केंद्र सरकार ने 232 मोबाइल ऐप्स ब्लॉक किए थे। इसमें 138 ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले और 94 लोन देने वाले ऐप्स शामिल थे। ये ऐप्स लोगों को लोन लेने और सट्टा खेलकर लाखों जीतने का लालच देते हैं। बाद में कर्ज न चुका पाने पर उन्हें भद्दे मैसेज भेजते थे। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे सेना के ट्रक पर आतंकियों ने फायरिंग की। इसके बाद ट्रक में आग लग गई।

### राजद्रोह कानून में बदलाव पर फैसले के लिए केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से मांगा समय

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजद्रोह** कानून में बदलाव पर फैसले के लिए केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से समय मांगा है। अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि संसद के मानसून सत्र में विधेयक पेश किया जा सकता है। केंद्र सरकार की इस सूचना के बाद चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने सुनवाई अगस्त के दूसरे हफ्ते के लिए टाल दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि अंतरिम आदेश अभी लागू रहेगा। इस तरह भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए के तहत एफआईआर पर रोक जारी रहेगी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायण ने कहा कि इस मामले को सात जजों की बेंच के पास जाना चाहिए, क्योंकि बहुत सारे फैसले हैं, जिन पर गौर करने की जरूरत है। केंद्र सरकार ने 6 फरवरी को कहा था कि वो राजद्रोह कानून की समीक्षा कर रही है। 11 मई, 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने राजद्रोह के कानून पर केंद्र को कानून की समीक्षा की अनुमति दे दी थी। तत्कालीन चीफ जस्टिस एनवी रमना की अध्यक्षता वाली बेंच ने राजद्रोह के तहत फिलहाल नए केस दर्ज करने पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने कहा था कि अगर किसी पर केस दर्ज हो तो निचली अदालत से राहत की मांग करे। कोर्ट ने लंबित मामलों में कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश दिया था।



कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने सोमवार को अपना घोषणा पत्र 'प्रजा ध्वनि' जारी किया। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बेंगलुरु में इसे जारी किया।

## छत्तीसगढ़ सरकार की नौकरियों में 58 फीसदी आरक्षण जारी रहेगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**छत्तीसगढ़** सरकार को अंतरिम राहत मिल गई है। राज्य सरकार की नौकरियों में 58 फीसदी आरक्षण फिलहाल जारी रहेगा। सितंबर 2022 में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने इसे 50 फीसदी की सीमा के परे बताते हुए रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की अपील को सुनते हुए हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है। 18 जुलाई को अगली सुनवाई होगी। 2011 में पास कानून में छत्तीसगढ़ में 32 फीसदी एसटी , 12 फीसदी एससी और 14 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया था।

## असम में 300 शराबी पुलिसकर्मियों को रिटायर्ड किया

**टीम एक्शन इंडिया/गुवाहाटी**

**असम की** सरकार शराब पीने के आदी 300 पुलिसकर्मियों को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) का विकल्प देने जा रही है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने 30 अप्रैल को कहा कि इन पुलिसकर्मियों को शराब की लत है। इस वजह से वे अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी से नहीं कर पाते हैं। शराब पीने की वजह से उनका शरीर भी कमजोर हो गया है। लोगों ने इन पुलिसकर्मियों के खिलाफ गंभीर शिकायतें भी की हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि पुलिस विभाग में 300 अधिकारी और कर्मचारी शराब पीने के आदी हैं। ऐसे कर्मचारियों को पहले से ही श्फ्र देने का नियम है, लेकिन इसे कभी लागू नहीं किया गया।

**वीआरएस**

= मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने 30 अप्रैल को कहा कि इन पुलिसकर्मियों को शराब की लत है

## शादीशुदा होने की जानकारी देकर लिव-इन में रहना धोखा नहीं



**टीम एक्शन इंडिया/कलकत्ता**

**कलकत्ता** हाईकोर्ट ने कहा है कि अगर कोई व्यक्ति लिव-इन रिलेशनशिप में आने से पहले अपनी शादी और बच्चों के बारे में अपने पार्टनर को बता चुका है, तो इसे धोखेबाजी नहीं कहा जाएगा। इस फैसले के साथ कोर्ट ने निचली अदालत के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें कोर्ट ने एक होटल एग्जीक्यूटिव पर अपनी लिव-इन पार्टनर को धोखा देने के आरोप में 10 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया था।

इस शख्स ने अपनी 11 महीने की लिव-इन पार्टनर के साथ शादी से इनकार करते हुए ब्रेकअप कर लिया था। मामला 2015 का है। महिला ने कोलकाता के प्रगति मैदान पुलिस स्टेशन में एक शिकायत दर्ज कराई थी।

## पहलवानों के धरने में पहुंचे नवजोत सिंह सिद्धू



**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**

**डब्ल्यूएफआई** के अध्यक्ष बृजभूषण के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर में चल रहे धरने में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के बाद पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू भी पहुंचे। जंतर-मंतर पर पहुंचते ही सबसे पहले वह पहलवानों के बीच बैठे और उनसे बातचीत की। इस दौरान सिद्धू ने कहा- यह जानना कि क्या सही है और क्या नहीं करना सबसे बड़ी कायरता है। एफआईआर में देरी क्यों हुई? प्राथमिकी को सार्वजनिक न करना यह दशार्ता है कि एफआईआर हल्की है और शिकायतकर्ता की शिकायत की पुष्टि नहीं करती है। मंशा संदिग्ध है और मकसद अभियुक्तों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज केस गैर जमानती है। अब तक गिरफ्तारी क्यों नहीं?

## अहम फैसलाः सुप्रीम कोर्ट ने तलाक के आधार तय किए

### सुलह की गुंजाइश नहीं बची, तो सुप्रीम कोर्ट तलाक मंजूर करेगा, पति-पत्नी को नहीं करना होगा 6 महीने का इंतजार

**टीम एक्श इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट की संवैधानिक बेंच ने सोमवार को तलाक को लेकर अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा है कि अगर पति-पत्नी के रिश्ते टूट चुके हों और सुलह की गुंजाइश ही न बची हो, तो वह भारत के संविधान के आर्टिकल 142 के तहत बिना फैमिली कोर्ट भेजे तलाक को मंजूरी दे सकता है। इसके लिए 6 महीने का इंतजार अनिवार्य नहीं होगा। कोर्ट ने कहा कि उसने वे फैक्टर्स तय किए हैं जिनके आधार पर शादी को सुलह की संभावना से परे माना जा सकेगा। इसके साथ ही कोर्ट यह भी सुनिश्चित करेगा कि



पति-पत्नी के बीच बराबरी कैसे रहेगी। इसमें मेंटेनेंस, एलिमनी और बच्चों की कस्टडी शामिल है। यह फैसला जस्टिस एसके कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस एएस ओका और जस्टिस जेके माहेश्वरी की संविधान पीठ ने सुनाया।

**संविधान पीठ को ये मामला क्यों भेजा गया थाः** इस मुद्दे को एक संविधान पीठ को यह विचार करने के लिए भेजा गया था कि क्या हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13बी के तहत आपसी सहमति से तलाक की प्रतीक्षा अवधि (वेटिंग पीरियड) को माफ किया जा सकता है। हालांकि, खंडपीठ ने यह भी विचार करने का फैसला किया कि क्या शादी के सुलह की गुंजाइश ही ना बची हो तो विवाह को खत्म किया जा सकता है। यह मामला डिवीजन बेंच ने 29 जून 2016 को यह मामला पांच जजों की संविधान पीठ को रेफर किया था।

**झटपट मिलेगा तलाक**

= तो वह भारत के संविधान के आर्टिकल 142 के तहत बिना फैमिली कोर्ट भेजे तलाक को मंजूरी दे सकता है

## अप्रैल 2023 में बना जीएसटी कलेक्शन का रिकॉर्ड

**नई दिल्लीः** सरकार ने गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स यानी जीएसटी कलेक्शन का रिकॉर्ड बनाया है। अप्रैल 2023 में सरकार ने जीएसटी से 1.87 लाख करोड़ रुपए जुटाए हैं। इससे पहले सबसे ज्यादा जीएसटी कलेक्शन पिछले साल अप्रैल में हुआ था। तब जीएसटी से 1.67 लाख करोड़ रुपए जुटाए गए थे। यानी इस साल अप्रैल में सरकार ने पिछले साल की तुलना में 12% ज्यादा जीएसटी जुटाया है। अप्रैल के कुल जीएसटी कलेक्शन में जीएसटी 38,440 करोड़ रुपए, एसजीएसटी 47,412 करोड़ रुपए, IGST 89,158 करोड़ रुपए और सेस 12,025 करोड़ रुपए रहा।

**रणनीति तैयार** | हर 2 किमी पर मिलिट्री पुलिस के चैकपोस्ट होंगे, रोड ओपनिंग क्लीयरेंस बिना नहीं जाएंगी सैनिकों की गाड़ियां

## पुंछ आतंकी हमले के बाद सैन्य सुरक्षा बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**

**पुंछ आतंकी** हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में सैन्य सुरक्षा और बढ़ा दी गई है। सेना के पीआरओ ले. कर्नल देवेंद्र आनंद ने बताया कि आतंकी हमलों को रोकने और विफल करने के लिए कड़ी रणनीति तैयार की गई है। सूत्रों के अनुसार रोड ओपनिंग पार्टियों के क्लीयरेंस के बिना सेना के वाहनों का मूवमेंट नहीं होगा। इसका सख्ती से पालन किया जाएगा। वहीं सैन्य वाहनों के मूवमेंट के दौरान हर दो से तीन किलोमीटर की दूरी पर मिलिट्री चैकपोस्ट बनाए जाएंगे। गौरतलब है कि 20 अप्रैल को पुंछ के भट्टा दूरियां में आतंकी हमले में सेना के पांच जवान शहीद



हो गए थे।

**अब तक 225 से पूछताछ, मदरसे का मौलवी गिरफ्तारः** पुंछ आतंकवादी हमले के सिलसिले में अब तक 225 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की गई है और 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा कि आरोपियों में से एक की पहचान निसार अहमद के रूप में हुई है, जिसने कबूल किया है कि वह और उसका परिवार हमले में शामिल थे। ये लोग पिछले 2-3 महीनों से आतंकवादियों की मदद कर रहे थे। हमले के लिए पाकिस्तान से भेजा गया गोला-बारूद और ग्रेनेड भी इन लोगों ने ही दिया था। उधर, कश्मीर पुलिस के एसओजी ने पुंछ हमले में जम्मू के बटहिंडी से एक मदरसे के मौलवी को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार इस मौलवी के पाकिस्तान के आतंकियों से लिंक पाए गए हैं। जम्मू-कश्मीर के पुंछ में हुए आतंकी हमले मामले में 25 अप्रैल को पूछताछ के बाद एक शख्स ने घर जाकर जहर खा लिया, गुरुवार को मौत हो गई। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि मुख्तार हुसैन शाह मामले में संदिग्ध नहीं था।

## धार्मिक प्रतीकों के इस्तेमाल पर दलों की मान्यता रद्द करने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने अपने नाम में धार्मिक शब्दों और प्रतीकों के इस्तेमाल करने वाले राजनीतिक दलों की मान्यता रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। जस्टिस एमआर शाह की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता को हाई कोर्ट जाने को कहा। कोर्ट ने कहा कि ऐसी ही याचिका दिल्ली हाई कोर्ट में लंबित है। दरअसल, 20 मार्च को सुनवाई के दौरान एआईएमआईएम के वकील केके वेणुगोपाल ने कहा था कि याचिका में बस एआईएमआईएम और मुस्लिम लीग को पक्ष बनाया है।

## हाईकोर्ट ने वक्फ बोर्ड की याचिका लौटाई

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने सोमवार को मथुरा के शाही ईदगाह ट्रस्ट और यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की याचिका को वापस कर दिया है। जस्टिस प्रकाश पडिया की अदालत ने मथुरा के जिला जज को पूरे मामले की नए सिरे से सुनवाई के आदेश दिए। कोर्ट ने शाही ईदगाह ट्रस्ट, उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड और भगवान श्रीकृष्ण विराजमान मामले पर बहस पूरी होने के बाद फैसला 17 अप्रैल को सुरक्षित कर लिया था। इसके बाद फैसला 24 अप्रैल को आना था, लेकिन उस दिन भी अगली डेट 1 मई लग गई। श्री कृष्ण जन्मस्थान शाही ईदगाह मामले में सबसे पहले सितंबर 2020 में श्री कृष्ण



विराजमान की तरफ से भगवान श्री कृष्ण की सखी के तौर पर सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता रंजना अग्निहोत्री ने हरी शंकर जैन, विष्णु जैन, करुणेश शुक्ला के साथ मथुरा सिविल कोर्ट में वाद दाखिल किया था। यह वाद सिविल कोर्ट ने खारिज कर दिया। इसके बाद श्री कृष्ण विराजमान ने जिला जज की अदालत में रिवीजन वाद दाखिल किया। इस पर सुनवाई करते हुए जिला जज की अदालत ने वाद को स्वीकार किया और इसे सिविल कोर्ट में सुनवाई के लिए कहा। इसके बाद जुलाई 2022 में मुस्लिम पक्ष ने इस वाद को खारिज करने की मांग करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की।

# राजकीय स्कूल में लगी मनोहर की पाठशाला

## जन संवाद कार्यक्रम के दौरान अचानक गांव के राजकीय विद्यालय पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर

**8 अचानक एक स्कूल में पहुंचकर जब बच्चों से सवाल किए तो स्कूल का हर बच्चा मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर उत्साह से भर गया**

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/शाहबाद (दलबीर मलिक)**
कुरुक्षेत्र जिला के तंगौर गांव के राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए नियमित तौर पर विद्यालय की कक्षाएं चल रही थी लेकिन विद्यालय में सोमवार की दोपहर को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दस्तक देते हुए मनोहर की पाठशाला का स्वरूप स्कूल को दे दिया। एकाएक स्कूल में पहुंचे मुख्यमंत्री को देखकर विद्यार्थियों में उत्सुकता का माहौल बन गया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने कुरुक्षेत्र जिले के जनसंवाद के पहले दिन अचानक एक स्कूल में पहुंचकर जब बच्चों से सवाल किए तो स्कूल का हर बच्चा मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर उत्साह से भर गया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल कुरुक्षेत्र जिले के अपने जनसंवाद कार्यक्रम के तहत झांसा से नलवी की तरफ जा रहे थे तो एकाएक उनका काफिला रास्ते में तंगौर गांव के राजकीय स्कूल की तरफ मुड़ गया। मुख्यमंत्री ने स्कूल के कक्षाओं में पहुंचकर विभिन्न विद्यार्थियों के साथ




संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने न केवल बच्चों से उनके विषय के सामान्य प्रश्न पूछे बल्कि स्कूल की शिक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। अचानक अपने स्कूल में मुख्यमंत्री को पाकर छोटे-छोटे बच्चे भी पूरे उत्साह में दिखे। मुख्यमंत्री ने कक्षा में मौजूद बेटियों से गणित के सामान्य प्रश्न भी पूछे, इसके साथ ही देशभक्ति के नारे भी बच्चों के साथ मुख्यमंत्री ने जब लगाए तो गणित के पहाड़ों और स्कूली शिक्षा की आवाज के बीच स्कूल में भारत माता की जय के नारे सुनाई दिए। इसी बीच मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बच्चों से बात करने के अलावा स्कूल के अध्यापकों से वहां की शिक्षा व्यवस्था के विषय में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने स्कूल में शिक्षा प्रबंधन और स्वच्छता अभियान के विषय में भी अध्यापकों से पूछा। मुख्यमंत्री ने बच्चों से उनके भविष्य की योजनाओं के विषय में भी सवाल किया और सभी को उनके सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दी।

**हरियाणा सरकार का उद्देश्य नागरिकों को स्वाभिमानी बनाना है:** मनोहर लाल ने कहा कि परिवार पहचान पत्र के लागू होने से प्रदेश में साढ़े 12 लाख नए बीपीएल कार्ड बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का एक ही उद्देश्य है कि गरीब का भला कैसे हो। आज के समय में मुफ्त बांटने वाले बहुत लोग आ रहे हैं, लेकिन हरियाणा सरकार का उद्देश्य आमदनी बढ़ाना है, ताकि हर नागरिक स्वाभिमानी बनें। आमदनी बढ़ने से पूरे परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी होगी और आय के स्त्रोत बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऐसे परिवारों को चिन्हित किया गया है, जिनकी आय 1 लाख रुपये से भी कम है। इनमें से 36 हजार परिवारों को स्व रोजगार के लिए ऋण मुहैया करवाया गया है।

इसके अलावा, उनकी स्किलिंग भी करवाई जा रही है ताकि वह किसी भी हुनर में दक्षता हासिल कर सकें। यही नहीं, गत दिवस निजी क्षेत्र में 6 हजार नौकरियों के लिए एचकेआरएनएल पोर्टल के माध्यम से युवाओं को इंटरव्यू के लिए ऑफर भेजे गए हैं।

**मुख्यमंत्री ने गाड़ी रुकवाकर किसानों से की बातचीत:** मुख्यमंत्री ने जन संवाद कार्यक्रम से पहले रास्ते में गाड़ी रुकवाकर सूरजमुखी की खेती करने वाले किसानों का हाल-चाल जाना और उनकी आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली।

# अस्पताल में नही हैं खाँसी-जुकाम की भी दवाईयां



**खरखौदा/सोनीपत- सोमपाल सैनी**
**सोमवार** को विधायक जयवीर सिंह ने किया सिविल हस्पताल खरखौदा का औचक निरीक्षण किया। जनता की तरफ से शिकायत मिलने पर विधायक जयवीर वाल्मीकि सिविल हस्पताल खरखौदा का निरीक्षण करने पहुँचे। खरखौदा विधायक जयवीर सिंह ने बताया कि आज के औचक निरीक्षण में अस्पताल में कोई दवाई नही मिली। निरीक्षण में उन्होंने पाया कि खरखौदा के सरकारी अस्पताल में खाँसी जुकाम की दवाइयाँ भी उपलब्ध नही है। इसके साथ ही रोजाना दैनिक मरीजों के लिए उपयोग में लाई जाने वाली दवाइयां भी नही है। विधायक जयवीर ने कहा कि सरकार का यहाँ के नागरिकों के स्वास्थ्य के प्रति सरकार का कोई भी ध्यान नही है।

ये दवाइयां नही हैं उपलब्ध पट्टी, इंजेक्शन लगाने के लिए 5 एमएल और 2 एमएल की सीरिंज, टेटन्स का इंजेक्शन , ग्लूकोज की बोटल, रुई का बंडल, नॉर्मल सलाईन ( ग्लूकोज का एक प्रकार), डीक्लोफिनेक ( दर्द का इंजेक्शन), मेट्रोनिडा जेल, रुई के फोहे, डिक्लोफिनेक की टैबलेट ( दर्द निवारण के लिए), सिट्राजीन ( एलर्जी और जुकाम के लिए), रेन्टीडीन ( गैस और उल्टी की दवा), एजिथ्रोमाईसिन ( गला खराब होने पर), एंटी रैबीज वैक्सीन( कुत्ते के काटने पर), कफ सिरफ( खाँसी की दवाई), डिक्लोजेल( कमर दर्द व मोच में मालिश करने के लिए) और लिग्नोकेन एड्रिनालीन( चोट आने पर टाँके व चीरा लगाने हेतु सुन्न करने की दवाई)।

# अंडरपास निर्माण संघर्ष समिति का धरना 90वें दिन में भी जारी

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
नारनौल। मण्डी अटेली अण्डरपास निर्माण संघर्ष समिति का धरना आज 90 वें दिन में प्रवेश कर गया। आज की धरने की अध्यक्षता मण्डी अटेली के पूर्व पार्षद बाबूलाल जांगड़ा ने की तथा संचालन डॉ राजेन्द्र प्रसाद खरब तोबड़ा ने किया।
सोमवार को धरने को सम्बोधित करते हुए डॉ राजेन्द्र प्रसाद खरब तोबड़ा ने कहा कि इस अण्डरपास में पहले ही बहुत विलम्ब हो चुका है। यह अण्डरपास तो चार साल पहले ही बन जाना चाहिए था, अण्डरपास की सारी सामग्री तैयार थी, अटेली के नागरिकों को लगने लगा था कि अण्डरपास का निर्माण कार्य शुरू होगा, लेकिन अटेली के नागरिकों को तब निराशा हुई जब इस अण्डरपास कार्य योजना को ठण्डे बस्ते में डाल दिया। अटेली के जागरूक नागरिकों ने मजबूर होकर गत एक फरवरी से अण्डरपास निर्माण की मांग को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं,जिसे अब तीन महिने पूरे होने चुके हैं। आंधी -बारिश ,गर्मी - लू व




तूफान से टैन्ट गिरने पर चोटिल होने पर भी धरनार्थियों के हौसले बुलंद हैं। धरने को लोगों का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। हम लड़ेंगे जीतेंगे की भावना के साथ जनता के भरोसे पर खरा उतरेंगे। संघर्ष समिति का दृढ़ मत है कि निर्माण कार्य शुरू होने तक धरना जारी रहेगा। उत्र्रछउक्छ के डीजीएम अनुराग शर्मा उत्तर पश्चिम रेलवे कोर्डिडर अधिकारियों को संघर्ष समिति अण्डरपास निर्माण की गुहार लगा चुके हैं। अब बिना देर किए अण्डरपास निर्माण कार्य शुरू किया जाना चाहिए। आज के धरने पर नरेंद्र यादव उर्फ काका जी, विजेन्द्र खरब, बाबू मैनपाल सिंह, लालचंद नानकवास, धनश्याम जांगड़ा, रिटायर्ड हेडमास्टर, प्रभूदयाल बोहरा, मामचंद शर्मा,महावीर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# राष्ट्र की प्रगति के आधार हैं मजदूर : सुधीर जैन

**8 ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में सौहार्दपूर्ण भाव से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत, ज्ञान** गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस सौहार्दपूर्ण भाव से मनाया गया। विद्यालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की गई । स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कर्मचारियों को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी । सुधीर जैन ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान है। किसी भी व्यक्ति के कार्य को कमतर नहीं आंका जा सकता। देश का मजदूर वर्ग राष्ट्र की प्रगति के आधार हैं ।

सुधीर जैन ने कहा कि श्रमिक किसी भी देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। श्रमिकों की उस भूमिका को एक पहचान देने और श्रमिक आंदोलनों के गौरवशाली इतिहास को याद करने



के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस (मई दिवस) मनाया जाता है। सीईओ संजय जैन ने कहा कि देश के हर कार्य क्षेत्र में मजदूरों की अहम भूमिका होती है। यह कहना भी गलत नहीं होगा कि किसी भी देश की आर्थिक व्यवस्था मजदूरों के कंधों पर टिकी होती है । स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कहा कि हम सभी को मजदूर वर्ग की कड़ी मेहनत और समपर्ण का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने स्कूल में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों, गार्डों, ड्राइवर समूह, सफाई कर्मियों, चपरासी और माली का धन्यवाद किया और साथ ही विद्यार्थियों को श्रम की गरिमा को पहचानने के लिए प्रोत्साहित किया। स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से श्रमिकों को प्रोत्साहित किया। छात्रों के एक समूह ने श्रमिकों के लिए एक कविता का पाठ भी किया। कार्यक्रम के अंत में नक्श आंतिल, माही, कानन,मयंक, कृष्णम, युक्ति, सुजल,पूर्ति,पूर्वी, पालकी, सेजल, सुजैन,जीविका,जयंत आदि छात्र-छात्राओं ने सम्मान के प्रतीक के रूप में प्रत्येक कर्मचारी को धन्यवाद करते हुए हस्तनिर्मित फूल, चॉकलेट, उपहार व कार्ड भेंट किए।

# देश के सम्मान को ठेस पहुंचा रही केंद्र सरकार: लक्ष्मी



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
भाजपा सरकार केवल खिलाड़ियों का ही नही बल्कि देश का अपमान कर रही है। यह शब्द वरिष्ठ कांग्रेस नेता तथा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मी कान्त शर्मा एडवोकेट ने दिल्ली जंतर मंतर पर पहलवानों के चल रहे धरने के समर्थन में कहे। कांग्रेस नेता जंतर मंतर पहुँच कर पहलवानों संग धरने पर बैठे। उनकी बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक तथा अन्य पहलवानो से बातचीत हुई।उन्होंने कहा की भाजपा सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही जबकि दुनिया भर में देश का नाम रौशन करने वाले पहलवानो को लगातार कभी जाति तो कभी क्षेत्र विशेष के लोग कह कर अपमानित कर रही है। उन्होंने कहा देश का कानून कहता है की अगर कोई महिला शोषण की शिकायत करती है तुरंत एफ आई आर दर्ज की जाती है मगर मोदी राज में शायद भाजपाईओ के लिए अलग कानून है। आज देश की बेटियां इन्साफ के लिए सड़क पर बैठी हैं और बेटी बचाओ का नारा देने वाले मोदी जी चुपचाप तमाशा देख रहे हैं। जब यही पहलवान देश के लिए मेडल ला रहे थे तब किसी जाति या क्षेत्र विशेष के नही थे मगर आज जब शोषण के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं तो सरकार यही पहलवान एक जाति या क्षेत्र विशेष के नजर आ रहे इससे ज्यादा शर्मनाक बात क्या हो सकती है। उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी तमाम खिलाडियों के सम्मान के लिए उनके साथ खडी है और वो खुद भी जंतर मंतर पर धरने पर बैठ कर आए हैं।

# अंत्योदय मेले की तैयारियां पूरी

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल मुख्यमंत्री** अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत 2 से 4 मई तक अटेली के राजकीय महिला कालेज में आयोजित होने वाले अंत्योदय मेले की जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा और खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सुरजीत सिंह ने आज राजकीय महिला कालेज में पहुंचकर तैयारियां पूरी करवाई। उन्होंने



बताया कि 3 दिन तक अटेली में लगने वाले इस अंत्योदय मेले में लाभार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। मेले में नागरिकों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क लगाए गए हैं।

## सोनीपत जिले में पुलिस संख्या बढ़ाने की मांग

**सोनीपत: मानव** अधिकार संरक्षण संघ द्वारा माननीय मुख्यमंत्री, माननीय ग्रह मंत्री हरियाणा सरकार व डी जी पी पुलिस हरियाणा से मांग की है कि सोनीपत जिले में पुलिस की संख्या बढ़ाई जाये, संघ के राष्ट्रीय चेयरमैन संजय सिंगला व राष्ट्रीय अध्यक्ष जयबीर गहलावत ने कहा की सोनीपत जिले को पुलिस कमीशनरी बनने पर लोगों को उम्मीद बँधी थी की अब पुलिस संख्या बढ़ेगी परन्तु हुआ बिल्कुल उल्टा जिले में पुलिस जाँच अधिकारियो की संख्या घट गई, संघ के जिला अध्यक्ष प्रवीण वर्मा ने बताया की हर थाने में जाँच अधिकारियो की संख्या कम और उनके पास केस ज्यादा होने से आम आदमी न्याय की पहुँच से दूर होता जा रहा है, अत संघ द्वारा सरकार से पुलिस बल की संख्या बढ़ाने की मांग की है

# 'जब तक मांगे पूरी नहीं करेगी सरकार संघर्ष जारी रखेंगे'

**8 पुरजोर समर्थन दिया तथा ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू करने व,मेडिकल भत्ता 3000 करने आदि की मांग की**

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
ताज पार्क नजदीक नया बस स्टैंड कुरुक्षेत्र में हरियाणा रिटायर कर्मचारी संगठन रजिस्टर्ड 1968 के कर्मचारी व कर्मचारी नेताओं ने हरियाणा कर्मचारी महासंघ द्वारा मनाए जा रहे मजदूर दिवस एवं मांग दिवस के उपलक्ष में पुरजोर समर्थन दिया तथा ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू करने व,मेडिकल भत्ता 3000 करने तथा एक्स ग्रेशिया नीति को बाहर करने, मेडिकल कैशलेस सुविधा धरातल पर लागू करें, 65-70 75 आयुउपरांत 5 -10- 15 प्रतिशत कि दर से पेंशन में बढ़ोतरी तथा फैमिली पेंशन को एलटीसी सुविधा देना



इस अवसर पर बोलते हुए राजपाल गुसर राज्य सचिव , राज्य उपप्रधान प्रेम सिंह बेर थली, जगतार सिंह सोढी ने कहा कि इस अवसर पर सभी कर्मचारी साथी एवं रिटायरमेंट साथी प्रण करें कि अपनी मांगों को लेकर हम हर हद से पार होने को तैयार हैं। इस पर बोलते हुए जिला प्रधान सुल्तान सिंह तथा जिला महासचिव बरखा राम जासट ,जिला वरिष्ठ उपप्रधान सुरेंद्र बारवा, जिला प्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र वधवा ने कहा की इस मजदूर दिवस पर हम अपने कर्मचारियों -रिटायर्ड कर्मचारियोंकी मांगों बनवाने के लिए हर संघर्ष में बढ़ चढ़कर भाग लेंगे। इस अवसर पर ब्लाक शाहाबाद प्रधान सत्यदेव ,मेहर सिंह खोखर, सचिव रतन जाट बबेन, पहेवाब्लॉकप्रधान काशीराम ,थानेश्वर,ब्लॉक प्रधान सूरजभान उमरी, निर्मल सिंह सिसोदिया, हजारीलाल, शेर सिंह ढांडा, राजकुमार अटवाल, भगतराम, जयराम मौर्य, गुरनाम गुडी, तथा सुरेंद्र शर्मा ,बलवंत सिंह गागट, ज्ञानीराम आमीन इत्यादि नेता मौजूद थे।

# मलेरिया रोधी माह बना रहा स्वास्थ्य विभाग, टीमों ने 9246 घरों में जाकर किया सर्वे

## विभाग की तरफ से लोगों को जागरूक करने व जांच करने के लिए 178 टीमों का किया गठन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जिला** स्वास्थ्य विभाग मानसून सत्र से पहले घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने व जांच अभियान चलाने का काम कर रहा है। विभाग की तरफ से शहरी क्षेत्र में घर-घर जाकर करीब 9246 घरों की जांच की। जांच के दौरान विभाग की टीमों की तरफ से लापरवाही मिलने पर लोगों को जागरूक करने के साथ लापरवाही बरतने पर नोटिस देने की बात कही। जांच टीमों की तरफ से 564 रक्त पटिकाएं तैयार की हैं। जिसके माध्यम से टीमें समय-समय पर जांच अभियान चलाकर नजर बनाएं हुए है। मानसून आने पर विभाग की तरफ से लोगों को बीमारियों से बचने के लिए अलग-अलग तरीके बताकर जागरूक करने का काम किया जा रहा है। जिला डेंगू व मलेरिया



अधिकारी डा. अनविता कौशिक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मई माह को मलेरिया माह के रूप में मनाया गया। विभाग की तरफ से मलेरिया व डेंगू को लेकर डोर-टू-डोर सर्वे चल रहा है। इस अभियान को लेकर 178 टीमों का गठन किया गया है, जो शहर में सर्वे कर रही है। सोमवार को कुल 9246 घरों में जांच अभियान चलाकर जांच की। एक मई से शुरू हुए सर्वे में एक भी मकान में लारवा नहीं मिली है। टीमों की तरफ से मलेरिया से बचाव को लेकर 564 ब्लड स्लाइड बनाई। जिन्हें जांच के लिए लैब भेज दिया गया है।

**मानसून से पहले सतर्कता जरूरी, हाल के दिनों में बरती जा रही लापरवाही:** मिली जानकारी के अनुसार जून माह से मलेरिया के केस मिलने का अंदेशा रहता है। जिसको लेकर विभाग की तरफ से सतर्कता बरते हुए एक मई से ही डेंगू व मलेरिया से बचाव बारे में जागरूक किया जा रहा है। वहीं, डोर-टू-डोर सर्वे के दौरान मच्छर का लारवा मिलने पर नोटिस दिया जायेगा। जहां बुखार से पीड़ित लोग मिलेगें, उनके सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा जायेगा। टीमें घर-घर जाकर लोगों को बीमारियों से बचाव को लेकर जानकारी दे रही है। मानसून से पहले जरूरी दिशा-निदेर्शों की पालना करना बेहद आवश्यक होता है। ताकि खुद व बच्चों को बीमारियों से बचाने का काम किया जा सके।

पिछले 6 सालों में जिले में मलेरिया के 31 केस-

| साल | केस |
|---|---|
| 2017 | 13 |
| 2018 | 5 |
| 2019 | 7 |
| 2020 | 1 |
| 2021 | 1 |
| 2022 | 4 |

विभाग की तरफ से टीमों को गठन किया जा चुका है। जोकि समय-समय पर लोगों को जागरूक करने व जांच अभियान चलाने काम कर रही है। सावधानी बरतने से ही बीमारियों को हराया जा सकता हैं। समय-समय पर अपने घरों में रखे घमलों, कूलर, टंकी, होदी, ड्रम सहित पानी इक्ट्ठा होने वाले स्थानों पर पानी का बदलाव करें। ताकि मच्छर का लारवा पैदा होने से बचाया जा सके।

**डा. अनविता कौशिक, जिला नोडल अधिकारी, सोनीपत।**

# पंचायती राज संस्थाओं की मतदाता सूचियों का 30 मई को होगा अंतिम प्रकाशन: शांतनु

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव वर्ष 2023 हेतु पहली जनवरी 2023 को अर्हता तिथि मानकर 5 जनवरी 2023 को जारी की गई मतदाता सूचियों को आधार मानकर जिले की सभी ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों में वितरित करने के निर्देश दिए है ताकि इनके आधार पर ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों के मतदाताओं की फोटोयुक्त मतदाता सूचियां तैयार की जा सके।



उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि ग्राम पंचायतों व पंचायत समितियों के मतदाताओं की वार्डवार एवं बूथ वार ड्राफ्ट सूची 29 अप्रैल से 3 मई 2023 तक तैयार की जाएगी और आपत्तियां एवं दावे आमंत्रित करने के लिए इन सूचियों का 8 मई 2023 को प्रारम्भिक प्रकाशन किया जाएगा। आपत्तियां एवं दावे 11 मई 2023 को सायं 4 बजे तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा इन दावों एवं आपत्तियों का निपटान 15 मई 2023 तक किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्णय के विरुद्ध उपायुक्त-सह-जिला जिला निर्वाचन अधिकारी (पीठासीन) के समक्ष 19 मई 2023 तक अपील दायर की जा सकती है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा इन अपीलों का निपटान 25 मई 2023 तक किया जाएगा। मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 30 मई 2022 को किया जाएगा।

# सीएम ने ग्रामीणों से किया मनोहर संवाद

## गांव के विकास के लिए मुख्यमंत्री ने 2 करोड़ रुपये की दी मंजूरी, मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों का किया आह्वान, ग्राम दर्शन पोर्टल पर गांव के विकास से संबंधित समस्याएं और मांग अपलोड करें

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/कुरुक्षेत्र/दलबीर मलिक**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को अपने कुरुक्षेत्र दौरे के दौरान नलवी गांव में ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को जाना। मुख्यमंत्री ने बड़ी घोषणा करते हुए गांव के 16 विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ रुपये की राशि को मंजूरी प्रदान की। मुख्यमंत्री ने जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आह्वान किया कि वे ग्राम दर्शन पोर्टल पर गांव के विकास से संबंधित समस्याएं और मांग अपलोड करें। इन मांगों की जानकारी संबंधित विभाग को भेज दी जाएगी और वहां से एस्टीमेट बनकर तैयार किया जाएगा। उन्होंने जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित सरपंचों से भी सीधा संवाद किया और उन द्वारा मौके पर रखी गई विभिन्न जल निकासी, सामुदायिक केंद्र बनाने और अन्य विकास कार्यों की मांगों को मौके पर ही सहमति प्रदान करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि इनका एस्टीमेट बनाकर जल्द से जल्द विकास कार्य शुरू करवाएं। उन्होंने कहा कि



गांव नलवी में गलियों व नालियों के लिए 1 करोड़ रुपए विकास कार्य में लगाए गए हैं। वही चौपाल व अन्य विकास कार्यों के लिए भी 53 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन परिवारों की आय 1 लाख 80 हजार रुपये से नीचे हैं उनके करीब 32 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि नलवी गांव में भी करीब 2024 आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि ई टेंडरिंग से पारदर्शिता आई है और यह सरपंचों के लिए भी बहुत फायदेमंद है।

### सीएम ने तंगौर गांव के सरकारी स्कूल में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**मुख्यमंत्री** ने अपने कुरुक्षेत्र के तीन दिवसीय दौरे के पहले दिन विभिन्न गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान अचानक तंगौर गांव के राजकीय उच्च विद्यालय पहुंचे और स्कूल में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से स्कूल में बच्चों की शिक्षा के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। मनोहर लाल ने स्कूली बच्चों से संवाद भी किया और उन्होंने बच्चों से देशभक्ति के नारे भी लगवाए। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर बच्चे खुश नजर आए। मनोहर लाल ने कहा कि हम सभी का यह कर्तव्य है कि बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ-साथ बाल्य अवस्था से ही उनके मन में राष्ट्र हित की भावना और उत्कृष्ट संस्कारों का रोपण किया जाए। इस मौके पर शाहबाद के विधायक एवं शुगरफेड के चेयरमैन रामकरण काला, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव कृष्ण बेदी, पूर्व सांसद कैलाशो सैनी पूर्व विधायक अनिल इत्यादि भी मौजूद रहे।

**जन कल्याण के लिए हरियाणा सरकार ने शुरू की नई योजनाएं:** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से जन कल्याण के लिए विभिन्न नई योजनाएं शुरू की गई हैं। गांवों को लाल डोरा मुक्त किया गया है। यही नहीं अब लाल डोरे के तहत जो प्रॉपर्टी कार्ड दिए गए थे उन्हें रजिस्ट्री में तब्दील किया जाएगा, ताकि उन्हें आगे अपनी प्रॉपर्टी बेचने में भी कोई दिक्कत न हो और वे ऋण इत्यादि ले सकें। इतना ही नहीं, अब शहरों में भी स्वामित्व योजना के तहत जिन लोगों के पास 20 साल से अधिक समय से नगर निगम या नगर पालिकाओं की दुकानें या कोई प्रॉपर्टी है, उन्हें भी उन का मालिकाना हक देने का प्रावधान किया गया है।

**हरियाणा सरकार का उद्देश्य नागरिकों को स्वाभिमानी बनाना है:** मनोहर लाल ने कहा कि परिवार पहचान पत्र के लागू होने से प्रदेश में साढ़े 12 लाख नए बीपीएल कार्ड बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का एक ही उद्देश्य है कि गरीब का भला कैसे हो। आज के समय में मुफ्त बांटने वाले बहुत लोग आ रहे हैं, लेकिन हरियाणा सरकार का उद्देश्य आमदनी बढ़ाना है, ताकि हर नागरिक स्वाभिमानी बनें। आमदनी बढ़ने से पूरे परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी होगी और आय के स्रोत बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऐसे परिवारों को चिन्हित किया गया है, जिनकी आय 1 लाख रुपये से भी कम है। इनमें से 36 हजार परिवारों को स्व रोजगार के लिए ऋण मुहैया करवाया गया है। इसके अलावा, उनकी स्किलिंग भी करवाई जा रही है ताकि वह किसी भी हुनर में दक्षता हासिल कर सकें। यही नहीं, गत दिवस निजी क्षेत्र में 6 हजार नौकरियों के लिए एचकेआरएनएल पोर्टल के माध्यम से युवाओं को इंटरव्यू के लिए ऑफर भेजे गए हैं।

### मुख्यमंत्री ने गाड़ी रुकवाकर किसानों से की बातचीत

**मुख्यमंत्री** ने जन संवाद कार्यक्रम से पहले रास्ते में गाड़ी रुकवाकर सूरजमुखी की खेती करने वाले किसानों का हाल-चाल जाना और उनकी आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि हम हरियाणा में सूरजमुखी की फसल की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद करते हैं, जिसके चलते किसानों की आय में वृद्धि हुई है। हरियाणा के प्रत्येक अन्नदाता की आय को दोगुना करने के लिए हम निरंतर कार्य कर रहे हैं।

## हरियाणा एक-हरियाणवी एक मेरे लिए केवल नारा नहीं, मेरा संकल्प है: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/कुरुक्षेत्र/दलबीर मलिक**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि स्वास्थ्य-शिक्षा सहित अंत्योदय की भावना से हरियाणा सरकार जनहित पर विशेष ध्यान दे रही है। हरियाणा एक-हरियाणवी एक मेरे लिए केवल नारा नहीं, मेरा संकल्प है और पिछले 8 सालों से इसी मूल मंत्र को लेकर हरियाणा की सेवा कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत तंत्र विकसित किया जा रहा है। पूर्व सरकारों की तुलना में मौजूदा सरकार के साढ़े 8 साल में आधारभूत ढांचागत विकास सहित अन्य जनहितकारी योजनाओं में आमजन को सीधा लाभ दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री सोमवार को कुरुक्षेत्र जिला के अपने तीन दिवसीय जन संवाद कार्यक्रम की श्रृंखला के पहले दिन गांव झांसा में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। गांव में पहुंचने पर मुख्यमंत्री का राज्य मंत्री सरदार संदीप सिंह ने स्वागत किया। मनोहर लाल ने कहा कि गांव झांसा में हाल ही में एक करोड़ रुपये के विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने गांव में 8 लाख रुपये की राशि से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य उपकरण उपलब्ध कराने के साथ ही रेडियोग्राफर की नियुक्ति करने के निर्देश दिए।

**साल 2014 में एमबीबीएस की 750 सीट थी, मौजूदा सरकार में बढ़ी एमबीबीएसी की सीटें: मनोहर लाल ने** कहा कि पूर्व सरकारों के प्रतिनिधि विकास कार्यों का झूठा पुलिंदा जनते के समक्ष रख रहे हैं जबकि वास्तविकता यह है कि साल 2014 तक प्रदेश में एमबीबीएस की 750 ही सीटें उपलब्ध थी जबकि मौजूदा सरकार के साढ़े 8 साल के कार्यकाल में अब तक नए मेडिकल कॉलेज खोलते हुए 1850 एमबीबीएस की सीटें उपलब्ध हो गई हैं। वहीं सभी जिलों में नए मेडिकल कॉलेज के खुलने के साथ ही प्रदेश भर में करीब 3000 एमबीबीएस की सीटें उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ग्रामीण विकास पर फोकस कर रही है और ई टेंडरिंग के माध्यम से पारदर्शी ढंग से विकास कार्य करवाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में इन साढ़े 8 सालों में पूर्व की सरकारों के अधूरे विकास कार्यों को भी पूरा करने का काम किया गया है।
एक करोड़ की राशि से अधिक विकास कार्य हुए अब तक गांव झांसा में: जन संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि करीब 1840 परिवारों की आबादी वाले झांसा गांव में 3452 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये गए हैं और उनमें से अब तक 411 लोगों ने आयुष्मान चिरायु योजना के तहत करीब 71 लाख रुपये की राशि का इलाज मुफ्त करवाया है। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र के तहत 1.80 लाख रुपये की कम आय वालों के स्वत: ही नए राशन कार्ड बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि योग्यता के आधार पर नौकरी लग रही है और.झांसा में अब तक इस सरकार के कार्यकाल में 62 युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। सरकार की ओर से अब 60 साल से अधिक आयु होने पर अपने आप ही पेंशन बन रही है। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत गांव झांसा में 2685 लोगों को विभिन्न विभागीय योजनाओं से जोड़ते हुए स्वरोजगार प्रदान किया है।



## कृषि एवं किसान मंत्री ने किया अंत्योदय मेले का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़/भिवानी**
**हरियाणा के** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत व्यक्तियों के जीवन स्तर का ऊंचा उठाया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य गरीब आदमी को स्वाभिमानी बनाना है। इसी के चलते अंत्योदय मेलों के माध्यम से पात्र लोगों को स्वरोजगार के लिए ऋण सहायता प्रदान की जा रही है। दलाल भिवानी में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना मेले का शुभारंभ करने उपरांत आम लोगों को संबोधित कर रहे थे।
कृषि मंत्री ने निजी तौर पर अंत्योदय मेले में पहुंची गांव कायला निवासी किरण पत्नी संजय कुमार से उनके द्वारा किए जाने वाले स्वरोजगार के बारे में पूछा। कृषि मंत्री किरण को हैल्पडेस्क पर लेकर गए और वहां पर प्री-काउंसलिंग कर रहे कर्मचारियों के माध्यम से उनको जानकारी दिलवाई। उन्होंने काउंसलरों को भी निर्देश दिए कि वे भी मेले में



आने वाले पात्र लोगों को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार की जानकारी दें। कृषि मंत्री ने कहा कि अंत्योदय मेलों का आयोजन गरीब व्यक्तियों के लिए किया जा रहा है। अधिकारी व कर्मचारी एक समाज सेवा मानकर गरीब व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलवाएं। मुख्यमंत्री ने गरीब व्यक्तियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की ठानी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ऋण मुहैया करवाने व स्वरोजगार शुरू करवाने के बाद भी सरकार की इन योजनाओं का लाभ लेने वाले लोगों से समय-समय पर बात करें। दलाल ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे उनके पास आने वाले लोगों को योजनाओं के बारे में सही ढंग से से जानकारी दें। उन्होंने निर्देश दिए कि ऋण सहायता प्रदान करने में किसी प्रकार की देरी ना हो और ऋण देने के बाद काम शुरू करवाने तक संबंधित व्यक्ति की हर संभव मदद करें। उन्होंने बताया कि अंत्योदय योजना के तहत स्वरोजगार करने वालों की संबंधित विभागों द्वारा हर संभव मदद की जाएगी। मेले के प्रथम दिन 307 लोगों को बुलाया गया। 80 से अधिक आवेदन पशुपालन से संबंधित आए। 20 लोगों ने अनुसूचित जाति या वित्त एवं विकास निगम में रोजगार के लिए आवेदन दिए।

## मंत्री संदीप सिंह के पॉलीग्राफ टेस्ट पर फिर मिली तारीख





**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के** जूनियर महिला कोच यौन उत्पीड़न मामले में पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह के पॉलीग्राफ टेस्ट कराए जाने की चंडीगढ़ पुलिस की याचिका पर फिर सुनवाई नहीं हो पाई। मामले की सुनवाई कर रहे जज के ट्रांसफर होने से पुलिस को फिर तारीख मिल गई। अब इस मामले की सुनवाई के लिए 5 मई की डेट तय की गई है। हालांकि महिला कोच के वकील ने कोर्ट से अपील की है कि विधायक और मंत्री के मामले में जल्द सुनवाई के प्रावधान लागू किया जाए। संदीप सिंह को इस मामले में 3 तारीखों में कोर्ट से मोहलत मिल चुकी है। इस मामले की जांच कर रही चंडीगढ़ पुलिस की एसआईटी ने कोर्ट में संदीप सिंह का पॉलीग्राफी टेस्ट कराने के लिए याचिका दायर की है। पुलिस ने याचिका में कहा है कि मामले में सच्चाई का पता लगाने के लिए संदीप सिंह की ब्रेन मैपिंग जरूरी है।

**31 दिसंबर 2022 को दर्ज हुआ केस:** जूनियर महिला कोच की

> 8 जज के ट्रांसफर होने से पुलिस को फिर तारीख मिल गई। अब इस मामले की सुनवाई के लिए 5 मई की डेट तय की गई है

ओर से यौन उत्पीड़न के संबंध में दी गई शिकायत पर 30 दिसंबर 2022 को पूर्व खेल मंत्री एवं पूर्व ओलंपियन और भारतीय हॉकी टीम के कप्तान रहे संदीप सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया था। चंडीगढ़ की सेक्टर-26 थाना पुलिस ने संदीप सिंह के खिलाफ पीछा करने, अवैध रूप से बंधक बनाने, यौन उत्पीड़न और आपराधिक धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया है।

**शारीरिक-मानसिक प्रताड़ना के भी आरोप:** महिला कोच का आरोप है कि मंत्री संदीप ने उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान किया। पहले तो उन्होंने बचने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने परेशान करना जारी रखा। रक्ळ मामले की जांच, चार्जशीट तैयार करने सहित सबूतों को जुटाने में लगी हुई है।

## कोरोना पर केंद्र की हरियाणा को वार्निंग

### वीकली रिपोर्ट में दिल्ली के बाद 9% सैंपल पॉजिटिव; खट्टर सरकार को ध्यान देने को कहा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**कोरोना** संक्रमण को लेकर केंद्र सरकार ने हरियाणा को सेकेंड वॉर्निंग दी है। केंद्र की वीकली रिपोर्ट में दिल्ली के बाद हरियाणा में 9 प्रतिशत सैंपल पॉजिटिव मिले हैं। रिपोर्ट में 22 से 28 अप्रैल के सैंपलों के डेटा को आधार बनाया गया है। केंद्र की ओर से राज्य की सरकार को कहा गया है कि इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। हालांकि मई की शुरूआत होते ही संक्रमण को लेकर हालात सुधरने लगे हैं। 24 घंटे में यहां 5644 सैंपलों की जांच में 320 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। इस कारण से पॉजीटिविटी रेट में 3% से अधिक की गिरावट आई है।

**गुरुग्राम हॉटस्पॉट:** राज्य में कोरोना नए केस मिलने के मामले



में गुरुग्राम सबसे टॉप पर बना हुआ है। 24 घंटे में यहां 113 नए संक्रमित मिले हैं। दूसरे नंबर पर पंचकूला जिला बना हुआ है, यहां 46 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है।

**एक्टिव केस में भी गुरुग्राम टॉप पर:** राज्य में 24 घंटे के दौरान 3807 एक्टिव केस रिकॉर्ड हुए हैं। सबसे ज्यादा एक्टिव केस गुरुग्राम जिले में हैं। यहां 1588 केस रिकॉर्ड किए गए हैं। वहीं रोहतक में 443, फरीदाबाद में 346, पंचकूला में 271 एक्टिव केस दर्ज किए गए हैं। ठीक होने वाले मरीजों की संख्या 455 रही। सबसे ज्यादा 89 मरीज गुरुग्राम में ठीक हुए।

## स्कूल में ढाई सौ बच्चों को पढ़ा रहे दो टीचर, ग्रामीणों ने जड़ा ताला

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
**जिले** के गांव टिब्बी में अध्यापकों की कमी से खफा विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने सोमवार को गांव के राजकीय हाई स्कूल के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। विद्यार्थी और ग्रामीण स्कूल के मेन गेट पर ताला जड़कर बाहर धरने पर बैठ गए और नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शन कर रहे कक्षा नौवीं और दसवीं के विद्यार्थियों ने चेतावनी दी कि जब तक स्कूल में अध्यापकों की कमी पूरी नहीं की जाती, तब तक वह स्कूल में हड़ताल रखेंगे। प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थी नरेश, पवन, सचिन, मनीष, दीक्षा, सुमन आदि ने बताया कि उनके स्कूल में पिछले काफी समय से अध्यापकों की कमी है। 270 विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए सिर्फ दो अध्यापक ही नियमित हैं।

## टायरों की दुकान में आग लगी, व्यक्ति जिंदा जला

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**जिले के** कस्बा आदमपुर में राज सिनेमा मार्केट में बीती रात एक टायर की दुकान में आग लगने से दुकानदार की जिंदा जलने से मौत हो गई। दुकान का पूरा सामान भी जलकर राख हो गया। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। बताया जा रहा है कि दिव्या टायर्स मालिक एडवोकेट भीम सिंह रविवार शाम को अपनी दुकान बंद कर घर चला गया था। देर रात उसे किसी ने फोन करके सूचना दी कि उसकी दुकान में आग लग गई है। भीम सिंह जब दुकान पर पहुंचा तो देखा कि दुकान से धुआं निकल रहा है। उसने शटर खोलने की कोशिश की, लेकिन आग की तपन के कारण शटर गर्म होने की वजह से नही खोल पाया। इस पर भीम सिंह ने पीछे जाकर

> 8 हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया

दुकान का पीछे का गेट खोला तो उसी वक्त दुकान से निकली आग की लपटों ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही जलने से दर्दनाक मौत हो गई। सुबह जैसे ही आदमपुर के लोगों को इस हादसे की सूचना मिली तो आदमपुर में शोक की लहर दौड़ पड़ी। दुकानदार की दर्दनाक मौत पर अनेक संस्थाओं व्यापार मंडल, जय मां दुर्गा सेवा मंडल, आदर्श युवा क्लब, भाविप, शहीद भगत सिंह युवा मंडल सहित सभी राजनीतिक व सामाजिक संस्थाओं के शोक जताते हुए परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है।

## प्रदेश के युवाओं की निजी क्षेत्र में रोजगार की राह आसान

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया करवाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक कदम और बढ़ाया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रविवार की रात हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से संस्थागत तरीके से निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए एचकेआरएनएल एंटरप्राइजेज पोर्टल लॉन्च किया। अभी तक विभिन्न कंपनियों से आई लगभग छह हजार मैनपावर की मांग के अनुरूप आज 12 हजार से अधिक युवाओं को कंपनियों में इंटरव्यू के लिए ऑफर भेजा गया है। इस कार्यक्रम में ऑनलाइन



माध्यम से जुड़े उद्योगपतियों, विभिन्न औद्योगिक संगठनों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उद्योग काफी समय से इस प्रकार की योजना या पहल चाहते थे। आज इस पोर्टल की शुरूआत से उद्योगों को बड़ी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पोर्टल पर उद्योगपति पंजीकरण करा सकते हैं और मैनपावर की मांग भेज सकते हैं। रोजगार योग्य उम्मीदवार भी स्वयं को इस पोर्टल पर पंजीकृत कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि एचकेआरएनएल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को संबंधित उद्योगों की मांग की गई मैनपावर के अनुपात के अनुसार उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा, एचकेआरएनएल कुशल, अर्धकुशल व अकुशल मैनपावर के लिए 12 हजार से 30 हजार रुपये तक विभिन्न वेतन स्लैब में रोजगार प्रदान करने में सक्षम होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने विदेशों में भी युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया करवाने के लिए ओवरसीज प्लेसमेंट सेल बनाया है। पहले वर्ष में लगभग एक लाख युवाओं को विदेश भेजने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मनोहर लाल ने कहा कि आउटसोर्सिंग पॉलिसी-1 के तहत सेवा प्रदाताओं द्वारा कर्मचारियों के शोषण की शिकायतें प्राप्त हो रही थी और इसलिए सरकार ने कौशल रोजगार निगम का गठन करने किया है। अब आउटर्सोसिंग पॉलिसी-1 के तहत सभी अनुबंध कर्मचारियों की नियुक्ति इस निगम के माध्यम से हो रही है। निगम के पास बड़ी संख्या में स्किल्ड, सेमी स्किल्ड और अनस्किल्ड युवाओं का डाटा उपलब्ध है। इसी कड़ी में युवाओं को निजी क्षेत्र में उसकी रूचि और उद्योगों की जरूरत के अनुरूप मैनपावर उपलब्ध करवाने का फैसला लिया है।

## सूर्या ने बिजली की बचत करने वाले बीईई मानक सीलिंग पंखे लॉन्च किए

" **बीईई** मानकों के तहत कंपनी ने सीलिंग पंखे की श्रेणी में ऊर्जा कुशल मॉडल पेश किया है। ऊर्जा कुशल पंखे की रेंज विशेष रूप से कम बिजली खपत पर काम करने के लिए डिजाइन की गई है जो उपभोक्ताओं को बिजली की लागत घटाने में मदद करती है और ऊर्जा संरक्षण में मदद करती हैं" दिल्ली मई- सूर्या रोशनी लाइटिंग, पंखे, घेरलू उपकरण, स्टील पाइप और पीवीसी पाइप के लिए भारत में सबसे सम्मानित और भरोसेमंद ब्रांडों में से एक, अपने ग्राहकों के जीवन को सरल बनाने के लिए अपने अनुभव, तकनीक और नवाचार का उपयोग निरंतर कर रही है। कम्पनी द्वारा लॉन्च किए गए नए, उच्च ऊर्जा कुशल ब्लेज एचएस



स्टार 48 और एचपीएलवी सीलिंग पंखे को खरोंच प्रतिरोध, सुचारू संचालन और हवा को ज्यादा फैलाने के लिए डबल बॉल बेयरिंग एव बेहतर पेंट फिनिश का उपयोग करके खास रूप से डिजाइन किया गया है। उच्च-ऊर्जा कुशल तकनीक एवं कम वोल्टेज पर कुशलता से संचालित करने के लिए एक मजबूत मोटर प्रदान करती है, जो नई तकनीक से कम आवाज और 52 वाट बिजली की खपत के साथ 215 सीएमएम की उच्च वायु वितरण ओर बेहतर गति जैसे कई लाभ एक साथ प्रदान करती है।
सूर्या की ऊर्जा दक्षता और ज्यादा हवा फेंकने वाले सीलिंग पेंखे की रेंज, वोल्टेज के उतार-चढ़ाव के दौरान भी कोने-कोने में आरामदायक हवा देती है, जिससे हर समय मन की शांति सुनिश्चित होती है। 50 वर्षों की विरासत के साथ सूर्या रोशनी, 1-5-स्टार बीईई रेटिंग में ऊर्जा कुशल सीलिंग पंखों की एक नए युग की विविधता के साथ अच्छी तरह से तैयार है।

# भुगतान को लेकर शुगर मिल में भाकियू का प्रदर्शन आज

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय किसान यूनियन के तत्वावधान में मासिक किसान पंचायत का आयोजन अर्जुन नगर स्थित किसान भवन में जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुम्मन की अध्यक्षता में किया गया। किसान पंचायत में प्रदेश सरकार की ओर से चालू पिराई गन्ना सीजन 2022-23 के गन्ने मूल्य के बकाया का ब्याज सहित भुगतान किए जाने की चर्चा की गई। किसानों ने कहा कि सरकार निर्धारित समय के अनुरूप गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं कर पाई है। इसलिए गन्ना उत्पादक किसानों को 15 प्रतिशत की ब्याज दर के हिसाब से भुगतान किया जाए। भुगतान के मुद्दे को लेकर गत 28 अप्रैल को पानीपत किसान भवन में प्रदेश अध्यक्ष रतनमान की अध्यक्षता में आयोजित की गई प्रदेश स्तरीय किसान पंचायत में प्रदेशभर की शुगर मिलों में प्रदर्शन करके ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। इसी अनुरूप 2 मई को करनाल सहकारी मिल में प्रदर्शन करके एमडी को 11 बजे मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।
किसान पंचायत में शामिल भाकियू कार्यकताओं ने जोरदार नारेबाजी कर अपनी आवाज को बुलंद किया।



किसानों ने एक स्वर में सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार गन्ने के भुगतान को सही समय पर न करके किसानों को परेशान कर रही है। इस वक्त बच्चों के दाखिले करवाने, बाजार की देनदारियों के साथ-साथ सरकारी व साहुकारों के ब्याज सहित कर्ज व बिजली बिलों आदि के भुगतान करने का भारी दबाव है, जबकि गन्ने की फसल साल भर की खेती है। इसके अलावा बकाया भुगतान पर ब्याज न देकर किसानों के हक पर ड़ाका ड़ाला जा रहा है।
जिलाध्यक्ष सुरेंद्र घुम्मन ने कहा कि अगर शुगर मील गन्ने का 14 दिनों तक भुगतान करने में विफल रहती है, तो 15 प्रतिशत की ब्याज दर पर भुगतान करने के कानूनी तौर पर बाध्य है। उन्होंने कहा कि यमुनानगर की सरस्वती शुगर मील की ओर से लगभग 8 से 10 दिन की अवधि के अंदर भुगतान किया जा रहा है। बाकि मीलों द्वारा किसानों की करोडों रूपए की ब्याज की राशि को चुपचाप तरीके से डकारा जा रहा।
इस अवसर पर प्रदेश सरंक्षक प्रेमचंद शाहपुर, उत्तरी हरियाणा प्रभारी महताब कादियान, प्रवक्ता सुरेंद्र सागवान, चेयरमेन यशपाल राणा, किसान नेता नेकी राम डबकोली, प्रचार मंत्री सतबीर मढ़ान, महेंद्र मढाण, अंग्रेज लाठर, राजकुमार नौतना, जोगिंद्र सागवान, वेदपाल, राम सिंह सहित काफी संख्या में किसान मौजूद थे।
**मजदूर दिवस मनाया:** किसान भवन आयोजित किसान पंचायत में मई दिवस के अवसर पर मजदूर दिवस मनाया गया। इस मौके पर किसान नेताओं ने कहा कि किसान ओर मजदूर एक गाड़ी के पहिए के रूप में देश को आगे बढ़ाने में एक बड़ा योगदान है। किसानों ने मजदूर दिवस पर मजदूर भाईयों को शुभकानाएं दी।
**जंतर-मंतर पर खिलाडि?ं के आंदोलन किया सर्मथन में 4 मई को दिल्ली करेंगे कूच:** जंतर मंतर पर कई दिनों से अपनी मांगों को लेकर चल रहे खिलाडि?ं के आंदोलन का किसान पंचायत में जोरदार सर्मथन किया गया। एक प्रस्ताव पास करते हुए निर्णय लिया गया कि अगर केंद्र सरकार ने खिलाडि?ं की मांगों को नहीं माना तो उनके सर्मथन के लिए आने वाली 4 मई को भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान की अगुवाई में रेलों द्वारा जंतर मंतर की ओर कूच किया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### कैथल के अदित ने जेईई मेंस में हासिल किया 130वा रैंक



**कैथल।** इंजीनियर बनकर देश की सेवा करने की इच्छा रखने वाले कैथल के अदित जिंदल ने जेईई मेंस में शहर में टॉप करते हुए 130 वां रैंक हासिल किया है। आकाश बायजूस के इस छात्र ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन्स में ओवरऑल 99.99 परसेंटाइल हासिल किया। उसने फिजिक्स में 100 पर्सेंटाइल भी हासिल किए हैं। अदित का कहना है कि वह इंजीनियर बनकर देश के विकास में अपना योगदान देना चाहता है। इसके लिए उसने अपना लक्ष्य साधना शुरू कर दिया है और आगे की तैयारी शुरू कर दी है। उसकी उपलब्धि पर संस्थान व परिजन खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। पिता बलविंदर वह माता कविता जिंदल दोनों ही पेशे से डॉक्टर हैं। अदित को परिवार से इंजीनियर बनकर देश सेवा के लिए प्रोत्साहित किया गया। उसने बताया कि उसने इस उपलब्धि तक पहुंचने के लिए कोचिंग के अलावा रोजाना 6 से 7 घंटे पढ़ाई की। आगे भी वह इसी लगन व मेहनत से अपना मुकाम हासिल करेगा। उसे अपने कोचिंग स्टाफ व परिवार वालों से काफी प्रोत्साहन मिला। परमेश्वर झा, आकाश बायजूस ने कहा हम अदित को उनके अनुकरणीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं। शीर्ष पर्सेंटाइल स्कोरर के रूप में उनकी उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के बारे में बताती है।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं.: 9896772006)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं.: 9466035040)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं.: 98962 76156)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं.: 94668 87896)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं.: 9991270143)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं.: 98117 14343)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं.: 9671232478)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर मलिक**
(मो. नं.: 94162 71181)

## 4 मई को होगा भाजपा के नये कार्यालय कर्ण कमल का उद्घाटन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** 4 मई बृहस्पतिवार को सुबह 8 बजे सैक्टर 9 स्थित कृष्ण कृपा मंदिर के नजदीक भाजपा के नये कार्यालय कर्ण कमल का उद्घाटन होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अतिरिक्त भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड, प्रदेश संगठन मंत्री रविंद्र राजू, प्रदेश महामंत्री एडवोकेट वेदपाल, घरोंडा विधायक हरविंदर कल्याण, मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला, महापौर रेणू बाला गुप्ता सहित अन्य प्रदेश के वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। इस उद्घाटन समारोह को भव्य रूप प्रदान करने हेतु व्यवस्था की दृष्टि से भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नये कार्यालय के उद्घाटन के लिए डयूटी निर्धारित की गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा के अतिरिक्त जिला उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर, संजय राणा, सुमेर चंद्र काम्बोज, जिला महामंत्री राजबीर शर्मा, सुनील गोयल, सचिव मेघा भंडारी, मंजू खैंची, जोगेंद्र वाल्मीकि, महिपाल, कोषाध्यक्ष बृज गुप्ता, जिला मीडिया प्रमुख डा. अशोक कुमार सहित जिला के सभी मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री एवं अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कुंजपरा खंड में चौथे चरण का मेला हुआ आयोजित

### गरीब लोगों ने पात्रता अनुसार विभिन्न स्कीमों का चयन कर उठाया लाभ : डॉ. वैशाली शर्मा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**अतिरिक्त** उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि गरीब लोगों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत कुंजपुरा खंड में चौथे चरण का मेला आयोजित किया गया। जोकि गरीब लोगों के लिए काफी कारगर साबित रहा। खंड में आयोजित एक दिवसीय मेले में 55 स्कीमों का लाभ देने के लिए विभिन्न विभागों की स्टॉल लगाई गई थी। मेले में सैंकड़ों गरीब लोगों की उपस्थिति दर्ज हुई।
एडीसी ने बताया कि कुंजपुरा में आयोजित अंत्योदय मेले के सफल आयोजन को लेकर प्रशासन की ओर से गत 13 से 25 अप्रैल तक प्री मेला काउंसलिंग की गई। उन्होंने कहा कि सरकार ने 1.80 लाख रुपये से नीचे वार्षिक आय वालों की परिवार पहचान पत्र के आधार पर



उन्हें विभिन्न स्कीमों का लाभ देने के लिए जो अनूठी पहल की है, इससे निसंदेह ऐसे परिवारों की आमदनी में इजाफा होगा और वे स्वरोजगार से जुड़ सकेंगे। मेले में विभन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों पर ज्यादातर लोग रोजगार, स्किल डेव्लेपमेंट तथा स्वरोजगार हेतु ऋण लेने के लिए लोग काफी उत्साहित नजर आए। स्टॉलों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा पात्र व्यक्ति को विभिन्न विभागों की 55 स्कीमों में किसी न किसी स्कीम से लाभान्वित किया गया। उन्होंने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए मेले के प्रवेश द्वार पर ही हैल्प डैस्क बनाए गए थे जिन पर कर्मचारियों द्वारा लोगों का न केवल पंजीकरण किया जा रहा था बल्कि पात्र व्यक्ति का सही मार्गदर्शन करते हुए संबंधित विभाग की स्टॉल तक भेजने का काम किया गया। अंत्योदय मेले में बैंकर्स का स्टॉल भी लगाया गया था ताकि लोगों का मौके पर ही पात्रता के अनुसार लोन स्वीकृत हो सके। 2 व 3 मई को बीडीपीओ कार्यालय तथा नगरपालिका क्षेत्रवासियों के लिए 4 मई को वार्ड नम्बर 16 के सामुदायिक केन्द्र में आयोजित होगा अंत्योदय मेला एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि घरौंडा खंड क्षेत्रवासियों के लिए 2 व 3 मई को बीडीपीओ कार्यालय में अंत्योदय मेले का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार नगरपालिका क्षेत्रवासियों के लिए 4 मई को वार्ड नम्बर 16 के सामुदायिक केन्द्र में अंत्योदय मेला आयोजित होगा। पात्र व्यक्ति इन मेलों में पहुंचकर 18 विभागों की करीब 55 स्कीमों में से किसी न किसी एक योजना का लाभ उठाकर अपने आर्थिक स्तर में सुधार करें।

## विजय जैन एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संस्थापक नरेंद्र अरोड़ा ने टीम का विस्तार करते हुए हरियाणा प्रदेश के विख्यात उधमी विजय जैन को हरियाणा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया। संस्थापक नरेंद्र अरोड़ा एवं राष्ट्रीय महासचिव पवन शर्मा ने विजय जैन को तिरंगा वस्त्र ओढ़ाकर एवं नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहते हुए भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। विजय जैन ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगे और



ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेंगे। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है।
संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है।

## राजीवपुरम में एक दुकान पर सीएम फ्लाइंग ने मारा छापा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**स्थानीय** राजीवपुरम में चल रहे गैस सिलेंडर की कालाबाजारी के खेल का ब्सीएम फ्लाइंग ने भंडाफोड़ किया है। सोमवार को खाद्य आपूर्ति विभाग और सीएम फ्लाइंग की संयुक्त टीम ने राजीवपुरम में बनी एक अवैध सिलेंडर की दुकान पर छापामारी की। दुकान में अवैध रूप से सिलेंडरों में गैस भरी जा रही थी। टीम ने यहां से करीब 24 गैस सिलेंडर जब्त किए हैं।
सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि करनाल के राजीवपुरम में एक अवैध गैस सिलेंडरों की दुकान में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी का खेल चल रहा है।

## करनाल के प्रेमी जोड़े की मथुरा में मौत



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**करनाल** के रहने वाले युवक-युवती के शव उत्तर प्रदेश के मथुरा में रेलवे ट्रैक के पास बरामद हुए हैं। दोनों पिछले लगभग 4 दिनों से घर से लापता थे। पोस्टमार्टम के बाद युवक के शव को करनाल लाया गया। यहां परिजनों ने लडकी के घर वालों पर हत्या का आरोप लगाया।
मृतक की पहचान उत्तम कॉलोनी के रहने वाला 19 वर्षीय विवेक के रूप में हुई है। उसका घर के पास में ही नाना के यहां रह रही युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। फिलहाल युवती जगाधरी गई हुई थी। विवेक के परिजनों का कहना है कि उन्होंने उससे युवती के बारे में बातचीत भी की थी, लेकिन उसने यही बताया था कि वह सिर्फ पढ़ाई के सिलसिले में उससे बात करता है। उसका किसी तरह का कोई भी प्रेम प्रसंग नहीं है। परिजनों ने बताया कि 27 अप्रैल को विवेक घर से कहीं चला गया। शाम को युवती भी जगाधरी से लापता हो गई। इसी बीच लडकी के घर वालों ने उनके परिवार को धमकी दी कि यदि विवेक कहीं मिल गया तो उसके जान से मार देंगे। बाद में यह तय हुआ कि दोनों परिवार उनको मिलकर ढूंढेंगे। किसी तरह की पुलिस को शिकायत नहीं दी जाएगी।
जांच में पता चला कि पहले विवेक अंबाला गया था। युवती भी जगाधरी से अंबाला आई। अंबाला से दोनों ऋषिकेश चले गए। वहां पर दोनों ने शादी की है। 29 अप्रैल को दोनों मथुरा आ गए।

## मजूदर दिवस पर मांगों को लेकर मजदूरों ने किया प्रदर्शन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
सीएम सिटी में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर मांगों को लेकर मजदूर सडकों पर उतरे। उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उनका प्रदर्शन फव्वारा पार्क से शुरू हुआ और मटका चौक पर खत्म हुआ। प्रदर्शन में भारी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई, जिन्होंने सरकार की नीयत और नीति पर सवाल उठाए। प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण शर्मा ने कहा कि आज पूरे विश्व मजदूर दिवस मनाया जा रहा है। मजदूरों के लिए यह दिन किसी बड़े त्योहार से कम नहीं होता, लेकिन त्योहार वाले दिन ही मजदूर अपनी मांगों को लेकर सडकों पर है और सरकार के



खिलाफ नाराजगी जता रहे है तो इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मजदूर सरकार से कितने परेशान हो चुके हैं।
कई सालों से मजदूर अपनी मांगों को लेकर आवाज उठा रहे हैं। सरकार ने मजदूरों की मांगों को जायज भी ठहराया है, लेकिन उन्हें लागू नहीं किया। बार-बार सिर्फ आश्वासन मिलते हैं, लेकिन आश्वासन कभी पूरे नहीं होते। साल 1923 से मजदूर दिवस लागू किया गया था, लेकिन लगभग 100 वर्ष बाद भी मजदूरों के हालात जैसे पहले थे वैसे ही आज भी हैं। कुछ सुधार नहीं हुआ। मजदूरों को लेकर राजनीति तो कई गई, लेकिन राजनीति करने वाले तथाकथित नेताओं ने कभी मजदूरों की भलाई का काम नहीं किया। महिला नेता रजनेश राणा ने कहा कि मजदूरों ने अपने हकों की लड़ाई लड़ी और कानून भी बनवाए, लेकिन आज उन हकों पर ही कुठाराघात हो रहा है। चाहे मजदूर हो, किसान हो, कर्मचारी हो, उसका शोषण होता आया है। मेहनताना भी मजदूरों और कर्मचारियों को समय पर नहीं मिलता। मजदूर नेताओं का कहना है कि मजदूर हर परिस्थिति में अपने पेट के लिए काम करता है, लेकिन जो सुविधाएं मजदूरों को मिलनी चाहिए।

## तलाक कराने के नाम पर हड़पे 13 लाख

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
करनाल में वकील ने एक व्यक्ति को तलाक कराने की एवज में साढ़े 13 लाख रुपए हड़प लिए। इतना ही नहीं, वकील ने उसे कोर्ट का फर्जी फैसला थमा दिया। कनाडा में दूसरे वकील से जांच कराने पर मामले का पता चला। अब व्यक्ति के चाचा की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। गांव बलड़ी पार्ट-4 के रहने वाले अमरजीत सिंह संधू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसके भतीजे गुरभेज सिंह की शादी मीनू के साथ 11 अगस्त 2017 को सिख रीति रिवाज से हुई थी। गुरभेज 2018 में विदेश चला गया था। लेकिन उसकी पत्नी मीनू ने विदेश जाने से मना कर दिया। बाद में दोनों परिवारों ने 2019 में पंचायत से फैसला कराकर मीनू को 6 लाख रुपए दे दिए और तलाक की कार्रवाई शुरू करा दी। सितंबर 2019 को उन्होंने कोर्ट में तलाक का केस फाइल कर दिया। इस दौरान वकील ने अलग-अलग बहाने बनाकर उससे पैसे मांगता रहा। वह उन्हें भरोसा दिलाता रहा कि वह जल्द ही कोर्ट से केस का फैसला करवा देगा। साथ ही कोर्ट के फैसले की कॉपी को विदेश भेज देगा। मार्च 2020 में कोरोना की वजह से लगे लॉकडाउन के चलते कोर्ट की कार्रवाई रुक गई।

## एसजेपी ने गिरफ्तार की मांग को लेकर फूंका बृजभूषण का पुतला

**पानीपत, 1 मई/टीम एक्शन इंडिया। सर्वजातीय** जन पंचायत के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सोमवार को खिलाड़ियों के समर्थन में भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष एवं भाजपा सांसद बृजभूषण शरण की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और जिला सचिवालय के सामने पुल के नीचे पुतला फूंका गया। एसजेपी के कार्यकर्ता आर्य कालेज के पास एकत्रित हुए और आर्य कालेज से लेकर जिला सचिवालय तक सांसद बृजभूषण शरण के पुतले की शव यात्रा निकाली गई। पंचायत के अध्यक्ष सुरेंद्र अहलावत ने कहा कि देश के इतिहास में बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने



वाले विश्व पदक विजेता खिलाडि?ं को सडक पर बैठक कर धरना देना पड़ रहा हैं। उससे भी ज्यादा दुख की बात है कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली मोदी सरकार ही यौन शोषण के आरोपी सांसद बृजभूषण शरण को बचाने में लगी हुई है।
अहलावत ने कहा कि एसजेपी मोदी सरकार से मांग करती है कि जल्द ही आरोपी बृजभूषण को गिरफ्तार किया जाये नहीं तो देश की जनता सडक पर उतरने पर मजबूर होगी। उन्होंने कहा कि सर्वजातीय जन पंचायत खुलकर कुश्ती पहलवानों का समर्थन करती है और जल्द ही एसजेपी का एक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली धरने पर समर्थन देने के लिये भी जाएगा।
इस अवसर पर एसजेपी के संयोजक डॉ. नरेंद्र जेसिया, उपाध्यक्ष जितेंद्र जुनेजा, प्रधान महासचिव सुधीर जाखड़, अजय सिंगला एडवोकेट, जिला पार्षद प्रतिनिधि जसबीर जस्सा सिवाह, पूर्व पार्षद रामरत्तन अग्रवाल, पूर्व पार्षद सुरेंद्र गर्ग, जिला सचिव यशपाल पंवार, मनीष टुर्ण, भीम सिंह मराठा, राम सिंह कुंडू, संदीप धर्मगढ़, अंग्रेज मलिक कुटानी, नदीम गुर्जर, देवेंद्र जाटल, राजू मलिक, मोहित बड़ौली व राजेंद्र दहिया आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

# 'मन की बात' यूं ही नहीं बनी जन-जन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दुनिया के सबसे अग्रणी नेताओं में सर्वाधिक लोकप्रिय और प्रतिष्ठित हैं। उन्होंने अपनी कार्यशैली और अनूठी पहल से वैश्विक राजनीतिक मंच पर अलग पहचान स्थापित की है। प्रधानमंत्री ने भारतीय राजनीति में अनेक दूरगामी कठोर निर्णयों के साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक नवाचार के विविध आयोजनों में सदैव लीक से हटकर कुछ न कुछ नया करने का प्रयास किया है। अनेक अवसरों पर अपने निर्णयों से सहयोगियों के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों को न केवल चौंकाया, बल्कि आश्चर्यचकित किया है। प्रधानमंत्री की अग्रगामी सोच और अनूठी पहल का उत्कृष्ट उदाहरण है, उनका मासिक रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्न। यह उनकी कार्यशैली को लेकर अलग प्रतिमान स्थापित करता है। आज 'मन की बात' रेडियो-टेलीविजन के माध्यम से सुना जाने वाला सर्वाधिक लोकप्रिय कार्यक्रम है। इससे नियमित जुड़ने वालों श्रोताओं और दर्शकों की संख्या लगभग 25 करोड़ है। ताजा सर्वे बताते हैं कि 'मन की बात' को आरंभ होने से अब तक एक अरब से अधिक लोग सुन चुके हैं। भारत के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र, जहां टेलीविजन जैसे माध्यम की पहुंच पूरी तरह नहीं है, तक रेडियो के माध्यम से सुना जानेवाला यह कार्यक्रम देश को एक सूत्र में जोड़ने वाला प्रमाणित हुआ है। कोई भी देश तभी तरक्की कर सकता है जब उस देश की जनता अपनी बात को देश के मुखिया तक और देश का मुखिया अपनी बात जनता तक पहुंचा पाये । इससे देश की जनता में अपने मुखिया के लिए विश्वास पनपता है और देश के मुखिया को भी पता चलता है कि आखिर जनता की क्या अपेक्षाएं हैं। फिर पूरे जोश के साथ देश के विकास से जुड़े कार्यों में भागीदारी होती है और देश विकास की राह में अग्रसर होता है। इसी तरह के प्रयास का नाम है- 'मन की बात'। कोई आश्चर्य नहीं कि 'मन की बात' अब 'जन की बात' से भी आगे बढ़कर 'जन-जन की बात' बनता जा रहा है। नरेन्द्र मोदी ने मई 2014 में प्रधानमंत्री बनने के कुछ महीनों बाद ही 'मन की बात' श्रृंखला शुरू की थी। 03 अक्तूबर, 2014 को इसके पहले एपिसोड का प्रसारण हुआ। तब से यह निरंतर जारी है। इसमें प्रधानमंत्री ने राजनीतिक कार्यक्षेत्र से अलग हटकर भारतीय समाज के कुछ उल्लेखनीय और महत्वपूर्ण लोगों से संवाद स्थापित किया। हजारों ऐसे लोगों से बात की जो नाम और प्रसिद्धि की चकाचौंध से दूर रहकर चुपचाप कुछ नया और असाधारण कार्य कर रहे हैं। ऐसी अनेक गुमनाम प्रतिभाएं 'मन की बात' के माध्यम से प्रकाश में आईं, जिनके संबंध में पहले अधिकतर लोगों को कुछ अधिक नहीं मालूम था। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सुदूर क्षेत्रों तक अपनी बात पहुंचाना और अपनी पहुंच बनाना था । इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए इस कार्यक्रम को प्रसारित करने का माध्यम रेडियो को बनाया गया। भारत में लगभग 90 प्रतिशत जनसंख्या के पास रेडियो उपलब्ध है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री देश की जनता को किसी एक विषय पर जागरूक कर उन्हें वह कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, जिससे राष्ट्र सही राह पर चलता हुआ तरक्की कर सके। प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 100वां एपिसोड रविवार को प्रसारित हुआ। यह कार्यक्रम जब आरंभ हुआ था, तब अनेक लोगों ( विशेषकर प्रधानमंत्री के राजनीतिक विरोधियों) को समझ में नहीं आया था। लोग रेडियो जैसे माध्यम को कमोबेश महत्वहीन मान रहे थे।

# नक्सलियों के फन को कुचलना होगा

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

"नक्सली हमलों में जिस तरह पुलिस और केंद्रीय बल को निपटना चाहिए उस तरह की कोशिश होती नहीं दिख रही है। नक्सली हमला जब भी होता है तो पूर्व सुनियोजित तरीके से होता है। हमलावरों को पता होता है कि किस वक्त हमला करने से सबसे ज्यादा नुकसान होगा, ऐसे में जरूरी है कि पुलिस और सीआरपीएफ स्थानीय लोगों को अपने साथ ले ताकि ऐसे ऑपरेशंस में सूचना तंत्र और बेहतरी से काम कर सके। निस्संदेह, पुलिस प्रशासन के सामने यह एक बड़ी चुनौती है, जिसका मुकाबला करने के लिये बहुआयामी रणनीति बनाने की जरूरत है। पुलिस व कानून अपना काम करेंगे, लेकिन कोशिश हो कि नक्सलियों का जनाधार कम किया जाये। विकास के मॉडल की विसंगतियों के चलते जिन इलाकों में विकास की रोशनी नहीं पहुंच पायी है, वहां सामाजिक न्याय के अनुकूल वातावरण बने"

**नक्सलियों** ने फिर एक बार देश के जवानों पर हमला किया है। दंतेवाड़ा में हुए हमले में हमारे 10 जवान और एक ड्राइवर शहीद हुए हैं। इससे पहले 4 अप्रैल, 2021 को बीजापुर, सुकमा जिले के बॉर्डर पर नक्सली हमले में 22 जवान शहीद हुए थे। दंतेवाड़ा नक्सली गतिविधियों का मुख्यालय माना जाता है। इतिहास का सबसे भयावह और त्रासद हमला 6 अप्रैल, 2010 को दंतेवाड़ा में ही किया गया था, जिसमें सीआरपीएफ के 76 जांबाज शहीद हो गए थे। अप्रैल और दंतेवाड़ा के नाम हमारी बदकिस्मती और त्रासदी की कई कहानियां दर्ज हैं।
केंद्रीय गृह राज्य मंत्री जी. किशन रेड्डी ने राज्यसभा में कहा 10 फरवरी2021, कि 2015 और 2020 के बीच 2009 से 2014 तक पिछले छह वर्षों में हुई घटनाओं की तुलना में वामपंथी उग्रवाद से संबंधित घटनाओं में 47 प्रतिशत की कमी आई थी, और यह कि नक्सल हिंसा का भौगोलिक प्रसार पूरे 53 जिलों में सीमित हो गया था। 2013 में 10 राज्यों के 76 जिलों की तुलना में 2020 में 9 राज्य। नक्सली आंदोलन और सुरक्षा बलों के टकराव सनातन रहे हैं। हालांकि बीते 12 सालों में लाल आतंकवाद करीब 77 फीसदी कम हुआ है, लेकिन आज भी देश के 70 से अधिक जिलों में नक्सलवाद मौजूद और सक्रिय है। यह आंकड़ा कम नहीं है। मौजूदा हमला हमारी रणनीति की नाकामी भी है, क्योंकि फर्जी सूचनाएं मिलती रही हैं, लिहाजा सुरक्षा बलों के ऑपरेशन किए जाते रहे हैं। ऐसे ही ऑपरेशनों के दौरान हमारे जवान नक्सली साजिश का शिकार होते रहे हैं। बड़ा सवाल यह है कि बारूदी सुरंग बिछाने या विस्फोटक लगाने का जवाब हम आज तक क्यों नहीं दे पाए हैं। ये साजिशें जारी रही हैं। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ। लीड मिली थी कि दंतेवाड़ा में नक्सलियों का एक बड़ा नेता मौजूद है। करीब 250 जवानों के दस्तों का ऑपरेशन शुरू किया गया, लेकिन तीन दिनों की गहन तलाशी के बावजूद कोई भी नक्सली नहीं मिला, तो डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के जवान लौट रहे थे। उसी दौरान नक्सलियों ने आईईडी से विस्फोट किया। बताते हैं कि 40 किलोग्राम से ज्यादा विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया, जिससे मुख्य सडक पर ही 15 फुट चैड़ा और 7 फुट गहरा गड्ढा हो गया। विस्फोट इतना ताकतवर था



कि वाहन का चेसिस और पहिया 50 मीटर दूर पड़े थे। गाड़ी के परखच्चे उड़ गए थे और शहीद जवानों के हथियार टूट-फूट गए थे। नक्सलवाद को खत्म करने की रणनीतियां भारत सरकार के स्तर पर बनती रही हैं। कभी सेना को भेजने का विचार आता रहा है, लेकिन नक्सली घने जंगलों में अड्डे बनाकर रहते हैं, जहां बीते 50 सालों के दौरान कोई भी सरकारी अफसर या सुरक्षा बल के जवान नहीं घुस सके हैं। वहां का भूगोल तक हमारी सरकारें नहीं जान पाई हैं, तो गुरिल्ला लड़ाई से मुकाबला कैसे संभव है? नक्सलियों पर सर्जिकल स्ट्राइक का मुद्दा भी उठा है, लेकिन ऐसे पलटवार हमले में मासूम लोग, बच्चे, बूढ़े और महिलाएं भी मारे जा सकते हैं। नतीजतन वह मानवाधिकार और राजनीतिक चीखा-चिल्ली का बड़ा मुद्दा बन सकता है। तो फिर सवाल है कि लाल आतंकवाद कब तक जारी रहेगा? हालांकि औसतन 400 नक्सली हर साल आत्म-समर्पण कर रहे हैं। यह खुलासा बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक पी. सुंदरराज ने किया है। इस तरह नक्सली मुख्यधारा में आ रहे हैं और लाल आतंकवाद के खिलाफ रणनीति तय करने में भी असरदार साबित हो रहे हैं, लेकिन किसानों को न्याय और जमीन मुहैया कराने के जुमलों से शुरू किया गया नक्सली आंदोलन आज हत्यारा आतंकवाद बनकर रह गया है। क्या उसके समूल विनाश की कोई कारगर रणनीति हम नहीं बना सकते? यह चुनौती भी सामने है। हम नक्सली या माओवादी आतंकियों के मंसूबे पूरे होते नहीं देख सकते, क्योंकि उनका संसदीय लोकतंत्र में भरोसा ही नहीं है। नक्सली सिर्फ जंगल तक ही सीमित नहीं हैं, उनके आर्थिक मंसूबे भी व्यापक और देशविरोधी हैं।बहरहाल, दंतेवाड़ा में हुए इस हालिया हमले से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर मंथन किये जाने की जरूरत है। यह भी कि नक्सल प्रभावित इलाकों में किसी ऑपरेशन को चलाये जाने से पहले अभियान के तमाम सुरक्षा मानकों का पूरी तरह से पालन किया जाये। जिससे अपने जवानों की क्षति को रोका जा सके। साथ ही खुफिया तंत्र को मुस्तैद बनाने और स्थानीय पुलिस बल के साथ बेहतर तालमेल करने की भी जरूरत है। तभी जवान ऐसे अभियानों में ऊंचे मनोबल के साथ लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। जाहिर है यह केंद्र व राज्य सरकारों के साथ बेहतर तालमेल से ही संभव होगा। यदि राजनीतिक कारणों से राज्यों की सरकारें अपेक्षित सहयोग नहीं करती हैं तो उनके लिये भी कानून-व्यवस्था का संकट देर-सवेर पैदा होगा ही। निस्संदेह, ये नक्सली न केवल राज्यों की कानून-व्यवस्था को ताक पर रख रहे हैं बल्कि देश की आंतरिक सुरक्षा के लिये भी खतरा बन रहे हैं। रिजर्व फोर्स के दस जवानों की मौत इस बात की जरूरत भी बताती है कि उन्हें केंद्रीय सुरक्षा बलों की रणनीति व आधुनिक हथियार तथा उपकरणों के जरिये सुरक्षा कवच प्रदान किया जाना चाहिए। यह जरूरत तब अपरिहार्य हो जाती है जब नक्सली आधुनिक हथियारों व तकनीक का इस्तेमाल कर सुरक्षा बलों के जीवन पर भारी पड़ रहे हैं। इसके साथ ही स्थानीय लोगों को विश्वास में लेकर नक्सलियों की निगरानी की भी कोशिश होनी चाहिए। निस्संदेह, भौगोलिक रूप से जटिल इलाके नक्सलियों की गतिविधियों के लिये स्वर्ग बने हुए हैं, लेकिन ड्रोन व अत्याधुनिक सूचना तंत्र के जरिये सटीक निगरानी के लिये तंत्र बनाये जाने की भी सख्त जरूरत है। यूं तो हर हादसा कुछ जख्म देने के साथ कुछ सबक भी दे जाता है। ऐसे में सुरक्षा व निगरानी में हुई चूक की जवाबदेही भी तय की जानी चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को टाला जा सके। यह भी सुनिश्चित किये जाने की जरूरत है कि नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा मानकों के पालन में किसी तरह की कोताही भविष्य में न हो।
नक्सली हमलों में जिस तरह पुलिस और केंद्रीय बल को निपटना चाहिए उस तरह की कोशिश होती नहीं दिख रही है। नक्सली हमला जब भी होता है तो पूर्व सुनियोजित तरीके से होता है। हमलावरों को पता होता है कि किस वक्त हमला करने से सबसे ज्यादा नुकसान होगा, ऐसे में जरूरी है कि पुलिस और सीआरपीएफ स्थानीय लोगों को अपने साथ ले ताकि ऐसे ऑपरेशंस में सूचना तंत्र और बेहतरी से काम कर सके। निस्संदेह, पुलिस प्रशासन के सामने यह एक बड़ी चुनौती है, जिसका मुकाबला करने के लिये बहुआयामी रणनीति बनाने की जरूरत है। पुलिस व कानून अपना काम करेंगे, लेकिन कोशिश हो कि नक्सलियों का जनाधार कम किया जाये। विकास के मॉडल की विसंगतियों के चलते जिन इलाकों में विकास की रोशनी नहीं पहुंच पायी है, वहां सामाजिक न्याय के अनुकूल वातावरण बने। लोगों को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने के लिये अतिरिक्त प्रयास करने की जरूरत है। जिससे स्थानीय लोग नक्सलियों के प्रवाह व दबाव से मुक्त हो सकें। लोगों को समझाना होगा कि लोकतंत्र में गनतंत्र की कोई जगह नहीं है। ऐसा माहौल बनाया जाये कि हमारे समाज के भटके लोगों से संवाद की कोशिश को तार्किकता दी जा सके। अन्यथा यह हिंसा व प्रतिहिंसा का सिलसिला अनवरत जारी रहेगा। जाहिर है समस्या के समाधान के लिये राजनेताओं में भी दृढ़ इच्छाशक्ति की जरूरत है। तभी दशकों पुराने इस नासूर का रिसना बंद हो सकेगा।

## कविता

तेरी दुआयें ही मेरी कमाई है।
तेरे कदमों से बरकत आई है।
तुझसे ही मैंने जीवन है पाया।
तुझसे ही सारी खुशियां पाई है।
तेरे कदमों की धूल जो मिल गई।
दुनिया मेरी तो फूल सी खिल गई।
तेरे कदमों के निशानों पर चलकर।
मैंने ये खूबसूरत मंजिल पाई है।
तूने जब जब मुझे हँसके गले लगाया।
तब तब मैंने खुदा को खुद में पाया।
जब तूने हँसकर मेरे सर पे हाथ फेरा।
तब तब मेरे जीवन का हुआ नया सवेरा।
माँ मेरी कभी ना तू मुझसे रूठना।
खफा ना होना चाहे जी भरके कूटना।
तेरे आँचल की छाया में ही मैंने तो।
चाँद जैसी ठंडी शीतलता पाई है।
मेरा जीवन हो बस तेरे कदमों तले।
तेरी ही छाया में जीवन की शाम ढले।
हर अच्छी बुरी सीख मैने तुझसे पाई है।
मैं कोरा कागज हूँ माँ तू मेरी रोशनाई है।

आरती त्रिपाठी

## मजदूर दिवस मनाने की सार्थकता

**अशोक भाटिया**

**1 मई** को दुनिया भर में मजदूर दिवस मनाया गया । इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस और मई दिवस के रूप में भी जाना जाता है। भारत में मजदूर दिवस का पहला उत्सव 1 मई, 1923 को लेबर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान द्वारा मद्रास (अंब चेन्नई) में आयोजित किया गया था। मजदूर दिवस 4 मई, 1886 को शिकागो में हेमार्केट अफेयर (हेमार्केट नरसंहार) की घटनाओं को मनाने के लिए मनाया जाता है। यह एक बड़ी घटना थी क्योंकि कर्मचारी अपने आठ घंटे के कार्यदिवस के लिए आम हड़ताल पर थे और पुलिस आम जनता को भीड़ से तितर-बितर करने का अपना काम कर रही थी। अचानक भीड़ पर बम फेंका गया और पुलिस ने कार्यकताओं पर फायरिंग शुरू कर दी और चार प्रदर्शनकारी मारे गए। श्रमिकों के बलिदान के कारण ही 1884 में अमेरिकन फेडरेशन ऑफ लेबर द्वारा शिकागो में राष्ट्रीय सम्मेलन में श्रमिकों के लिए आठ घंटे का कानूनी समय घोषित किया गया था।इस घटना को मनाने के लिए, द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय, समाजवादी और साम्यवादी राजनीतिक दलों के एक अखिल-राष्ट्रीय संगठन ने 1 मई 1891 में मजदूर दिवस के रूप में चिह्नित किया। आज मजदूर दिवस मनाने की सार्थकता तब होगी जब उसके उद्देश्य पर अमल हो । भारत में महिला, प्रवासी एवं बाल मजदूरों की समस्याएं बेहद चिंतनीय है। आज भी देश के कोने-कोने में लाखों मजदूर नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।ऑक्सफेम इंडिया की नयी रिपोर्ट में ऐसे ही एक सच महाराष्ट्र के गन्ना उद्योग से सामने आया है। जिसमें करीब 2 लाख बाल मजदूर गन्ना काटने जैसे कार्यों में लगे हुए हैं। उनमें से 1।3 लाख बच्चे शिक्षा से वंचित हैं। महाराष्ट्र भारत का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक राज्य है। जोकि चीनी उत्पादन के लिए बड़े पैमाने पर अनौपचारिक श्रमिकों पर निर्भर करता है। गन्ना काटने के लिए यह मजदूर बड़े पैमाने पर सूखाग्रस्त मराठवाड़ा क्षेत्र से मुकादम के जरिये ट्रकों में भरकर पलायन करते हैं। जोकि बड़ी दयनीय स्थिति में रहते हुए काम करने को मजबूर हैं। जिन्हें गरीबी और उधारी चारों ओर से घेरे रहती है। इसका सबसे ज्यादा खामियाजा महिलाओं और बच्चों को भुगतना पड़ता है।
2018-19 के आंकड़े बताते हैं कि राज्य की 195 चीनी मिलों में से 54 मराठवाड़ा में हैं, जोकि सूखा ग्रस्त क्षेत्र है। 2012-13 में, जब मराठवाड़ा के गांवों में टैंकरों के जरिए पीने के पानी की व्यवस्था की गई थी, तब इस क्षेत्र में 20 नई चीनी मिलों ने काम शुरू किया था। महाराष्ट्र के गन्ना उद्यान में काम करने के लिए हर वर्ष करीब 15 लाख लोग अपने बच्चों के साथ पलायन करते हैं। जिनमें से अकेले बीड जिले से करीब 5 लाख लोग आते हैं। इतनी बड़ी मात्रा में पलायन के लिए काम धंधों का अभाव, राजनैतिक अस्थिरता, कृषि भूमि का अनुपजाऊ होना, जल और अन्य संसाधनों की कमी जैसे कारक मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं।

## विचार

## सम्राट चार्ल्स का राज्याभिषेक

**आर.के. सिन्हा**

**भारत** के मित्र और ब्रिटेन के नए बनने जा रहे सम्राट चार्ल्स-तृतीय के आगामी 6 मई को होने वाले राज्याभिषेक में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी उपस्थित रहेंगे। सम्राट चार्ल्स का राज्याभिषेक उस वक्त हो रहा है जब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री भारत मूल के श्रषि सुनक हैं। सुनक की पत्नी भारत के प्रख्यात उद्योगपति एन. नारायणमूर्ति की सुपुत्री अक्षता हैं। यह भी मानना होगा कि दोनों देशों के आपसी संबंधों को मजबूत रखने में ब्रिटेन में बसे हुए 15-16 लाख प्रवासी भारतीयों की अहम भूमिका तो रही ही है। इनमें अफ्रीकी और कैरिबियाई देशों से आकर बसे भारतीय मूल के लोग भी हैं। ये सब ब्रिटेन और भारत के बीच एक पुल का काम कर रहे हैं। प्रवासी भारतीय ब्रिटेन में हर क्षेत्र में मौजूद हैं। अब चाहे वो व्यापार, राजनीति, खेल का क्षेत्र हो या कोई और, इन्होंने सबमें एक मुकाम हासिल किया है। एक खास बात यह भी है कि ब्रिटेन ने आपसी संबंधों को बेहतर करने लिए ज़्यादातर प्रवासी भारतीयों को ही राज पाट में शामिल कर रखा है। प्रिंस से किंग बने चार्ल्स पहली बार 1975 में भारत आए थे। गुजरे दशकों से जिन्हें सब प्रिंस चार्ल्स के रूप में जानते थे, वे अब हो रहे हैं किंग चार्ल्स तृतीय। वे भारत के अंतिम वायसराय लार्ड माउंटबेटन के साथ पहली बार 2 मई, 1975 को नई दिल्ली आए थे। वे तब पूरी तरह से युवा थे। उनकी उम्र मात्र 22 साल थी। उनका पालम एयरपोर्ट पर तब के उपराष्ट्रपति बी.डी.जत्ती ने स्वागत किया था। वे राष्ट्रपति भवन में ही ठहरे थे। उनकी उस यात्रा की एक छोटी सी फिल्म यूट्यूब पर भी उपलब्ध है। उसमें लार्ड माउंटबेटन राष्ट्रपति भवन के बारे में प्रिंस चार्ल्स को इशारों से जानकारी दे रहे हैं। इसी राष्ट्रपति भवन में लार्ड माउंटबेटन भारत के अंतिम वायसराय के रूप में 12 फरवरी 1948 से 15 अगस्त 1947 और भारत के पहले गवर्नर जनरल के रूप में 21 जून 1948 तक रहे थे। इसलिए जाहिर है, उन्हें राष्ट्रपति भवन के भूगोल और वास्तुकला की जानकारी थी। इस बीच, भारत और ब्रिटेन के बीच संबंधों का एक पूरा इतिहास रहा है। यह सारा देश जानता है। वर्ष 2004 में द्विपक्षीय संबंध में जो रणनीतिक साझेदारी विकसित हुई उसे सभी सरकारों द्वारा और मजबूत ही किया गया। आज भारत एक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जिसका परिणाम ब्रिटेन के पक्ष में हो सकता है। भारत पहले से ही क्रय शक्ति समता विनिमय दरों के हिसाब से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर खड़ा है और आने वाले दशकों में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। निश्चित रूप से किंग चार्ल्स ही यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके देश की सरकार आगे भी भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाकर रखे। वे निकट भविष्य में भारत का दौरा भी अवश्य करेंगे।

भारत सरकार की तरफ से उन्हें भारत आने का निमंत्रण भी मिलेगा ही। वे तब राजधानी में दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी के सेंट जॉन वोकेशनल सेंटर की गतिविधियों को भी देखना चाहेंगे। वे पिछली बार जब दिल्ली आए थे, वे तब ब्रिटेन के प्रिंस थे। तब वे सेंट जॉन वोकेशनल सेंटर की गतिविधियों को भी देखने पहुंचे थे। यहां पर समाज के कमजोर तबकों से जुड़े सैकड़ों नौजवानों के लिए एयरकंडीशनिंग, मोटर मैक्निक, ब्यूटिशियन, कारपेंटर, टेलरिंग वगैरह के कोर्स चलाए जाते हैं। उस वक्त, उन्होंने सेंटर में ट्रेनिंग ले रहे बहुत से नौजवानों से बात भी की थी और संतोष जताया कि यहां से प्रशिक्षित नौजवान जीवन में अपने लिए जगह बना रहे हैं। दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी के सदस्य मोनोदीप डेनियल ने बताया कि प्रिंस चार्ल्स ने वादा किया था कि वे ब्रदरहुड सोसायटी के बाकी प्रोजेक्ट्स को आगे की यात्राओं में देखेंगे। दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी के संस्थापकों में गांधी जी के परम सहयोगी दीन बंधु सीएफ एंड्रयूज थे। उन्होंने सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़ाया भी था। वे दक्षिण अफ्रीका में गांधी जी से 1916 में मिले थे। उसके बाद दोनों घनिष्ठ मित्र बने। उन्होंने 1904 से 1914 तक सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़ाया।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

## कर्नाटक में सत्ता परिवर्तन या डबल इंजन सरकार

**डा. भरत मिश्र प्राची**

**224** विधानसभा सीट वाली कर्नाटक राज्य में 10 मई को विधानसभा के चुनाव होने जा रहे है। इस चुनाव में भाजपा, कांग्रेस एवं जनता दल एस मुख्य राजनीतिक दल है। जहां मुख्य मुकाबला भाजपा एवं कांग्रेस के बीच है। जहां सर्वाधिक रूप से कांग्रेस का शासन काल रहा है। वर्तमान में भाजपा की सरकार है। इस चुनाव में भाजपा अपने स्टार प्रचारक पूर्व मुख्य मंत्री बी एस येदियुरप्पा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह एवं अध्यक्ष जे पी नड्डा के बल पर फिर से सत्ता में वापिस आने की उम्मीद लगाये बैठी है वहीं कांग्रेस इस बार भाजपा को सत्ता से बाहर कर सत्ता आसीन होने का भरपूर प्रयास कर रही है। इस पृष्ठिभूमि में कर्नाटक राज्य में प्रमुख रहे राजनीतिक दल जनता दल एस के सुप्रीमो देश के पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। 13 मई को विधानसभा चुनाव के परिणाम आने वाले है। फिलहाल कर्नाटक राज्य में कांग्रेस आने के आसार दिखाई दे रहे है। इस परिप्रेक्ष्य को स्पष्ट रूप से उजागर होने में वहां के बदलते राजनीतिक घटनाक्रम को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। कर्नाटक में चुनाव होने की घोषणा के साथ हीं सत्ता पक्ष में भगदड़ शुरू हो गई। इसके दो प्रमुख रहे राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार एवं पूर्व उप मुख्य मंत्री लक्ष्मण सावदी के कांग्रेस में शामिल होने से भाजपा के चुनावी गणित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के आसार है। इसका राजनीतिक लाभ कांग्रेस को मिल सकता है। कांग्रेस ने सत्ता में आने पर कर्नाटक की आवाम से जो वायदे किये है उसमें महिलाओं के लिये फ्री बस यात्रा, हर ग्राम पंचायत को एक करोड़ की राशि देने की बात प्रमुख है वहीं सत्ता पक्ष ने डबल इंजन की सरकार बनाने की वकालत की । कर्नाटक में दलित वर्ग के वोट काफी महत्व रखते है। जहां दलित संर्घष समिति के बैनर तले 12 संगठन कांग्रेस को समर्थन दे चुके हे। कर्नाटक में लिंगायत एवं वोक्कालिंगा समुदाय पर भी दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों ने फोकस किया है जहां इस चुनाव में भाजपा ने लिंगायत समुदाय से 68 प्रत्याशी मैदान में उतारे है वहीं कांग्रेस ने 49 एवं जेडीएस ने 41 प्रत्याशी खड़े किये है। वोक्कालिंगा से भाजपा ने 38, कांग्रेस ने 46 एवं जेडीएस ने 55 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे हे।इन राजनीतिक दलों के आलावे ओवैसी ने भी अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे है। कर्नाटक की राजनीति में जाति का वर्चस्व सदैव से हावी रहा है।

## वक्फ संपत्तियों को माफियाओं के चंगुल से छुड़ाना

**गौतम चौधरी**

**विगत** दिनों भारतीय समाचार माध्यमों में वक्फ की खबरें खूब सुर्खियां बटोरी। वक्फ पर कई आरोप भी मढ़े गए और कई ऐसी खबरें भी चलाई गयी जो वक्फ के अस्तित्व को चुनौती देने वाली थी। आज हम उन्हीं खबरों की पड़ताल करने की कोशिश करेंगे। वक्फ शब्द का शाब्दिक अर्थ समर्पित होता है। मुसलमान, धर्मार्थ या धार्मिक उद्देश्यों के लिए अपनी संपत्ति का एक हिस्सा समर्पित करते हैं। भारत के लगभग प्रत्येक राज्य में वक्फ बोर्डों की स्थापना की गई और उनके पंजीकरण और उपयोग की निगरानी और विनियमन करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक केंद्रीय वक्फ परिषद की स्थापना की गई है। वक्फ संपत्तियों का उपयोग कर अमूमन सार्वजनिक कल्याण के लिए कब्रिस्तान, मस्जिद, मदरसे, अनाथालय, अस्पताल, क्लीनिक और शैक्षणिक संस्थान बनाए जाते हैं। हालांकि, अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों सहित लगभग सभी धर्मार्थ संस्थान सभी धर्मावलंबियों के उपयोग के लिए उपलब्ध हैं। इसमें जाति या धर्म का कोई बैरियर नहीं होता। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने 2017 की शुरूआत में मीडिया को बताया था, ह्यह्यजब से वक्फ बोर्डों की स्थापना हुई है, तब से खाली संपत्तियों का एक मुद्दा रहा है, जिसे मैं वक्फ माफिया कहता हूं।ह्नह्न इन संपत्तियों पर मुसलमानों के लाभ के लिए मॉल, शैक्षिक संस्थान, छात्रावास और कौशल केंद्र बनाये जायेंगे। एक नजर उत्तर प्रदेश में वक्फ संपत्तियों पर अगर डाले तो पता चलता है कि सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड उत्तर प्रदेश राज्य में 1.5 लाख से अधिक संपत्तियों का मालिक है, जबकि शिया वक्फ बोर्ड 12,000 से अधिक संपत्तियों का मालिक है। सीडब्ल्यूसी को यूपी वक्फ संपत्तियों के कुप्रबंधन के बारे में उत्तर प्रदेश से कई शिकायतें मिलने के बाद, उत्तर प्रदेश और झारखंड वक्फ बोर्डों के प्रभारी सैयद एजाज अब्बास नकवी ने तथ्यों की जांच के लिए एक जांच समिति का बनाई और खुद की निगरानी में जांच भी किया। समिति ने अपनी रिपोर्ट में विस्तार से बताया कि कैसे एक मंत्री के रूप में आजम खान ने कथित तौर पर वक्फ बोर्ड के तहत संपत्ति हासिल करने के लिए अपने पद का दुरुपयोग किया।

# एनडीसी को समस्या को लेकर कांग्रेस का हल्ला बोल



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
आमजन को आ रही एनडीसी की समस्या, प्रापर्टी आईडी की गड़बड़ियों, नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार, विकास कार्यों में हो रही लेटलतीफी व भ्रष्टाचार सहित अनेक मुददों को लेकर आज कांग्रेस पार्टी के सदस्यो ने नगर निगम अंबाला शहर के बाहर विशाल धरना प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन की अध्यक्षता अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव चेतन चौहान ने की, जबकि मंच संचालन दविंद्र बजाज ने किया। कांग्रेस सदस्यों ने धरने के बाद नगर निगम कमिश्नर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान भारी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए चेतन चौहान ने कहा कि नगर निगम की लापरवाह कार्यशैली से आज शहर की जनता बेहद परेशान है। आज नगर निगम नरक निगम बन चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार यूं तो पारदर्शी शासन के दावे करती है, लेकिन हकीकत यह है कि पब्लिक डिलिंग का सबसे बड़ा महकमा नगर निगम भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है। न तो सरकार का ध्यान है, न ही स्थानीय विधायक असीम गोयल को जनता की फिक्र है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पार्षद तक यह कहते अक्सर सुने जाते हैं कि उनकी यहां एक नहीं सुनी जाती। जब सत्ता पार्टी के पार्षदों का यह हाल है तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि आम जनता का नगर निगम में क्या हाल होता होगा। उन्होंने कहा कि नौरंगराय तालाब, महावीर पार्क सहित अनेक विकास कार्य है, जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ चुके हैं, बार बार अतिरिक्त बजट पास किया जा रहा है, लेकिन आज तक यह कार्य पूरे नहीं किये गये। जनता के टैक्स की कमाई का गबन किया जा रहा और अधिकारी

**8 नगर निगम की लापरवाह कार्यशैली से आज शहर की जनता बेहद परेशान है। आज नगर निगम नरक निगम बन चुका है**

व सत्ता पक्ष मौन हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष की अधिकारियों के साथ पूरी मिलीभगत है, यही वजह है कि अधिकारी मनमानी करते हुए जनता को परेशान कर रहे हैं। कांग्रेस नेता बलविंद्र पूनिया ने कहा कि हाल ही हुए प्रापर्टी आईडी के सर्वे में शहर में हजारों की संख्या में प्रापर्टी आईडीयों में गड़बड़ी कर दी गयी, जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। निगम को जल्द से जल्द इसमें सुधार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रापर्टी टैक्स की अदायगी के बावजूद लोगों को पुराने टैक्स भी लगकर आ रहे हैं। लोगो को एनडीसी व एनओसी इसी कारण से जारी नहीं की जा रही है, यही कारण है कि लोगो को ऋण वगैरा लेने में भी परेशानी आ रही है। कांग्रेस नेता रिंकू पूनिया ने कहा कि निगम क्षेत्र की ओल्ड एमसी लिमिट की कॉलोनियों में जायदाद मालिकों को बार बार आवेदन के बावजूद एनडीसी नहीं दी जा रही है। उन्हें इसका वैध कारण भी नहीं बताया जा रहा। कांग्रेस नेता मिथुन वर्मा, ईशू गोयल व पुनीत कवि ने कहा कि जो लोग पिछले लगभग 50 वर्षों से स्थाई निवासी हैं और लगातार हाउस टैक्स की अदायगी करते आ रहे हैं उन्हें भी बिना कोई उचित कारण बताये एनडीसी नहीं दी जा रही। धरने को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा निगम क्षेत्र के भीतर रिहायशी मकान व व्यावसायिक संस्थान या अन्य निर्माण कार्य हेतू नक्शा पास करवाना अनिवार्य है परन्तु नक्शा पास करवाने के लिए एनडीसी की आवश्यकता होती है।

# संत व सतसंग से जुड़ कर अपने जीवन को आनंदमय बना सकते है: आचार्य चैतन्य



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**दुर्गा** नगर कालडा फैक्ट्री के पिछे स्थित शिवमंदिर नगर खेड़ा के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम पर श्रीराम चरित मानस अखण्ड पाठ पारायण कार्यक्रम का आयोजन किया गया थोमंदिर के पुजारी पण्डित रविन्द्र नाथ तिवारी ने बताया की। इस अवसर पर मानस पूणार्हूति पर हवन भजन किर्तन कार्यक्रम भी हुआ। कार्यक्रम मे विशेष वक्ता के रूप मे श्री कबीर जन कल्याण सेवाश्रम मोती नगर के संरक्षकआचार्य सनातन चैतन्य जी महाराज आमंत्रित थे आचार्य जी के पधारने पर मंदिर कमेटी सदस्यों ने पुष्प माला पहना कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर आचार्य सनातन चैतन्य जी महाराज ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की आज के वैज्ञानिक आधुनिक जीवन मे किसी व्यक्ति के पास सतसंग भजन सुमिरन के लिए समय नही हैअधिकाधिक धन कमाने की चाहत मे दिन रात लगा रहता हैअपने सुख सुविधा के लिए बाहरी विषय वस्तु एकत्रित करता जाता है और उपभोग करता रहता है पर जो आन्तरिक सुख शान्ति आनंद मिलना चाहिए वो नही मिल पाता ऐसी स्थिति मे भगवान का भजन सुमिरन व सतसंग ही नजर आता हैआचार्य जी ने कहा की हमे समय रहते ही सचेत हो कर संत गुरु सतसंग से जुड़ जाना चाहिऐ कार्यक्रम के अंत मे हवन पूजन,मानस आरती पश्चात भोज भण्डारा हुआ।सैकड़ों लोगों ने भण्डारा प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम मे दुर्गा नगर मंदिर कमेटी के सदस्य गण,रविन्द्र नाथ तिवारी,प्रेमनाथ मिश्रा, सुरेन्द्र शर्मा,कैलाशनाथ पाण्डे, रामबिहारी मिश्रा,रविन्द्र वर्मा, सीताराम,ज्ञानदेवी तिवारी,महिन्दर कौर,ज्योति तिवारी, राजीव वर्मा,संजीव कबीर,सीमा वर्मा, सरोज बाला आदि लोग उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### उप-मुख्यमंत्री 3 मई को करेंगे आबकारी एवं कराधान विभाग के संसाधन भवन का लोकार्पण

**सोनीपत:** हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला 3 मई को बतौर मुख्य अतिथि दोपहर 12:15 बजे आबकारी एवं कराधान विभाग सोनीपत के नव-निर्मित संसाधन भवन को लोकार्पित करेंगे। उपायुक्त ललित सिवाच ने यह जानकारी देते हुए बताया कि लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता सांसद रमेश कौशिक करेंगे। समारोह में राई हलका विधायक मोहनलाल बड़ौली, गन्नौर हलका विधायक निर्मल चौधरी, सोनीपत हलका विधायक सुरेंद्र पंवार और नगर निगम के मेयर निखिल मदान की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। साथ ही समारोह में आबकारी व कराधान विभाग के प्रधान सचिव देविंदर सिंह कल्याण और आबकारी व कराधान आयुक्त अशोक मीणा विशेष रूप से शामिल होंगे। इस दौरान उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला दोपहर 02:15 बजे पत्रकारों से विशेष बातचीत भी करेंगे।

### सोनीपत की मंडियों व खरीद केंद्रों मे 03 लाख 34 हजार 197 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

**सोनीपत:** उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि जिला की विभिन्न 24 मंडियों व खरीद केंद्रों में 03 लाख 34 हजार 197 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। इस गेहूं को विभिन्न एजेंसियों द्वारा खरीद लिया गया है।
उपायुक्त ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में पहुंचे 03 लाख 34 हजार 197 मीट्रिक टन गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 111164, हैफेड द्वारा 125852, एचडब्ल्यूसी द्वारा 67400 और फूड कार्पोरेशन आफ इंडिया (एफसीआई) द्वारा 29781 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। जिला की मंडियों में पहुंचे गेहूं में बरोदा खरीद केन्द्र पर 4465 मीट्रिक टन, भैसवाल खरीद केन्द्र पर 4701 मीट्रिक टन, बिचपड़ी खरीद केन्द्र पर 1310 मीट्रिक टन, दतौली खरीद केन्द्र पर 4652 मीट्रिक टन, फरमाणा खरीद केन्द्र पर 12645 मीट्रिक टन, गन्नौर अनाज मण्डी में 23257 मीट्रिक टन, गोहाना अनाज मण्डी में 118279 मीट्रिक टन, कासंडी खरीद केन्द्र पर 11410 मीट्रिक टन, कथूरा खरीद केन्द्र पर 8771 मीट्रिक टन, खानपुर खरीद केन्द्र पर 5017 मीट्रिक टन, खरखौदा अनाज मण्डी में 47027 मीट्रिक टन, मुण्डलाना खरीद केन्द्र पर 5937 मीट्रिक टन, मुरथल खरीद केन्द्र पर 9315 मीट्रिक टन, नाहरा खरीद केन्द्र पर 6285 मीट्रिक टन, पुगथला खरीद केन्द्र पर 17564 मीट्रिक टन, पुरखास खरीद केन्द्र पर 3799 मीट्रिक टन, रूखी खरीद केन्द्र पर 15073 मीट्रिक टन, सनपेड़ा खरीद केन्द्र पर 7771 मीट्रिक टन तथा सोनीपत अनाज मण्डी में 21654 मीट्रिक टन तथा सोनीपत साइलो में 5265 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। उपायुक्त सिवाच ने बताया कि 03 लाख 33 हजार 289 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद 2125 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की गई है। उपायुक्त ललित सिवाच ने किसानों का आह्वान किया है कि वे अपनी फसलों को साफ एवं सुखाकर मंडियों में लाए। किसान फसल अवशेषों को न जलाए। फसल अवशेषों से पशुओं के लिए चारा बनाकर चारे की कमी को दूर किया जा सकता है। फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है तथा जानमाल की हानि होने का अंदेशा बना रहता है। फसल अवशेष जलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति कमजोर होती है तथा किसान के मित्र कीट भी नष्टद्द हो जाते हैं। जिला में फसल अवशेष जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

### अंबाला सेक्टर 10 ने मनाया मजदूर दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच से संबंधित कर्मचारियों ने हुड्डा वाटर वर्क्स सेक्टर-10 में मई दिवस/मजदूर दिवस मनाया। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान गुरमेल सिंह सैनी ने की और संचालन जिला सचिव सुनील कुमार बजाज ने किया। दोनों नेताओं ने सभा को बताया कि, 1 मई 1886 को अमेरिका के शिकागो शहर में अमेरिका के लगभग 15: लाख लोगों ने राष्ट्रीय स्तर की जोरदार पूर्ण हड़ताल की थी। जिस पर पुलिस ने अचानक धुआंधार गोलीबारी कर दी थी, और लाठीचार्ज किया था। जिसमें सैकड़ों महिला व पुरुष मजदूरों सहित अनेकों बच्चे शहीद हो गए थे। जिन के खून से सब के कपड़े लाल हो गए थे। उसी दिन से मजदूर वर्ग ने अपने झंडे का रंग लाल निश्चित किया था जो अपने हकों के लिए संघर्ष करने और बलिदान करने के लिए एक मिशाल बना हुआ है। इस हड़ताल के दौरान चार मजदूर नेताओं को पुलिस ने बंदी बना लिया था, और 1 वर्ष के बाद उन चारों को फांसी पर लटका दिया था। जिनके नाम इस प्रकार है:
**1) पार्सनस 2) सपाइस 3) फिशाद 4) एंजेल्स**
प्रधान गुरमेल सिंह और सचिव सुनील बजाज ने बताया कि 5 मई को एचएसवीपी के मुख्य प्रशासक अजीत बाला जोशी जी ने हमारी हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन नंबर 1266 के शिष्टमंडल को लंबित मांगों पर वार्ता के लिए पंचकूला बुलाया हुआ है। यदि हमारी मांगे इमानदारी से मानकर पत्र जारी नहीं किए गए तो, उसी दिन से मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन तथा पुतले दहन शुरू कर दिए जाएंगे। सभा में दूसरा निर्णय लिया गया है।

# मांगों को लेकर राज्यसभा सांसद को ज्ञापन सौंपा



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
जिला अम्बाला के पूर्व सैनिकों ने स, बलजीत सिंह रंगा की अध्यक्षता में जंडली बस स्टैण्ड पर इकट्ठा हो कर आपनी मांगों को राज्य सभा सांसद कार्तिक शर्मा जी के पी ए को ओ आर ओ पी - 2 मे हुई कमियों को दूर करने के लिए अपना मांग पत्र सौंपा।
पी ए को इसलिए मांग पत्र सौंपा क्योंकि राज्य सभा सांसद जी की कार दुघर्टना में चोट लगने के कारण तबीयत ठीक नहीं वा लोक सभा सांसद रतनलाल कटारिया जी पीजीआई में बीमार पड़े हैं। इस लिए सैनिकों का मांग पत्र पी ए को सौंपा। ताकि सैनिकों की जायज मांगो को केन्द्र सरकार तक पहुंचाया जा सके।आज पूरे भारत में सैनिकों ने अपने अपने एम पी को ज्ञापन सौंपा गया है। सैनिकों ने अपने एम पी को वोट दिया इसलिए अपनी मांगों को लोक सभा वा राज्य सभा तक पहुंचाने की मांग रखी।

**मंदिर में चोरी कर रहे युवक को दबोचा, किया पुलिस के हवाले**

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** आज कैथ माजरी के गोगा माडी मंदिर में सुबह करीब 4 बजे एक युवक द्वारा चोरी करने के वारदात सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार जैसे ही वह युवक चोरी करके मंदिर की दीवार टाप कर भागने की कोशिश कर रहा था तभी अचानक मंदिर के पास रहने वाले एक व्यक्ति की नजर उस पर पड़ी उसने युवक को पकड़ लिया और शोर मचा दिया इसी बीच मंदिर के पुजारी भी वहां आ गए और दोनों ने मिलकर युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि चोरी करने वाला यह युवक कुछ दिन पहले मंदिर में माथा टेकने आया था और वहां की सारी स्थिति को जांच कर गया था इसके बाद ही उसने इस वारदात को अंजाम दिया। चोर के पास मंदिर की मूर्ति पर चढ़ाए गए पैसों के हार मिले जिसे वह चुरा कर भागने की कोशिश में था।

# गाँव खेड़ा में सड़क दुर्घटना में 2 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** गांव खेडा के पास हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। दुर्घटना में पंचकूला के रहने वाले कर्मचंद की मौत हो गई। कर्मचंद मुलाना से पंचकूला जा रहा था कि अचानक उसकी कार एक पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ने के साथ-साथ कार में आग लग गई। गनीमत यह रही कि दुघर्टना होते ही राहगीरों ने घायल कर्मचंद को कार से बाहर निकाल लिया। जैसे ही कर्मचंद को बाहर निकाला कार में आग लग गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायल कर्मचंद को अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार अंबाला में जण्डली पुल के पास कार और एक्टिवा भिड़त में एक्टिवा सवार महिला ग्रेस की मौत हो गई।

# जे.ई.ई. एडवांस के लिए लिटल एंजल्स के 11 छात्रों ने किया क्वालीफाइ



**टीम एक्शन इडिया/सोनीपत**
**जे.ई.ई.** एडवांस के लिए लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत के 11 छात्रों ने क्वालीफाइ कर-के अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। जे.ई.ई. मेन्स में कार्तिक गुप्ता ने 98.6, निसर्ग कपाड़िया ने 98.3, मुस्कान सिंह ने 97.78, आरव गुलाटी ने 93.8, जैस्मिका वाधवा ने 91.9, देवांश छाबड़ा ने 91.6, नीर मलिक ने 91.13, सक्षम अरोड़ा ने 90.5, लक्ष्य बत्रा ने 90.2 परसेनटाइल प्राप्त की। विद्यालय के चेयरमैन श्री तरसेम गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी क्वालीफाइड छात्रों व उनके अभिभावकों को शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने कहा कि छात्रों की मेहनत व लगन से ही वे इस सफलता को प्राप्त कर पाए हैं। उन्होंने सभी छात्रों के प्रयास को सराहा व भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने विद्यालय व अध्यापकों के सहयोग का धन्यवाद किया और आश्वासन दिया कि वे जे.ई.ई. एडवांस में भी शानदार परिणाम देकर अपने विद्यालय व सोनीपत शहर का नाम रोशन करेंगे।

# उपायुक्त ने सोनीपत की छठी एचडीएफसी बैंक शाखा का किया शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**उपायुक्त** ललित सिवाच ने सोमवार को छोटू राम चौक गोहाना रोड स्थित सरोहा काम्पलेक्श सोनीपत एचडीएफसी बैंक की छठी नई शाखा का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि एचडीएफसी बैंक निजी क्षेत्र में एक विश्वसनीय बैंक बनकर सामने आया है। जो ग्रामीण क्षेत्र के छोटे छोटे व्यापारियों, उद्यमियों और किसानों को सहजता के साथ ऋण उपलब्ध कराने और ऋण के माध्यम से विकास की गति प्रदान करने में कारगर साबित होगा। इस दौरान उन्होंने बैक में अधिकारियों को सोनीपत में एचडीएफसी बैंक की छठी नई शाखा खोलने पर शुभाकानाएं दी।
श्री सिवाच ने कहा कि वर्तमान समय में केन्द्र सरकार बैंकों के माध्यम से सभी कल्याणकारी योजनाओं को गरीब लोगों तक पहुंचाने का कार्य कर ही है। केन्द्र सरकार ने बैंकों में प्रधानमंत्री जन धन योजना के माध्यम से लगभग 50 करोड़ लाभार्थियों के फ्री में खाते खोले। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के समय केन्द्र सरकार ने गरीब लोगों के कल्याण और आर्थिक सहायता पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना की शुरूआत की गई।

# कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग ने नाट्य उत्सव के लिए मांगे आवेदन

**सोनीपत: हरियाणवी** नाट्य उत्सव 2023 में भाग लेने के लिए 10 मई तक कला एवं सांस्कृतिक विभाग की वेबसाईट आर्टएंडकल्चरलअफेयर्सएचआरवाई.जीओवी.इन पर आवेदन किए जा सकते हैं। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हरियाणा सरकार के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की ओर से हरियाणवी नाट्य उत्सव 2023 का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मई निर्धारित की गई है।

# भगवान परशुराम की प्रतिमा की होगी प्राण-प्रतिष्ठा

## भगवान परशुराम जी की मूर्तियां हर मंदिर में हों-जंगशेर शर्मा

**8 कार्यक्रम की रूपरेखा बताई 3 मई को मूर्ति स्थापना के बाद भंडारा लगाया जाएगा**



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा जंगशेर शर्मा ने बताया संगठन की तरफ से भगवान परशुराम जी की मूर्तियां जगह जगह मंदिरों में लगवाने का निश्चय किया हुआ है उसी श्रृंखला में यहां भी एक मूर्ति भगवान परशुराम जी की स्थापित करवा रहे हैं 30 अप्रैल दिन रविवार को संगठन के पदाधिकारी मंदिर में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे मंदिर के पुजारी श्री नारायण दत्त शर्मा ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम की रूपरेखा बताई 3 मई को मूर्ति स्थापना के बाद भंडारा लगाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अशोक शर्मा, प्रदेश प्रचार मंत्री कुमार गौरव भारद्वाज, जिला सचिव अशोक भारद्वाज अंबाला छावनी उपाध्यक्ष विजय कुमार शर्मा प्रचार मंत्री राजकुमार मिश्रा कार्यकारिणी सदस्य विजय शर्मा नारायणगढ़ उपाध्यक्ष भारत भूषण शर्मा, राकेश मिश्रा , सतीश शर्मा पुनीत शर्मा जयदेव शर्मा बृजलाल रीना सुमन रानी पूजा स्नेह लता कमलेश भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मुरलीधर डीएवी विद्यालय मे श्रमिक दिवस मनाया



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** मुरलीधर डी ए वी विद्यालय के प्रांगण मे श्रमिक दिवस बड़े उत्साह से मनाया गया कइस उपलक्ष्य मे विद्यालय मे विभिन्न क्रिया कलाप व प्रतियोगिताएं कराई गई ककक्षा पहली से चौथी के छात्रों द्वारा फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे छात्र विभिन्न वेशभूषा जैसे कि माली, धोबी, पलम्बर, फल सब्जी विक्रेता सुसज्जित नजर आये व उन्होंने अपने किरदार को स्टेज पर बखूबी निभाया ककक्षा पांचवी के छात्रों ने यज्ञ हवन किया ककक्षा पहली, दूसरी व पांचवी के छात्रों ने धन्यवाद कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता मे भाग लिया कश्रमिक दिवस पर छात्रों ने कविता पाठ का उच्चारण किया व उन पर कुछ पंक्तियाँ बोली गई कयज्ञ हवन के दौरान सभी कर्मचारियों को यज्ञ मे बुलाकर हवन कराया गया व आहुतियां डलवाई गई कछोटे बच्चो की थीमेटिक असेंबली करवाई गई जिसका थीम हमारे सहायक रहा इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी जी ने सभी कर्मचारियों को उपहार प्रदान किये व कहा कि यही हमारे विद्यालय की आधारशिला है इनकी सहायता हमारे लिए अति मायने रखती है कप्रातः से सांय तक ये सब बड़ी लगनता व कर्मठता से अपना कर्तव्य का पालन करते है। छात्रों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी छोटा या बड़ा नहीं होता हमें सभी को एक समान दृष्टि से देखना चाहिए व हमारी सहायता करने वाले श्रमिकों को भी सम्मान देना चाहिए जिनके वे हकदार है।
ये सभी क्रिया कलाप विद्यालय की कोऑर्डिनेटर श्रीमती शमा शर्मा, श्रीमती प्रभा सैनी व श्रीमती वंदना की अध्यक्षता मे संपन्न हुए कफैंसी ड्रैस प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार है ककक्षा तीसरी से अंश, आध्या, यशिका, अमनजोत, कक्षा चौथी से विराज, भव्य, दिव्यम, कीर्ति, गर्वित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# सेंट जोसफ स्कूल ने मनाया गया श्रमिक दिवस

## विद्यालय के सभी वर्करों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
1 मई को अम्बाला शहर स्थित सेंट जोसफ स्कूल में वर्करों की गरिमा व सम्मान के लिए श्रमिक दिवस का आयोजन किया गया ' जिसमें विद्यालय के सभी वर्करों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया 'कार्यक्रम के दौरान डांस, गीत, फैशन शो (मॉडलिंग) के साथ-साथ टैलेंट राउंड द्वारा कार्यक्रम को आकर्षक बनाया गया ' सभी वर्कर्स ने अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथा अंत में उनके व्यक्तित्व व प्रतिभा को ध्यान में रखते हुए मिस ग्रेटीटयुडमेलो देवी और मिस्टरग्रेटीटयुडमणि को चुना गया तथा मिस्टर काला ने अपनी प्रतिभा द्वारा टैलेंट हंट राउंड जीता'इस ग्रेटीटयुड डे को महत्व देते हुए जोसफियनस ने भी अपने घर के आस-पास रहने वाले गरीब लोगों व अपने घर पर ही काम करने वाले लोगों को सम्मान स्वरूप जूस, आटा , फल और बिस्कुट के पैकेट बाँटे` डायरैक्टर मैम श्रीमती किरण बैनर्जी, डिप्टी डायरैक्टर मैम आशिमा किरण बैनर्जी, सीनियर मैनेजर अभिजीत सर व प्रिंसीपल मैम श्रीमती अमिता सचदेवा ने सभी वर्कर्स को इस विशेष दिन पर बधाई दी व सम्मानित करते हुए कहा कि किसी भी समाज, देश या संस्था को मजबूत करने में इन सबकी अहम भूमिका होती है। इन सबके बिना हम अपने दिन की शुरूआत या समाप्ति की कल्पना भी नहीं कर सकते` क्योंकि ये लोग अपने अथक परिश्रम द्वारा किसी भी देश या संस्था की प्रगति में अपना अमूल्य योगदान देते हैं और इसलिए ये आदरणीय व सत्कार के हकदार होते हैं।

# गेल गैस में औद्योगिक वाणिज्यिक पीएनजी की कीमतों में कमी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** गेल गैस सोनीपत ने 01 मई 2023 से कंपनी ने अपने औद्योगिक और वाणिज्यिक पीएनजी की कीमतों में भी कमी की है। 2 रुपये /एससीएम की कमी के साथ. औद्योगिक पीएनजी की कीमतें 70.50 रुपये / एससीएम हैं और 500 एससीएम तक की गैस लेने वाली वाणिज्यिक इकाइयों के लिए पीएनजी की कीमतें 76 रुपये / एससीएम हैं। और 500 एससीएम से अधिक गैस लेने वाली व्यावसायिक इकाइयों कीमत 74 रुपये / एससीएम है। कंपनी द्वारा पीएनजी की कीमतों में यह एक महीने में दूसरी बार कमी की गयी है। कंपनी ने औद्योगिक पीएनजी में 1 अप्रैल 2023 को 2 रुपये प्रति एससीएम की कमी की थी जिससे ढठऋकी कीमत 74.50 रुपए प्रति एससीएम से घटकर 72.50 रुपए प्रति एससीएम हो गई थी। ढठऋके कीमतों में दूसरी बार कमी करने से कंपनी द्वारा 4 रुपए प्रति एससीएम की कुल कमी की गयी है। इसी प्रकार एक महीने में वाणिज्यिक पीएनजी में भी 4 रुपये प्रति एससीएम की कमी की गयी भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप गेल गैस लिमिटेड ने अपने ग्राह्कों को नए घरेलु गैस मूल्य निर्धारण का लाभ पहुंचा रही है। कीमतों में कमी का उद्देश्य स्वच्छ और हरित ईंधन पीएनजी के उपयोग को प्रोत्साहित करना और कार्बन फुटप्रिंट को कम करना है।

# 'दिल्ली की हवा की गुणवत्ता में हो रहा सुधार'

## 2016 से 2022-23 तक दिल्ली के वायु प्रदूषण में 30 फीसद की कमी आई है: मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**राजधानी** दिल्ली की हवा में और सुधार लाने के इरादे से सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 14 फोकस प्वाइंट पर आधारित समर एक्शन प्लान की घोषणा करते हुए कहा कि देश की संसद ने भी माना है कि दिल्ली की हवा की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है। 2016 से 2022-23 तक दिल्ली के वायु प्रदूषण में 30 फीसद की कमी आई है। इसमें और सुधार लाने के लिए हम दिल्लीवासियों के साथ मिलकर समर एक्शन प्लान को प्रभावी रूप से लागू करेंगे। इसके तहत धूल प्रदूषण, ओपेन बर्निंग व औद्योगिक प्रदूषण रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे। साथ ही सॉलिड वेस्ट मैनेमेंट, रियल टाइम सोर्स अपोर्शनमेंट स्टडी, ग्रीन कवर बढ़ाने, झीलों के विकास और पड़ोसी राज्यों से संवाद समेत अन्य कदम भी उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2016 में 365 दिनों में सीवियर कटेगरी के 26 दिन होते थे। इस दौरान बहुत ज्यादा प्रदूषण होता था और एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 से अधिक होता था। यह 2022-23 में घट कर मात्र 6 दिन रह गया है। 2016 में वेरी पुअर और सीवियर के 124 दिन होते थे, जो 2022 में घट कर 72 दिन रहे गए हैं। 2016 में सैटिफैक्टरी, गुड और मॉडरेट के 109 दिन होते थे, जो 2022 में 163 दिन हो गए हैं।

दिल्ली में अब अच्छे दिनों की संख्या बढ़ गई है। मुख्यमंत्री ने समर एक्शन प्लान की घोषणा करते हुए कहा कि समर एक्शन प्लान के तहत कुछ तत्कालिक कदम उठाए जाएंगे और कुछ दीर्घकालीन कदम उठाए जाएंगे। 30 सरकारी विभागों के साथ बैठक कर यह समर एक्शन प्लान बनाया गया है। जिनमें पर्यावरण, डीपीसीसी, विकास विभाग, कंटोनमेंट बोर्ड, सीपीडब्ल्यूडी, डीडीए, दिल्ली पुलिस, राजस्व, डीएसआईडी, शिक्षा, डीएमआरसी, पीडब्ल्यूडी, ट्रांसपोर्ट, एनएचएआई, दिल्ली जल बोर्ड, एमसीडी और एनडीएमसी समेत अन्य विभाग शामिल हैं।





### एक्शन प्लान

= दिल्लीवासियों के साथ मिलकर समर एक्शन प्लान को प्रभावी रूप से लागू करेंगे: सीएम अरविंद

### औद्योगिक प्रदूषण: सभी पंजीकृत यूनिट्स में पीएनजी का हो रहा इस्तेमाल

**औद्योगिक** प्रदूषण को रोकने के लिए सभी पंजीकृत यूनिट्स में पीएनजी का इस्तेमाल हो रहा है। लेकिन औद्योगिक क्षेत्रों में अवैध रूप से कचरा डंप किया जाता है। उसको रोकने के लिए डीपीसीसी और डीएसआईडीसी की 33 टीमें बनाई गई हैं।

**सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट:** एमसीडी में भी अब आम आदमी पार्टी की सरकार है। अब हम एमसीडी के साथ मिलकर दिल्ली के पूरे सॉलिड वेस्ट मैनजमेंट को ठीक करने की प्रक्रिया तैयार की जा रही है।

**रियल टाइम अपोर्शनमेंट स्टडी**

रियल टाइम अपोर्शनमेंट स्टडी की मदद से प्रदूषण का वास्तविक लोकेशन पता करने की कोशिश कर रहे हैं। सभी 13 हॉटस्पॉट में एक सप्ताह के लिए मोबाइल एयर लैब की तैनाती की जाएगी, ताकि वहां प्रदूषण के वास्तविक कारकों का पता चल सके और उसी के आधार पर कार्रवाही की जाएगी।

**वृक्षारोपण:** दिल्ली में इस साल ग्रीन कवर बढ़ाने के लिए 52 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। इसमें से समर एक्शन प्लान के तहत 42 लाख पौधे लगाए जाएंगे। साथ ही 4 लाख पौधों को फ्री में वितरित किया जाएगा।

**ट्री ट्रांसप्लांटेशन पॉलिसी:** दिल्ली में ट्री ट्रांसप्लांटेशन पॉलिसी काफी सफल है। इसमें अब यह कोशिश की जा रही है कि जो पेड़ ट्रांसप्लांट किए जा रहे हैं, उनमें से ज्यादा पैसे जीवित रहें। इस पर बल दिया जा रहा है। ट्रांसप्लांट पेड़ों के जीवित रहने की दर में वृद्धि की निगरानी के लिए स्पेशल टीम का गठन किया जा रहा।

# दिल्ली में बारिश ने सिविक एजेंसियों की खोली पोल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजधानी** दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह हुई मूसलाधार बारिश ने तमाम सिविक एजेंसियों की पोल खोल कर रख दी। दिल्ली के विभिन्न इलाकों में सीवर व नाले ओवरफ्लो होकर रोड में बह रहे है। बदरपुर विधानसभा के हरि नगर वार्ड में जैतपुर मेन रोड पर बारिश के कारण जलभराव की स्थिति बन गई। यहां रोड पर खड़ी गाड़ियां सीवर व नाले के पानी में डूब गई। इसके साथ ही मूसलाधार बारिश के कारण जैतपुर, मिंटो रोड रेलवे ब्रिज, बेरी सराय आईआईटी फ्लाईओवर, भैरों रोड रेलवे ब्रिज, छावला बस स्टैंड, धौला कुआं अंडरपास, द्वारका मेट्रो स्टेशन, जखीरा अंडरपास, जहांगीर अथवा डेरी, लॉरेंस रोड, द्वारका अंडरपास, हनुमान सेतु रेलवे ब्रिज, वजीराबाद अथॉरिटी के सामने, आईएसबीटी कश्मीरी गेट, लक्ष्मी नगर मेट्रो स्टेशन, लक्ष्मी नगर अंडरपास, दरियागंज, शांतिवन, नारायणा टी-प्वाइंट, बृजपुरी, खजूरी, भजनपुरा, नंद नगरी, आनंद विहार, जंगपुरा, गोविंदपुरी, मेट्रो स्टेशन, केला घाट जीपीओ, केशव चौक रेलवे ब्रिज, मंगोलपुरी फ्लाईओवर के नीचे, मेहराब नगर, आईजीआई एयरपोर्ट टर्मिनल 3, मूलचंद अंडरपास आदि जगह जलभराव की शिकायतें सामने आई।

# एलजी-केंद्रीय मंत्री ने 1600 प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र बांटा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने संस्कृति और विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी की उपस्थिति में सोमवार को नई दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में आयोजित एक प्रमाणपत्र वितरण समारोह में 1600 प्रशिक्षुओं को सीखे हुए हुनर की पहचान के लिए आरपीएल प्रमाण पत्रों से सम्मानित किया। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने कौशल विकास और उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से भारत के राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के माध्यम से अप स्किलिंग कार्यक्रम के लिए एक संयुक्त पहल की है। इस अवसर पर कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के सचिव अतुल तिवारी, दिल्ली के एनसीटी मुख्य सचिव नरेश कुमार, एलजी के प्रमुख सचिव चंद्रभूषण, एनडीएमसी अध्यक्ष अमित यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। प्रमाण पत्र वितरित करने और सभी प्रशिक्षुओं को बधाई देने के बाद एलजी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में विरासत से एक कौशल जरूर मिलता है, लेकिन उस कौशल उन्नयन के लिए नई तकनीकों का उपयोग करके कौशल को सुधारने की आवश्यकता होती है, जिसे सीखकर यह एक कीमती हीरे के समान निकलता है। सक्सेना ने बताया कि विभिन्न पेशों के प्रशिक्षुओं की संख्या के पहले चरण में मौजूदा 25000 से बढ़ाकर कुल 75000 की तक जायेगी।



# अणुब्रत की न्यायिक हिरासत 4 मई तक बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के** राऊज एवेन्यू कोर्ट ने करोड़ों रुपये की पशु तस्करी मामले के आरोपित और तृणमूल कांग्रेस नेता अणुब्रत मंडल की न्यायिक हिरासत 4 मई तक बढ़ा दी है। स्पेशल जज रघुबीर सिंह ने मंडल को पश्चिम बंगाल के आसनसोल सुधार गृह में ट्रांसफर करने की मांग पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट इस याचिका पर 4 मई को फैसला सुनाएगा। याचिका में कहा है कि पश्चिम बंगाल में सीबीआई ने उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# दलालों के चंगुल में फंसकर जीवनभर की कमाई और घर गंवा दी

### घर से बेघर किया

= किले की जमीन पर बसी बंगाली बस्ती की 1248 पक्के ढांचे वाली झुग्गियों पर खाली करने का नोटिस चिपकाया था

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दलालों के** चंगुल में फंसकर सैकड़ों परिवारों ने जीवनभर की कमाई और घर दोनों गंवा दिए। दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बाद प्रशासन ने जनवरी में किले की जमीन पर बसी बंगाली बस्ती (छुरिया मोहल्ला) की 1248 पक्के ढांचे वाली झुग्गियों पर खाली करने का नोटिस चिपकाया था। इसके बाद कई परिवार घर खाली कर चले गए थे, जबकि भारी संख्या में लोगों ने बुलडोजर और पुलिस बल देखकर सामान समेटना शुरू किया। प्रशासन ने इन लोगों को घर खाली करने का समय दिया। आनन-फानन में लोग जरूरी सामान निकालकर ले जा पाए। कई परिवार आखिरी वक्त तक घर नहीं खाली करने पर अड़े रहे, उन्हें पुलिस बलों ने समझाकर किसी तरह जगह खाली करवाई। कई महिलाएं घर से निकलने के लिए तैयार नहीं थीं, महिला पुलिस ने इन्हें हटाया। एक सिरे से झुग्गियां को तोड़ने की कार्रवाई लगातार शाम तक चलती रही। भारी संख्या में दिल्ली पुलिस के अलावा आरएएफ की कई कंपनियां मौके पर तैनात की गई थीं। फायर ब्रिगेड व एंबुलेंस सेवा भी तैनात की गई थी।



**पांच दलालों ने मिलकर फंसाया:** घर टूटने का दर्द सैकड़ों परिवारों की आंखों में साफतौर से देखा जा सकता था। बुलडोजर घर ढहाते रहे और लोग ईंट-पत्थरों के बीच से अपना सामान निकालते रहे। लोगों ने बताया कि पुरातत्व विभाग ने जब से इनके घरों पर नोटिस चिपकाया, उनकी नींद गायब हो गई। अब कहां जाकर रहेंगे कुछ समझ में नहीं आ रहा। पांच दलालों ने उन्हें फंसाया। अधिकतर लोग पढ़े-लिखे न होने से दलालों के चंगुल में फंस गए और खून पसीने की कमाई देकर जमीन खरीद ली।

**कोर्ट ने चार सप्ताह के भीतर कब्जे हटाने का दिया था आदेश:** दिल्ली हाईकोर्ट ने केस की सुनवाई के दौरान 24 अप्रैल को एएसआई की खिंचाई की थी और कहा था कि वह ऐतिहासिक तुगलकाबाद किले में अतिक्रमण के मुद्दे पर मूकदर्शक नहीं बन सकता। कोर्ट ने हर हाल में चार सप्ताह के भीतर अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था। एएसआई ने कोर्ट को बताया था कि उसने जनवरी में किले की जमीन पर बनीं 1248 झुग्गियों पर नोटिस चिपकाए हैं, लेकिन अन्य एजेंसियों को जैसे कि दिल्ली पुलिस, निगम, डीडीए के सहयोग के बिना अवैध निर्माण को हटाने में सक्षम नहीं है।

# एनकाउंटर के बाद 'गोलीबाज' बदमाश को मेरठ से दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के** आदर्श नगर में युवक सोनू दूबे को गोली मारकर भाग रहे बदमाश रंजीत झा उर्फ गांजा को मेरठ अपराध नियंत्रण पुलिस और दिल्ली की स्पेशल सेल ने रविवार देर रात सुबेपुर गांव के पास मुठभेड़ में गिरफ्तार लिया। उसके पैर में गोली लगी है। दिल्ली के मुकंदपुर पार्ट वन निवासी रंजीत झा सुपारी लेकर हत्या करने वाला बदमाश है। वह मनोज की हत्या के मामले में वांछित था। उस पर अन्य कई केस भी दर्ज हैं। रंजीत का एक साथी बाबू फरार हो गया। उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने मौके से 9 एमएम की पिस्टल और बाइक बरामद की है। पुलिस के मुताबिक रविवार दोपहर इस बदमाश ने आदर्श नगर निवासी सोनू दुबे पर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। इसके बाद वह बाइक लेकर गाजियाबाद की ओर फरार हो गया। उसकी लोकेशन के आधार पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम के इंस्पेक्टर शिवकुमार और एसआई अनिल ढाका टीम के साथ पीछा कर रहे थे।




दिल्ली भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के रुपए 45 करोड़ के राज महल बंगला सौन्दर्यीकरण घोटाले के विरुद्ध प्रदेश अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा द्वारा घोषित धरना प्रारम्भ किया।

# कार के बोनट पर युवक को 3 किमी तक घसीटा, बिहार के सांसद की थी कार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजधानी** दिल्ली में दक्षिण जिले के सनलाइट कॉलोनी थाना क्षेत्र स्थित आश्रम चौक के पास चेतन नामक एक युवक को कार के बोनट पर करीब तीन किमी तक घसीटने का मामला सामने आया है। इसका वीडियो भी सार्वजनिक हुआ है। इसमें दिखाई दे रहा है कि कार के बोनट पर एक युवक है, जिसे कार घसीटकर ले जा रही है। बताया जा रहा है कि कार चालक बोनट पर युवक को करीब तीन किलोमीटर तक घसीट कर ले गया। इसके बाद पुलिस ने पीछा कर कार रुकवाई। बताया जा रहा है कि कार बिहार के सांसद चंदन सिंह की है। हालांकि उस दौरान कार में वह मौजूद नहीं थे। कार को ड्राइवर रामचंद्र चला रहा था। बीती रात करीब 11 बजे आश्रम चौक के तरफ निजामुद्दीन दरगाह की ओर जा रही एक कार के बोनट पर एक व्यक्ति को करीब 2-3 किलोमीटर तक घसीटा गया। पुलिस को दिए बयान में पीड़ित चेतन ने बताया कि वह ड्राइवर है। वह एक यात्री को छोड़कर जैसे आश्रम के पास पहुंचा तो एक कार ने उसकी कार को तीन बार हिट किया। उसने उस कार को रोकने की कोशिश की लेकिन चालक ने कार नहीं रोकी।




# आबकारी घोटाला: ईडी की दूसरी पूरक चार्जशीट पर कोर्ट ने संज्ञान लिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के** राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी घोटाला मामले में ईडी की ओर से दाखिल दूसरी पूरक चार्जशीट पर संज्ञान ले लिया है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने दूसरी पूरक चार्जशीट में बनाए गए सभी आरोपितों को कोर्ट में पेश होने के लिए समन जारी किया है।

ईडी ने 6 अप्रैल को दूसरी पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने दूसरी पूरक चार्जशीट में राजेश जोशी, राघव मगुंटा और गौतम मल्होत्रा को आरोपित बनाया है। इस समय तीनों न्यायिक हिरासत में हैं।

# यमुना को प्रदूषण मुक्त: आंदोलन में शामिल होगा पंचायत संघ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजधानी के** गांवों की समस्याओं का समाधान नहीं होने और यमुना को प्रदूषण मुक्त नहीं करने के विरोध में लाडो सराय में 96 गांवों की खाप की पंचायत हुई। पंचायत में ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि यमुना की सफाई के लिए चार जून को यमुना संसद संगठन के मानव श्रृंखला बनाने के कार्यक्रम में वह शिरकत करेंगे। पंचायत की अध्यक्षता लाडो सराय 96 खाप के प्रधान चौ. नरेश ने की। उन्होंने कहा कि यमुना की सफाई के लिए उनकी खाप ने कमर कस ली है और खाप के अधीन आने वाले समस्त गांवों के निवासी यमुना की सफाई के लिए आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। पंचायत में दिल्ली पंचायत संघ दिल्ली प्रदेश के प्रमुख थान सिंह यादव ने गांवों की 18 सूत्री मांगों के संबंध में ग्रामीणों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की कोई सुध नहीं ले रहा है और और ग्रामीणों पर उन्हें परेशान करने वाले नियम थोपे जा रहे हैं। इस कारण इन 18 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन की तैयारी की जा रही है। चौ. नरेश ने 18 सूत्री मांगों को ग्रामीणों का कवच करार दिया। उन्होंने कहा कि गांवों को हाउस टैक्स, पार्किंग चार्ज आदि टैक्स, सीलिंग, भवन उप नियम आदि से राहत देने और ग्रामीणों को मालिकाना देने की आवश्यकता है। पंचायत में बिहारी वेलफेयर के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय के अलावा जेकेबीएम के अध्यक्ष राजेश सेजवाल, साईं जन विकास फाउंडेशन के अध्यक्ष बीबी मिश्रा भी उपस्थित थे। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सिग्नेचर ब्रिज से आईटीओ के बीच यमुना कायाकल्प परियोजना के तहत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया।



### कमर कस ली

= यमुना की सफाई के लिए खाप ने कमर कस ली है और समस्त गांवों के निवासी यमुना की सफाई के लिए कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे

# छोटी-छोटी बातों से अवसाद का शिकार हो रहे दिल्लीवाले...

## टेली मानस से रोज 50 मरीजों की दूर की जा रही समस्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**घर में** परेशानी, पत्नी से झगड़ा, दफ्तर में साथ काम करने वालों से मनमुटाव जैसे छोटे-छोटे कारणों से दिल्ली वाले अवसाद का शिकार हो रहे हैं। कई लोग मानसिक समस्या से परेशान होकर गलत कदम तक उठा लेते हैं। ऐसे लोगों की मानसिक समस्याओं को दूर करने के लिए मानव व्यवहार और संबद्ध विज्ञान संस्थान (इहबास) ने केंद्रीय कार्यक्रम के तहत टेली मानस की शुरूआत की है। मानसिक समस्या से जूझ रहे लोग 14416 और 1800914416 हेल्पलाइन नंबर पर फोन करके अपनी समस्याओं को दूर कर सकते हैं। इस हेल्पलाइन पर हर दिन 50 के करीब कॉल आ रही हैं। कॉल करने वाले अधिकतर लोग 20 से 40 की उम्र के हैं। इन कॉल करने वाले लोगों से खराब मूड, नींद में खलल, मनोवैज्ञानिक समस्याएं, तनाव, पारिवारिक समस्या, निराशा, कुछ न होना लगना, आशा खो देना, आक्रामकता, नशा करना, इच्छा का खत्म होना, आत्महत्या का ख्याल आना, अजीब आवाज सुनाई देना, बहुत ज्यादा खुशी, मेडिकल समस्या, परीक्षा संबंधी समस्या, अधिक काम करना, थकान, अजीब और विचित्र आवाज सुनना, घबराहट होना, आवाज सुनाई देना, खुद को नुकसान पहुंचाना, कोई समस्या होना, दवा संबंधित दिक्कत, शरीर में अतिरिक्त परेशानी, दुर्घटना के पीड़ित और स्कूल जाने से इन्कार करने सहित 27 लक्षणों पर बात की जाती है।

### अवसाद का शिकार

= मानसिक समस्या से जूझ रहे लोग 14416, 1800914416 नंबर पर फोन करके अपनी समस्याओं को दूर कर सकते हैं



**टेलीमानस से रोज 50 मरीजों की दूर की जा रहीं समस्याएं:** इहबास के उप चिकित्सा अधीक्षक व प्रोफेसर मनोचिकित्सा विभाग के डॉ. ओम प्रकाश ने कहा कि मनोरोग से जूझ रहे लोगों की समस्या काउंसलिंग करके दूर की जा सकती है। हम टेलीमानस के माध्यम से रोज 50 मरीजों की समस्या दूर करते हैं। इस दौरान परिवार का भी साथ लेते हैं। कॉलर की अधिकतर समस्याएं ऐसी हैं जिन्हें बात करके दूर किया जा सकता है। यह ऐसी समस्याएं हैं जो वास्तव में कुछ हैं ही नहीं, लेकिन दूरी के कारण विकराल हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि मरीज से बात करने के दौरान यदि हमें लगता है कि मामला ज्यादा गंभीर है तो मरीज को अस्पताल बुलाया जाता है और दवा दी जाती है।

# सुप्रीम कोर्ट का तुगलकाबाद में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर रोक लगाने से इनकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने तुगलकाबाद में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने डीडीए से इस बारे में कल यानी 2 मई तक ये बताने को कहा है कि हटाए जाने वालों के पुनर्वास की क्या व्यवस्था की गई है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकताओं के वकील से पूछा कि अतिक्रमण की गई जमीन को हम आपको देने के लिए कैसे कह सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि तुगलकाबाद इलाके में काफी अतिक्रमण है। यहां तक कि डीडीए की 60 फीसदी जमीनों पर अतिक्रमण किया जा चुका है। तुगलकाबाद किले की जमीन पर बनी 1248 झुग्गियां 30 अप्रैल को तोड़ दी गई थीं। इन झुग्गियों को तोड़ने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। इस मामले पर 24 अप्रैल को दिल्ली हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान 24 अप्रैल को एएसआई की खिंचाई की थी और कहा था कि वह ऐतिहासिक तुगलकाबाद किले में अतिक्रमण के मुद्दे पर मूकदर्शक नहीं बन सकता।



## न्यूज फ्लैश

### गांव पांची जाटान खेत से किसान की हैरो चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर:** गांव पांची जाटान के खेत से किसान की हैरो चोरी होने का मामला सामने आया है। थाना गन्नौर में हैरो चोरी होने की किसान सतबीर ने शिकायत दी। जिसमें उसने बताया कि गांव के बस अड्डे से थोड़ी दूरी पर खेत के कोठड़े के निकट उसकी ट्राली, हैरो, क्लटीवेटर व अन्य समान रखा रहता है। शनिवार की शाम जब वह खेत में था तो सारा सामान वहीं रखा था, लेकिन रविवार को सुबह खेत से हैरो चोरी हुआ मिला। पुलिस ने किसान की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नव ज्योति स्कूल में श्रमिक वर्ग का सम्मान व उनके हितों की रक्षा करने की शपथ ली




**गन्नौर।** खुबडू भांवर स्थित नव ज्योति शिक्षा सदन में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों ने अलग-अलग व्यवसायों एवं कार्यों के अनुसार पोशाक पहन श्रमिक वर्ग का सम्मान करने व उनके हितों की रक्षा करने की शपथ ली। इस अवसर पर बस संचालकों, सफाई कर्मचारियों, शिक्षकों एवं विभिन्न व्यवसायों से जुड़े श्रमिकों की पोशाक धारण करने वाले विद्यार्थियों का फूल माला पहना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाविप अध्यक्ष एवं स्कूल प्राचार्य राजेंद्र कौशिक ने श्रमिकों को शुभकामना पत्र एवं विद्यार्थियों द्वारा निर्मित कपड़ों के थैले भेंट कर सम्मानित किया।

### श्रमिक दिवस के महत्व के बारे में छात्रों को अवगत करवाया



**गन्नौर:** जीटी रोड स्थित हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल ने श्रमिक दिवस को धन्यवाद दिवस के रूप में मनाया। स्कूली छात्रों ने कविता के माध्यम से श्रमिकों का महत्व समझाते हुए उनका धन्यवाद भी किया। इसके अलावा छात्रों ने लघु नाटिका के माध्यम से श्रमिक द्वारा किए जाने वाले श्रम, सहयोग व लग्न को प्रदर्शित किया। स्कूल प्राचार्या उषा मलिक ने बच्चों को श्रमिक वर्ग का सम्मान करने की प्रेरणा दी। इसके बाद स्कूल प्रबंधक सुनील नागपाल, संजय नागपाल व रीटा नागपाल ने स्कूल में कार्य कर रहे श्रमिकों को सम्मानित कर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

### सलारगंज गेट से लेकर ड्रेन नंबर एक तक बनेगी सीसी सडक: प्रमोद

**पानीपत:** पानीपत शहर के वार्ड 9 में 38 लाख रूपए की लागत से सलारगंज गेट से लेकर ड्रेन नंबर एक तक सीसी सडक बनाई जाएगी। सडक की हालत खराब होने पर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। वहीं सोमवार को शहरी विधायक प्रमोद विज ने अंतरर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर श्रमिकों से ही सडक का शिलान्यास करवाया। इस मौके पर 11 श्रमिकों ने संयुक्त रूप से नारियल तोडकर सडक निर्माण कार्य का शिलान्यास किया और विधायक प्रमोद विज ने श्रमिकों को भगवान विश्वकर्मा की फोटो भेट कर उनका सम्मान किया। इसके लिये श्रमिकों ने विधायक प्रमोद विज का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पार्षद पति अशोक नारंग, मंडल अध्यक्ष प्रीतम गुर्जर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्राण रत्नाकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष राममोहन शर्मा और देवी मंदिर के प्रधान काकू बंसल आदि मौजूद रहे। वहीं विधायक प्रमोद विज ने वार्ड 11 की चावला कॉलोनी में 18 लाख रूपए की लागत से गलियों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर पूर्व पार्षद रामकुमार सैनी व पार्षद कोमल सैनी आदि मौजूद रहे।



# मजदूरों के परिश्रम, दृढ़ निश्चय और निष्ठा का दिन है अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

## ज्ञान गंगा मांटेसरी एवं मॉडल स्कूल में उत्साह पूर्वक मनाया गया अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
ज्ञान गंगा मांटेसरी एवं मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया । मजदूरों के प्रति सम्मान की भावना व्यक्त करने के लिए विशेष सभा का आयोजन किया गया । इस मौके पर विद्यार्थियों ने श्रम व श्रमिकों के योगदान पर भाषण एवं कविता की शानदार प्रस्तुती दी । नन्हे-मुन्ने बच्चों ने कार्ड एवं बुके देकर विद्यालय के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट किया । इस मौके पर प्राचार्या रिचा चावला ने सभी चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया । प्राचार्या रिचा चावला ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस लाखों मजदूरों के परिश्रम, दृढ़ निश्चय और निष्ठा का दिवस है। एक मजदूर देश के निर्माण में बहुमूल्य भूमिका निभाता है और उसका देश के विकास में अहम योगदान होता है।उन्होंने कहा किसी भी समाज, देश, संस्था और उद्योग में काम करने वाले श्रमिकों की अहम भूमिका होती है। मजदूरों के बिना किसी भी औद्योगिक ढांचे के खड़े होने की कल्पना नहीं की जा सकती इसलिए श्रमिकों का समाज में अपना ही एक स्थान है। इस मौके पर छात्रा दिशा ने कहा कि श्रमिकों के संघर्ष और उनकी श्रम को सम्मान देने के लिए हर साल 1 मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जाता है । श्रमिकों ने विश्व को मजबूत और समृद्ध बनाने के लिए अपना अहम योगदान दिया है। बच्चों ने सुंदर-सुंदर कार्ड एवं चार्ट बनाकर श्रमिकों के प्रति सम्मान की भावना को व्यक्त किया।अध्यापिका मंजू गांधी ने अपने विचार प्रस्तुत हुए कहा कि मजदूर दिवस मनाने का उद्देश्य श्रमिकों के हितों एवं हक के बारे में जागरूकता लाना है। कोऑर्डिनेटर नीरू ने श्रमिक दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कर्मचारियों के बिना विद्यालय एवं छात्रों उन्नति संभव नहीं है।

## प्रयास इंटरनेशनल स्कूल ने श्रमिकों का किया सम्मान



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**प्रयास** इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को श्रमिक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य कृष्ण मलिक, रजिस्ट्रार डा. मनोज के अलावा शिक्षकों व छात्रों ने श्रमिक दिवस के अवसर पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने वक्तव्य में श्रम व श्रमिक का सम्मान करने की बात कही। इस अवसर पर विद्यालय के सभी श्रमिकों का विद्यालय प्रशासन द्वारा अभिनंदन किया गया। सभी विद्यार्थियों को भी श्रमिकों के साथ अच्छा व्यवहार करने की शपथ दिलाई गई। इसके बाद स्कूल में कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के बीच अंग्रेजी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता को चार सदनों में विभाजित किया गया था। जिसमें एलिट सदन प्रथम, टाइटन सदन द्वितीय, पायनियर सदन ने तृतीय तथा होराइजन चौथे स्थान पर रहा। स्कूल प्राचार्य ने विजेताओं को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए।

## मजदूर दिवस पर हुडा पार्क के बाहर प्याऊ स्थापित



**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश यादव**
**महेंद्रगढ़**
मजदूर दिवस के अवसर पर आज जिला लेबर विभाग द्वारा हुडा पार्क महेंद्रगढ़ के बाहर प्याऊ स्थापित की गई। प्याऊ का शुभारंभ लेबर इंस्पेक्टर सत्यवान कूंडू ने किया। उन्होंने बताया कि इस दिन को मनाने का मकसद लोगों व श्रमिकों उनकी स्थिति और उनकी समस्याओं के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि मजदूर दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य मजदूरों के संघर्ष को बताना और उनके द्वारा किए गए बलिदानों को याद करना है। इस दिन मजदूरों और श्रमिकों को उनके काम के लिए सराहना और उपलब्धियां दी जाती हैं। साथ ही उन्हें अपने अधिकारों को रक्षा करने और अपने प्रति होने वाले शोषण के खिलाफ आवाज आवाज को प्रेरित किया जाता है।

## तूड़ा रखने के विवाद में युवक पर किया जानलेवा हमला

**सोनीपत:** राई थाना क्षेत्र के गांव जाखौली में युवक पर जानलेवा हमला कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। घायल को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां से उसे हालत गंभीर होने के चलते पीजीआई रेफर कर दिया। परिजन उसे निजी अस्पताल में ले गए। जहां उसका उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। गांव जाखौली निवासी निवासी शिवकुमार ने बताया कि वह गांव में पंचायती जमीन पर तूड़े का भंडारण करता है। वह आठ साल से वहां पर तूड़े का भंडारण कर रहा है। पिछले दिनों उक्त जगह पर तूड़े का भंडारण किया था। अब गांव के राकेश और रविंद्र उनके पास आए और वहां से तूड़ा का भंडारण हटा लेने की चेतावनी देने लगे।

## अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिकों को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को बताया कि श्रमिक मेहनत से दूसरों का आशियाना व अपनी आजीविका चलाने के लिए कार्य करते हैं। हम सभी ने श्रमिकों का मान सम्मान करना चाहिए। उनके साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। प्रत्येक वर्ष एक मई को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया जाता है लगभग 80 देशों में श्रमिकों को राष्ट्रीय छुट्टी भी दी जाती है विश्व में सर्वप्रथम 1 मई 1886 को मनाया गया था भारत देश में श्रमिक दिवस पहली बार 1 मई 1923 को मनाया गया ।
प्रार्थना सभा के उपरांत स्टेट अवार्डी दिलबाग सिंह ने तीन श्रमिकों मनोज मिस्त्री, वेदपाल श्रमिक,राधे श्रमिक को पैंट-कमीज व बिस्किट उपहार स्वरूप देकर सम्मानित किया। उनका व उनके परिवार को स्वस्थ रखने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर राजेंद्र मलिक, संजय कुमार, सुरेंद्र कुमार ,संजय ए बी आर सी, सुमन मलिक ,ललिता ,मुकेश कुमारी, किरण, रीना देवी, सुषमा रानी देवी, संजना शर्मा व विद्यार्थीगण आदि उपस्थित रहे।

## सेहलंग बाघोत कट बनाने के लिए आश्वासन नहीं धरातल पर काम चाहिए: गोमला



**टीम एक्शन इंडिया/संजय सिंह**
**नारनौल**
सेहलंग और बाघोत के बीच एंट्री और एग्जिट कट की मांग को लेकर 40 से अधिक ग्राम पंचायतों के लोग लगातार 50वे दिन नेशनल हाईवे 152डी पर कट की मांग को लेकर धरने पर बैठे। सोमवार को अध्यक्षता ओमप्रकाश पीटीआई नौताना ने की। इस मौके पर समाजसेवी एवं गोमला के पूर्व सरपंच राधेश्याम गोमला ने धरने पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार और जनप्रतिनिधियों की तरफ से आश्वासन तो काफी मिल चुके हैं लेकिन अभी तक धरातल पर कोई काम नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अब आश्वासनों से काम नहीं चलने वाला और यदि सरकार ने इस पर जल्द कार्रवाई नहीं की तो आने वाले समय में इसके लिए जन आंदोलन शुरू किया जाएगा। राधेश्याम गोमला ने कहा कि 152डी पर कट की मांग बहुत ही जायज मांग है और इससे 4 जिलों के लोगों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि यदि धरातल पर कार्य जल्दी शुरू नहीं किया गया तो संघर्ष समिति के लोगों के साथ बैठकर आगामी रणनीति पर काम किया जाएगा और यदि आवश्यकता पड़ी तो इसके लिए जन आंदोलन शुरू किया जाएगा। संघर्ष समिति के सयोजक रणधीर पहलवान बाघोत व तेज सिंह नौसवा ने बताया कि आज संघर्ष समिति व 40 गावों के लोगो ने आपसी सहमति से एक बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं और आंदोलन को लेकर कमेटिया गठित की है, जल्दी ही सारी कमेटियो को उनका दायित्व दे दिया जायेगा। इस मौके पर लीलाराम बाघोत व महेंद्र सिंह थानेदार सेहलंग ने बताया कि हम पिछले 50 दिनों से इलाके की जायज मांग को लेकर धरने पर बैठे हुए है । यहां पर सभी पार्टियों के जन प्रतिनिधि धरने पर आकर कार्य को जल्द करवाने का आश्वासन दे चुके है परन्तु धरातल पर अभी तक कुछ भी नही हुआ है। जिससे 40 गावो के लोगो के अंदर जबरदस्त रोष है क्योंकि हरियाणा के अंदर बेरोजगारी दर पहले ही देश में सबसे ज्यादा है और यदि यह कट नही बनता है तो लोकल इकॉनमी नही खुल पाएगी जिससे यहां के पढ़े लिखे युवा बेरोजगार रहेंगे और युवाओं ने अपना रोष प्रकट करते हुए जल्द ही जन प्रतिनिधियों के खिलाफ फैसला लेना का निश्चय किया जाएगा। इस मौके पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह चेयरमैन नौताना ,राज सिंह पूर्व पार्षद, सावल भुर्जत, प्रवीण आदलपुर,हरकेश अघियर, ध्रवेंद्र यादव बालरोड,मखन लाल स्वामी बसई , राजेश कुमार कोसली,मैनपाल बाबूजी सेहलंग, मुख्तार सिंह सेहलंग,प्रधान लालाराम पोता, बेड़ा सिंह एक्स सरपंच बागोत, धर्मपाल भलेरा सेहलंग, एडवोकेट केपी यादव सेहलंग,सत्यपाल चेयरमैन पोता, सेरसिंह पोता,हरिओम यादव पोता व सभी गावों के वर्तमान व पूर्व सरपंच,बीडीसी सदस्य व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## डॉ. चोपड़ा पैथ क्लिनिक ने फ्री प्रीवेंटिव हेल्थ चैकअप कैंप का आयोजन किया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में स्थित पैथोलॉजी लैब डॉ. चोपड़ा पैथ क्लीनिक भारत के प्रमुख सोलर पैनल निमार्ता गौतम सोलर के कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल के साथ साझेदारी में शहर के भीतर कई जगहों पर निशुल्क निवारक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने जा रहा है। डॉ. चोपड़ा पैथ क्लीनिक को एनएबीएल और आईसीएमआर से मान्यता मिली हुई है। शिविरों का उद्देश्य गाजियाबाद के लोगों को सस्ती और सुलभ हेल्थ चैकअप संबंधी सुविधा देना और बीमारियों के शुरूआती लक्षणों का पता लगाना है। इसके अलावा शिविर नियमित हेल्थ चैकअप को लेकर लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने का भी काम करेगा। शिविर अप्रैल 2023 से जून 2023 तक गाजियाबाद के अलग-अलग जगहों पर आयोजित किए जाएंगे। इसमें आवासीय सोसायटी से लेकर वॉक-इन-लैब्स और डॉक्टरों के परिसर शामिल हैं।
कुल मिलाकर 18 प्रिवेंटिव हेल्थ चैकअप कैंप आयोजित किए जाने हैं। इसमें शहर भर के एक हजार से ज्यादा लोगों की जांच की जाएगी। पहला शिविर रविवार, 30 अप्रैल 2023 को सुबह 5 बजे से 10 बजे तक गुलमोहर एन्क्लेव के सामुदायिक केंद्र में आयोजित किया जाना है। इसके बाद, ये शिविर हर रविवार को विभिन्न आवासीय सोसायटियों में आयोजित किए जाएंगे।

## हरियाणा यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री सलाहकार से मिला



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
हरियाणा भवन दिल्ली में हरियाणा यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स ट्रेड रजिस्टर के प्रदेश अध्यक्ष आरपी वशिष्ठ के नेतृत्व में पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के मीडिया सलाहकार अमित आर्य से मिला। जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा हरियाणा के पत्रकारों की पेंशन बढ़ोतरी को लेकर एक धन्यवादी पत्र अमित आर्य को सौंपा। उसके लिए प्रतिनिधिमण्डल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। अमित आर्य ने कहा कि पत्रकारों की जो बकाया मांगे हैं उनको भी मुख्यमंत्री जल्द पूरा कराने की जल्द ही कोशिश करेंगे। इस मौके पर आर पी वशिष्ठ अजय जैन, राजीव शर्मा, प्रवीण ठाकुर और कई पत्रकार मौजूद रहे।

## नवनियुक्त कार्यकारी अधिकारी नरवाल ने संभाला कार्यभार

### साफ-सफाई, शहर को अतिक्रमण से मुक्त करवाना व एनडीसी में आ रही समस्याओं पर फोकस



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** सोमवार को नगर परिषद कार्यालय थानेसर में नवनियुक्त कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र नरवाल ने पदभार ग्रहण कर लिया। देवेंद्र नरवाल ने कार्यभार संभालने के बाद सुबह कार्यालय की प्रत्येक शाखा का अधिकारियों को साथ लेकर निरीक्षण किया। मीटिंग में नवनियुक्त कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र नरवाल ने कहा कि उनका ज्यादा फोकस शहर की साफ-सफाई, शहर को अतिक्रमण से मुक्त करवाना, एनडीसी में आ रही समस्याओं का हल करवाना, बीआई ब्रांच, लंबित पड़ी सीएम विंडो व आरटीआई का समाधान करने पर रहेगा। कार्यकारी अधिकारी नरवाल ने कहा कि काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं होगी। जो कोई भी अपने कार्य को समय पर नहीं करेगा उस कर्मचारी पर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी, इसलिए सभी कर्मचारी अपने कार्य को ईमानदारी और लगन के साथ करें। उन्होंने कहा कि खासकर एनडीसी लेने में आ रही दिक्कतों को जल्द दूर किया जाएगा।

**8 देवेंद्र ने कार्यभार संभालने के बाद सुबह कार्यालय की प्रत्येक शाखा का अधिकारियों को साथ लेकर निरीक्षण किया**

## जेएलएन नहर में डूबे यश का दूसरे दिन भी नहीं लगा सुराग





**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**रविवार को** दोपहर बाद बजाना खुर्द के पास से गुजर रही जेएलएन नहर में दोस्तो के साथ नहाते समय डूबे 14 वर्षीय यश का दूसरे दिन भी पता नहीं चल पाया है। खुबडू चौकी से एसआई सुखबीर व एसईपीओ जयभगवान राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीम से आए 4 गोताखोर नांव व दूसरे साधनों की मदद से यश को नहर में ढूंढने में लगे रहे, लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं मिला। बता दें कि बजाना खुर्द गांव का रहने वाला 14 वर्षीय यश रविवार को अपने दोस्तों के साथ बजाना कला के पास से गुजर रही जेएलएन नहर में नहाने आया था। जैसे ही यश अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए नहर में उतरा तो उसका अचानक पैर फिसल गया और वह नहर में डूब गया। यश के दोस्तों ने गांव में पहुंच कर यश के घरवालों को उसके डूब जाने की जानकारी दी। सूचना के बाद चौकी से एएसआई सुखबीर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और यश को ढूंढने के प्रयास शुरू कर दिए हैं, लेकिन अभी तक यश का पता नहीं चल पाया है। यश गांव के निजी स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ता था।

**भोंडसी पुलिस अकादमी से एसडीआरएफ टीम में आए 4 गोताखोर**

एसआई सुखबीर ने बताया कि किशोर यश को ढूंढने के लिए भोंडसी पुलिस अकादमी से एसडीआरएफ टीम के 4 गोताखोर सोमवार को सुबह ही नहर में उतर गए थे। अलग-अलग तरीके से नहर में डूबे यश का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। सोमवार को टीम ने बजाना खुर्द से मोई हुड्डा, कासंडी, सरगथल, लाठ जौली तक तलाश की। एसईपीओ जयभगवान व दमकल विभाग की टीमें भी यश की तलाश में जुटी हुई हैं।

## पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
डॉ. बी. आर. अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, सोनीपत की एनएसएस इकाई ने अपने प्रमुख कार्यक्रम विवृति के तहत एक पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया है। एनएनएस इकाई प्रभारी डॉ अमित गुलेरिया ने बताया कि माननीया कुलपति डॉ अर्चना मिश्रा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जल शक्ति अभियान: कैच द रेन 2023 की थीम के अनुरूप था, जिसका विषय पेयजल के लिए स्त्रोत स्थिरता था। इस कार्यक्रम में सभी बैचों के छात्रों ने थीम से संबंधित पोस्टर बनाकर भाग लिया। छात्रों ने न कवक पोस्टर बनाया बल्कि थीम से संबंधित विषय पर विचार भी साझा किए। पोस्टर बनाने के लिए छात्रों को एक घंटे का समय दिया गया जिसमें उन्हें विषय के साथ-साथ समय की आवश्यकता को दशार्ने वाले भी पोस्टर बनाना था। छात्रों द्वारा बनाए गए पोस्टर को आगे की प्रस्तुति के लिए चिन्हित किया गया और विश्वविद्यालय की दीवार पर लगाया जायेगा।

# केजरीवाल के राजमहल घोटाले के विरुद्ध भाजपा का धरना प्रारम्भ





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के 45 करोड़ रूपए के राज महल बंगला सौन्दर्यीकरण घोटाले के विरुद्ध प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा द्वारा घोषित धरना प्रारम्भ किया। प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा के संयोजित धरने में सांसद डा. हर्षवर्धन के नेतृत्व में चांदनी चौक एवं केशवपुरम जिलों के कार्यकर्ता सम्मलित हुए और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह विधूड़ी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजय गोयल आदि ने सम्बोधित किया। धरने में सम्मलित पार्टी पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं में प्रमुख थे अशोक गोयल, राजन तिवारी, प्रवीण शंकर कपूर, पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल, शुभेन्दु अवस्थी, सरदार कुलदीप सिंह, राजकुमार भाटिया, खेमचंद शर्मा, अजय भारद्वाज, मंजीत सिंह, प्रवीण जैन, धर्मवीर शर्मा, सुमन कुमार गुप्ता, निगम पार्षद रेखा गुप्ता, योगेश वर्मा, कमल बागड़ी, मनोज जिंदल, पूनम भारद्वाज, शिखा भारद्वाज, निगम पार्षद सुमन शर्मा और भाजपा नेता जीवन लाल व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 2016 और 2022 के बीच प्रदूषण की स्थिति में कोई राहत नहीं मिली: सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली के लोग दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दिल्ली में प्रदूषण के स्तर में सुधार के दावे को देखकर हैरान हैं। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष ने कहा है कि 2016 और 2022 के बीच प्रदूषण की स्थिति में कोई राहत नहीं मिली है और सी.एम. को बताना चाहिए कि उन्होंने किस वैज्ञानिक आधार पर दावा किया है कि प्रदूषण की स्थिति में सुधार हुआ है। दिल्ली के लोगों की मांग है कि सी.एम. केजरीवाल दिल्ली में गंभीर और खराब प्रदूषण दिनों की संख्या में कमी के अपने दावे



को सही ठहराने वाली तकनीकी रिपोर्ट सार्वजनिक करें। उन्हें यह भी बताना चाहिए कि उनकी सरकार का क्या योगदान रहा है क्योंकि हाल तक दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति भी कहती रही है कि दिल्ली का औसत प्रदूषण स्तर अपेक्षित मानकों से काफी ऊपर है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि यह चौंकाने वाला है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने स्वीकार किया कि वह अब ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर एम.सी.डी. के साथ सहयोग करेंगे क्योंकि उनकी पार्टी सत्ता में है, जो स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि उनकी सरकार ने पिछले 8 वर्षों में भाजपा द्वारा संचालित एम.सी.डी. के साथ सहयोग नहीं किया। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि सड़कों पर धूल प्रदूषण को कम करने के लिए नई मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन और स्प्रिंकलर लाने के मुख्यमंत्री केजरीवाल के दावे में कोई नई बात नहीं है।

## मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल से मिले छात्र आस्तीक नारायण

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जेईई** मेंस की परीक्षा में 100 फीसद अंक लाने वाले आस्तीक नारायण ने सोमवार को सीएम अरविंद केजरीवाल से उनके आवास पर आकर मुलाकात की। आस्तीक नारायण दिल्ली सरकार के ईस्ट दिल्ली स्थित राधेश्याम पार्क के सर्वोदय बाल विद्यालय के छात्र हैं। उनकी इस सफलता ने उनके माता-पिता के साथ ही दिल्ली सरकार को भी गौरवांवित किया है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने आस्तीक नारायण को उनकी सफलता के लिए बधाई व भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और बीकमिंग बाबा साहब अंबेडकर किताब नामक किताब भी भेंट की। सीएम




अरविंद केजरीवाल कहा कि आस्तीक अफसर बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं। बच्चों की इस लगन और कामयाबी पर गर्व होता है। यही तो बाबा साहब और सरदार भगत सिंह का सपना था। हमारी कोशिश है कि उनके सपनों को हम पूरा कर पाएं। बता दें कि दिल्ली सरकार के स्कूल में पढ़ने वाले आस्तीक नारायण ने जेईई (मेंस) में 100 फीसद अंक हासिल किया है। सोमवार को आस्तीक नारायण अपने छोटे भाई और माता-पिता के साथ सीएम अरविंद केजरीवाल से मिलने के लिए उनके आवास पर पहुंचे थे। इस दौरान शिक्षा मंत्री आतिशी, शिक्षा निदेशक हिमांशु गुप्ता के अलावा आस्तीक नारायण के स्कूल के प्रिंसिपल और फिजिक्स के शिक्षक भी मौजूद थे। इस दौरान आस्तीक नारायण के माता-पिता ने दिल्ली सरकार के स्कूलों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता था कि दिल्ली सरकार के स्कूलों में इतनी अच्छा व्यवस्था है। इसकी उन्होंने उम्मीद ही नहीं थी। वे दिल्ली के सरकारी स्कूलों में व्यवस्था देखकर अचम्भित हैं। माता-पिता ने बताया कि उनके बेटे को शिक्षकों और प्रिंसिपल से पूरा सहयोग मिला। इससे उसका मनोबल हमेशा उंचा रहा। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार के स्कूलों में टीचर बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और वे हर बच्चे को अच्छे से पढ़ाने में अपनी दिलचस्पी दिखाते हैं।

## राजा गार्डन: शिवाजी कॉलेज में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** विश्वविद्यालय से संबद्ध शिवाजी महाविद्यालय और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट के संयुक्त प्रयास से आपदाओं से निपटने के लिए विशेष तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को आपदाओं से निपटने के लिए जागरूक किया गया। इसमें मुख्य रूप से भूकंप और आग से बचने के तरीकों को समझाया गया, साथ ही २९ अप्रैल को बिल्डिंग डिजास्टर रेसिस्टेंस इंफ्रास्ट्रक्चर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ७० से भी अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें विद्यालय और महाविद्यालय के अध्यापक, शोधार्थी, सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक एवं डीडीएमए के अधिकारी भी शामिल रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में आपदा से बचने के लिए जनजागरूकता फैलाना था एनआईडीएम, एनडीआरएफ, दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारियों और स्वयंसेवी संगठन के विशेषज्ञों ने सभी प्रतिभागियों को विशेष रूप से शिक्षण संस्थाओं में मौजूद जोखिमों और बचने के निवारण उपायों पर विस्तार से संबोधित किया।

## दिल्ली एमसीडी में जनहित के काम पकड़ेंगे रफ्तार, 773 करोड़ रूपए की किश्त जारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** एमसीडी में जनहित से जुड़े काम अब और गति पकड़ेंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने इस वित्तीय वर्ष एमसीडी को 773 करोड़ रूपए की पहली किश्त जारी की है। यह पहली बार है कि एमसीडी में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद दिल्ली सरकार के बजट से एमसीडी को पैसा दिया जा रहा है। शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि केजरीवाल सरकार की ओर से 773 करोड़ रूपए की किश्त जारी करने के इस निर्णय से एमसीडी में कार्यरत कर्मचारियों को

**8 इस निर्णय से एमसीडी में कार्यरत कर्मचारियों को समय पर वेतन व पेंशन मिल पायेगा।**

समय पर वेतन व पेंशन मिल पाएगा। इसके अलावा एमसीडी के सफाई कर्मचारियों, पैरा-मेडिकल स्टाफ, डॉक्टरों आदि को भी समय से सैलरी का भुगतान होगा। जोकि उन्हें आम जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करेगा। केजरीवाल सरकार के इस निर्णय से दिल्ली के लोगों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने में एमसीडी को मदद मिलेगी। जैसा की ज्ञात है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी ने वादा किया था कि एमसीडी में पैसे की कमी नहीं होने देंगे। इसके साथ ही एमसीडी के सभी कर्मचारियों को सैलरी समय पर मिलती रहेगी और दिल्ली की साफ सफाई का ध्यान अच्छे से रखा जाएगा। इसी कड़ी में अरविंद केजरीवाल जी ने इस वित्तीय साल में पहली किश्त के रूप में 773 करोड़ रूपए एमसीडी को दिए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक बनाने के केजरीवाल सरकार पूरी गंभीरता के साथ काम कर रही है।

## स्वास्थ्य सेवाओं में 'पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप' लागू करने का विरोध

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जी.बी.पंत** पैरामेडिकल एंड टेक्निकल एंप्लाइज यूनियन और नेशनल पब्लिक हेल्थ एलाइंस द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। मजदूर दिवस को मई दिवस के नाम से भी जाना जाता है। मई दिवस काम के घंटे 8 की मांग को लेकर जाना जाता है। इस मांग को लेकर बहुत से मजदूरों ने अपनी शहादत दी, लेकिन सरकार और प्रशासन आज कर्मचारियों से ज्यादा घंटे काम कराने के लिए मजबूर कर रही है। मई दिवस के दिन सरकार द्वारा कर्मचारियों पर हो रही दमनकारी नीतियों के विरोध में और लैब सर्विसेज सहित अस्पताल के अन्य सेवाओं को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के नाम पर कर्मचारियों की छटनी करने के खिलाफ



अस्पताल कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध कर कार्य करते हुए विरोध दर्ज कराया। भारी बारिश के बीच भी भोजन अवकाश के समय आम सभा करते हुए मई दिवस के शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। सभा का संचालन जी बी पंत पैरामेडिकल टेक्निकल एम्पलाइज यूनियन अध्यक्ष भारत वीर, महासचिव सुशील कुमार द्वारा किया गया। जिसकी अध्यक्षता एन.पी.एच.ए के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार द्वारा की गई। मुकेश कुमार, विकास, किशोर राणा, सत्येंद्र मिश्रा, एसडी सिंह, रविंदर, रामप्रवेश, दिनेश मिश्रा और पुष्पा सहित अस्पताल के अनेक कर्मचारी मौजूद रहे। उन्होंने आगे कहा कोर्ट के आदेश के बाद भी ठेका मजदूरों को पक्का करने तथा समान काम का समान वेतन देने के बारे में कोई काम नहीं किया जा रहा। मजदूरों को कानून के अनुसार सुविधा देने के बदले सरकार न्यूनतम वेतन को भी कम करने की कोशिश कर रही है। भवन निर्माण मजदूरों को उनके कानूनसम्मत हक भी नहीं दिये जा रहे हैं। सार्वजनिक उद्योगों को बेचने व जनकल्याणकारी सेवाएं जैसे शिक्षा, इलाज, बिजली, पानी, रेलवे, परिवहन को मुनाफाखोरों, पूंजीपतियों के हवाले कर रही है। महंगाई पर रोक नहीं लगाई जा रही है। बेरोजगारी बेतहाशा बढ़ रही है। और महंगाई की मार के कारण जन जीवन त्रस्त है। उन्होंने कहा कि सरकार की दमनकारी, मजदूर, कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ एकताबद्ध होकर विरोध किया जाना चाहिए।

## बच्चों-पैरेंट्स के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केजरीवाल** सरकार के सभी डॉ.बी.आर.अंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस में नए सत्र में 9वीं क्लास में दाखिला लेने वाले बच्चों व उनके पैरेंट्स के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जहाँ पेरेंट्स ने जाना कि कैसे वे अपने बच्चों की शिक्षा में भागीदार बनकर उनके सपनों को उड़ान दे सकते है। इस मौके पर शिक्षा मंत्री आतिशी भी रोहिणी सेक्टर-17 स्थित डॉ.बी.आर.अंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस के ओरिएंटेशन प्रोग्राम में शामिल हुई और पेरेंट्स तथा बच्चों के साथ बातचीत की। पेरेंट्स के साथ चर्चा करते हुए शिक्षा मंत्री आतिशी ने



कहा कि हमारे बच्चे भारत के भविष्य के निमार्ता है पेरेंट्स इनकी पढ़ाई में भागीदार बने क्योंकि बच्चों के भविष्य को संवारना ही सबसे बड़ी देशभक्ति है उन्होंने कहा कि पेरेंट्स रोजाना अपने बच्चों से उनकी पढ़ाई पर चर्चा करें, सभी पेरेंट्स को अपने बच्चों के सपनों से रूबरू होने की जरुरत है शिक्षा मंत्री ने कहा कि बच्चों के भविष्य के लिए स्कूल व टीचर्स तो मेहनत कर ही रहे है लेकिन बच्चों की पढ़ाई में उनके पेरेंट्स भी बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है इसलिए पेरेंट्स अपने बच्चों की पढ़ाई में भागीदार जरुर बने उन्होंने पेरेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि अपने बच्चों के पढाई में जितना ध्यान देंगे तब बच्चे पढ़ाई में उतना ज्यादा बेहतर करेंगे उन्होंने कहा कि सभी पेरेंट्स को ध्यान रखना चाहिये कि जब बच्चे स्कूल से घर आए तो आप सभी उसके साथ कम से कम आधे घंटे का खुशनुमा समय जरुर व्यतीत करे अपने बच्चों से ये जानने का प्रयास करे कि पूरे दिन उसने स्कूल में क्या देखा,क्या सीखा। उन्होंने कहा कि अबतक समाज में यही ट्रेंड बना रहा है कि पिता अपने बच्चे से सिर्फ रिजल्ट के दिन ही बात करते है लेकिन लेकिन अब समय आ गया है कि इस अवधारणा को बदलते हुए पेरेंट्स अपने बच्चों के साथ अधिक से अधिक समय बिताए और उन्हें जानने कास प्रयास करे।

## बुराड़ी: कांग्रेस जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**करावल** नगर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। आपको बतादें कि सुबह से ही कांग्रेस जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज को उनके निवास पर बधाई देने वालो का तांता लगा रहा। इस मौके पर आये हुए लोगों ने उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की और उनको जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर ननवा राम प्रधान ने कहा कि जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज बड़े ही मिलनसार व्यक्ति है और सबसे बड़ी बात यह है कि सभी की सुनते हैं। यही कारण है कि आज बरसात के बावजूद भी बहुताय की संख्या में श्री भारद्वाज को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। मैं उनको तहेदिल से जन्मदिन की बधाई देता हूं। आदेश भारद्वाज ने कहा कि जिन लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी है उनका मैं धन्यवाद करता हूं।

# एडीसी ने दिव्यांगजन और बुजुर्गों के परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को दूर कराने को लेकर समीक्षा बैठक की

**टीम एक्शन इंडिया/बल्लबगढ़, (हरपाल सिंह यादव)** परिवार पहचान पत्र की जिला नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने बताया कि जिला में परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को दूर करने का कार्य किया जा रहा है। परिवार पहचान पत्र में आय वेरिफिकेशन के साथ- साथ किसी का नाम जोड ?ा, दिव्यागों का स्टेट्स अपडेट कराना, जन्मतिथि में सुधार करना आदि के कार्य भी शामिल है। एडीसी अपराजिता ने आज लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में फरीदाबाद जिले के सरपंचों के साथ दिव्यांगों और सीनियर सिटीजन के परिवार पहचान पत्र को वेरीफाई और सुधारीकरण कराने को लेकर



समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी सरपंचो से कहा कि वह अपने अपने गावों में दिव्यांगजन और बुजुर्गों की पहचान करे और ऑनलाइन फॉर्म या ऑफलाइन फॉर्म भरवाकर उनकी जानकारी प्रशासन को दें ताकि सरकार के द्वारा उनको दी जा रही योजनाओं का लाभ उनको मिल रहा है या नहीं यह सुनिश्चित हो सके। बैठक में सभी सरपंचों को ऑनलाइन और ऑफलाइन फॉर्म भरने की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा दिव्यांगों और बुजुर्गों को समाज की मुख्यधारा में लाने के प्रयास निरंतर किए जा रहे है। गांव में जो दिव्यांगजन और बुजुर्ग अकेले रह रहे है उनकी जानकारी एकत्रित करके दे ताकि उनको पेंशन मिल रही है या नहीं तो उनकी सहायता की जा सकें। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को ठीक कराने के लिए विशेष कैम्पों का आयोजन लगातार प्रशासन द्वारा किया जा रहा है और जिस गांव में अभी तक कैंप नहीं लगे वहां पर जल्द ही कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। अगर कोई सीएससी सेंटर का कर्मचारी आपसे काम के बदले पैसा मांगता है तो उसकी सूचना प्रशासन को दे ताकि उस पर उचित कार्यवाही की जा सके।

# बेमौसमी बरसात से नही आने दी जाएगी लोगों को जलभराव से परेशानीः मूलचंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/बल्लबगढ़, (हरपाल सिंह यादव)** प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ शहर के दौरे पर निकल कर आज सोमवार को अचानक हुई बरसात के दौरान शहर के मुख्य नाले का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि शहर में कोई जलभराव की समस्या नहीं है और ना ही जलभराव से लोगों को समस्या नहीं आने दी जाएगी। वहीं परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने सर्वप्रथम चंदावली स्थित डिस्पोजल का निरीक्षण किया।जहां मोटरे चलती हुई पाई गई। केबिनेट मंत्री श्री शर्मा ने एक्सईएन पद्म भूषण और एसडीओ अमित कुमार को दिशा निर्देश दिए हैं कि वे बराबर शहर की साफ-सफाई और पानी निकासी की व्यवस्था पर नजर



रखें। ताकि लोगों को कहीं कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने नगर निगम के अधिकारियों को नाले की सफाई के दिशा निर्देश देते हुए खुद मोहना रोड नाले पर खड़े होकर जेसीबी से नाले के बहाव में रही गंदगी की अड़चन को साफ करवाया। इस दौरान ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य श्री बृजलाल शर्मा और जोगेंद्र रावत, एमसीएफ के तकनीकी अधिकारी और शहर के गणमान्य नागरिक व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अपोलो इंटरनेशनल स्कूल बड़ी में श्रमिक दिवस मनाया



**गन्नौर।** अपोलो इंटरनेशनल स्कूल बड़ी में श्रमिक दिवस मनाया गया। जिसमें कक्षा छठी के छात्रों ने श्रमिकों के लिए लघु नाटिका, कविता, स्लोगन, नृत्य, भाषण आदि की प्रस्तुति देकर उनका मनोरंजन भी किया। छात्रों ने नृत्य के माध्यम से श्रमिक दिवस के बारे में बताया। विद्यालय की सभी माली, स्वीपर, ,परिचालक, गेटकीपर आदि को उपहार देकर सम्मानित करने के बाद भोजन करवाया। विद्यालय के सभी छात्रों ने स्वयं काम करके श्रमिकों को अवकाश देकर अपना प्रेम व्यवहार के माध्यम से उनका मान-सम्मान किया। सभी कर्मचारियों को मंच पर बुलाकर उनसे विशेष प्रकार की गतिविधियां भी करवाई गई। प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने कहा कि हम सभी श्रमिक हैं और हमें सभी श्रमिकों का सम्मान करना चाहिए, काम कोई भी हो, छोटा- बड़ा नहीं होता, हमें हर व्यक्ति को मान -सम्मान देना चाहिए।

### चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में श्रमिकों को सम्मानित करके मनाया गया श्रमिक दिवस



**गन्नौर।** श्रमिक दिवस पर चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में शेखपुरा के सरपंच कर्मवीर व स्कूल के प्रबंधक अजय यादव श्रमिकों का सम्मान किया। बच्चों ने श्रमिक दिवस के अवसर पर अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें नाटक,नृत्य ,भाषण व कविता आदि शामिल थे। संगीत अध्यापक मंजीत ने मंच पर संगीत व्यवस्था को संभाला। शिक्षिका पूनम ,ललिता ,सुमति ,सुमित, नीलम ,दीप ,अमीषा ,कुसुम, संगीता ,कोमल ,राखी ,प्रिया, ज्योति, अंजू ,शशि, सुरेंद्र आदि शिक्षकों ने कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली।

### बी आर ग्लोबल स्कूल में श्रमिक दिवस पर लघु नाटिका का किया मंचन



**गन्नौर।** खेड़ी रोड स्थित बी आर ग्लोबल स्कूल में श्रमिक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विशेष सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने श्रमिकों के महत्व को दशार्ती हुई सुन्दर लघु नाटिका का मंचन किया। विद्यालय के सहायक कर्मचारियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया व उनके योगदान व मेहनत के लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया। प्रधानाचार्या पूजा पहल और अन्य शिक्षकगण ने सहयोगी कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सहयोग व कार्यों की सराहना की।

### विधायक ने जनता दरबार में सुनी हलके के लोगों की समस्या, समाधान के दिए निर्देश

**गन्नौर।** जनता दरबार के दौरान विधायक निर्मल चौधरी गन्नौर हल्के के लोगों की शिकायतें सुनी और मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। गांव तेवड़ी के ग्रामीणों की शिकायत पर अवैध कब्जा हटवाने के लिए मौके पर ही बीडीपीओ को निर्देश दिए। कुराड़ गांव की समस्याओं के समाधान के लिए बीडीपीओ मुरथल व बिजली विभाग को निर्देश दिए। पुगथला गांव की समस्याओं के समाधान के लिए एसईपीओ जयभगवान को निर्देश दिए।

## शहीद डीएसपी के लडके को पुलिस अधीक्षक ने दिया नियुक्ति पत्र

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। पुलिस** अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने शहीद डीएसपी सुरेन्द्र सिंह बिश्नोई के लडके सिद्धार्थ को प्रोबेशनरी सब इंस्पेक्टर के पद पर हरियाणा पुलिस में भर्ती होने के लिए नियुक्ति पत्र दिया। सिद्धार्थ ने अपनी स्वेच्छा से करनाल जिले में नौकरी ज्वाईन की है। सिद्धार्थ ने नियुक्ति पत्र पाकर पुलिस अधीक्षक का धन्यवाद किया। सिद्धार्थ हरियाणा पुलिस में प्रोबेशनरी सब इंस्पेक्टर की ट्रेनिंग पूरी करने के बाद जिला करनाल में ही अपनी डयूटी करेंगे। सिद्धार्थ ने कम्प्यूटर साईंस से बीटेक और एलएलबी की हुई है।

# 'गरीब परिवारों की आय बढ़ाना अंत्योदय परिवार उत्थान मेलों का मुख्य ध्येय'

**टीम एक्शन इंडिया/बल्लबगढ़, (हरपाल सिंह यादव)** अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को आजीविका के संसाधन उपलब्ध करवाने के लिए अंत्योदय मेले आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की आय बढ़ाना सरकार का मुख्य ध्येय है। गरीब लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोडने.में मुख्यमंत्री अंतोदय परिवार उत्थान योजना कारगर सिद्ध हो रहे हैं। अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता सोमवार को मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत मेले के अवसर पर तिगांव विधानसभा क्षेत्र के राजकीय महाविद्यालय के प्रांगण



में आयोजित अंत्योदय मेले का अवलोकन कर रहे थे। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में अंत्योदय की भावना के साथ सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास जीतते हुए गरीब परिवारों की आय बढ़ाने के लिए कृतसंकल्प है। हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेशभर में आयोजित किए जा रहे मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेलों के माध्यम से समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनसेवा को समर्पित होकर अंत्योदय की भावना से अंतिम व्यक्ति के उत्थान में सराहनीय व उल्लेखनीय कदम उठा रही है। प्रदेश में गरीब परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना लागू की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य अंत्योदय की भावना से जरूरतमंद को आर्थिक रूप से लाभान्वित करना है। यह योजना गरीब उत्थान में मिल का पत्थर साबित हो रही है। उन्होंने कहा इस योजना के तहत लघु उद्यमियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस योजना के तहत उन परिवारों को शामिल किया गया है। जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपए से कम हैं और उनकी आय को एक लाख 80 हजार रुपए तक पहुंचाना प्रदेश सरकार का मुख्य लक्ष्य है। सरकार की ओर से तीन फेज में पात्रता निर्धारित की गई है और उसी अनुरूप योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों को अंत्योदय मेले से दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारी मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना (एमएमएपीयूवाई) के तहत चिन्हित परिवारों की आय बढ़ाने के लिए प्रयास करें। उन्होंने बताया कि आवेदक ये दस्तावेज जरूर लाए।

# नाट्य उत्सव 2023 में भागीदारी के लिए आवेदन आमंत्रितः डीआईपीआरओ

**टीम एक्शन इंडिया/बल्लबगढ़, (हरपाल सिंह यादव)** डीआईपीआरओ राकेश गौतम ने बताया कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी अमृत काल के तहत कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा की ओर से हरियाणवी थियेटर फेस्टिवल के तहत हरियाणवी नाट्य उत्सव 2023 का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मई 2023 है। डीआईपीआरओ राकेश गौतम ने जानकारी देते हुए आगे बताया कि आवेदक अपने आवेदन पत्र कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा की वेबसाइट '१३ल्लू४'-



३४१"ंप्र१२ँ१८ॅङ्क५.ल्ल से डाउनलोड कर सकते हैं। वहीं नियम व शर्तों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि नाटक हरियाणवी भाषा में होना अनिवार्य है। नाटक की पूर्ण अवधि न्यूनतम 45 मिनट और अधिकतम 1 घंटे की होनी चाहिए। आवेदन में नाटक का पूर्ण विवरण, जिसमें नाटक की विषय-वस्तु, निर्देशक के बारे में, लेखक के बारे में, तथा कुल कलाकारों की संख्या का उल्लेख किया गया हो। उत्सव में भाग लेने वाले रंगकर्मियों को उनके नाटक की प्रस्तुति की तिथि, समय व स्थान दूरभाष पर सूचित किया जायेगा । अपूर्ण आवेदन अमान्य होंगे। उन्होंने बताया कि आवेदक को आवेदन पत्र डाउनलोड कर भरकर कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा एससीओ 29, पहली मंजिल, सेक्टर-7 सी मध्यमार्ग के कार्यालय में जमा करना होगा।

## लैपटॉप व मोबाइल फोन चुराने वाले चार आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** डिटेक्टिव स्टाफ की टीम ने 5 अप्रैल को थाना निसिंग में स्थित एक मोबाइल फोन की दुकान से कीमती लैपटॉप, काफी संख्या में मोबाइल फोन और एसेसरी चोरी करने की वारदात को अंजाम देने वाले एक गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस टीम द्वारा 28 अप्रैल को गिरोह के चार आरोपियों मोंटी पुत्र श्याम सिंह गांव सग्गा जिला करनाल, कुलदीप पुत्र चंद्रभान वासी गांव सावंत जिला करनाल, रोहित कुमार पुत्र लेखराज वासी डेरा निक्का सिंह थाना तरावड़ी जिला करनाल व राजेश कुमार उर्फ राजू पुत्र श्रीराम वासी गांव दयालपुरा थाना तरावडी जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना के आधार पर गांव सग्गा से गिरफ्तार किया गया।

# विश्व मजदूर दिवस पर विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल में सम्मानित हुए कामगार



**टीम एक्शन इंडिया/बल्लबगढ़, (हरपाल सिंह यादव)** विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को 'अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवसइ यानी 'वर्ल्ड लेबर डेइ सेलिब्रेट किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के बीच इस दिन का उद्देश्य बताने के लिए निबंध व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं विद्यालय में ईमानदारी, लज्न और मेहनत से कार्य करने वाले 30 से 40 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक दीपक यादव ने कहा कि (1 मई) 'अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवसइ यानी 'वर्ल्ड लेबर डेइ सेलिब्रेट किया जाता है। इस दिन को सेलिब्रेट करने के पीछे का खास मकसद होता है दुनिया भर में मौजूद मजदूरों, श्रमिकों द्वारा किए जाने वाले प्रत्येक कार्यों, उनकी मेहनत, उनकी उपलब्धियों के प्रति सम्मान व्यक्त करना। दीपक यादव ने कहा कि मजदूर दिन मनाने का सही उद्देश्य तभी है जब हर मजदूर रोज रोटी मिलें। वहीं श्रमिकों की सराहना करते हुए कहा कि मजूदर हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग माना गया है। सही मायने में श्रमिक हमारे जीवन को सरल बनाने में सहयोग करते है। हम सभी को श्रमिकों का सम्मान करना चाहिए।

इस क्रम में विद्यालय के चैयरमैन धर्मपाल यादव ने कहा कि देश के भाग्य निर्माण में श्रमिक समाज की भूमिका रहती है। प्रदेश सरकार की तरफ से श्रमिकों के लिए तमाम कारगर योजनाएं चलाई हुई है। जिसको श्रमिक समय-समय पर फायदा लेते है। जिसके कारण हम सभी समस्याओं, परेशानियों में सुधार लाते है। इस दिन का विशेष उद्देश्य आम जन मे जागरूक करना भी इस दिन को सेलिब्रेट करने का मुख्य लक्ष्य होता है। आज के दिन खेतों, कारखानों या फिर ऑफिस में काम करने वाले मजदूर ही क्यों न हों।

# तीन दिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/बल्लबगढ़, (हरपाल सिंह यादव)** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. ज्योति राणा ने कहा कि जीवन में सीखने का सबसे ज्यादा महत्व है। सीखने की प्रक्रिया से ही नेतृत्व का विकास होता है। इसलिए हमें हमेशा अपने व्यक्तित्व में सीखने के जरिए गुणवत्ता का समावेश करना चाहिए। प्रो. राणा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थी। इंडस्ट्री और एकेडमिक परिवेश के बीच अंतराल को खत्म करने के उद्देश्य से आयोजित इस



कार्यशाला में कई विशेषज्ञों ने प्रबंधन के विद्यार्थियों को गुर सिखाए। प्रो. ज्योति राणा ने इस मौके पर कहा कि किसी भी कार्य को उत्साह के साथ करना चाहिए। हमारी सक्रियता परिणामों को बदल सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को हमेशा बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में विद्यार्थियों की नेतृत्व क्षमता को विकसित करने के बारे में विस्तार से बताया गया। विश्वविद्यालय के इंडस्ट्री इंटीग्रेशन के उप निदेशक अमित अमैया ने विद्यार्थियों को एमओयू लेखन कला के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

कार्यशाला की संयोजक डॉ श्रुति गुप्ता ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों में नेतृत्व विकास से लेकर उनमें व्यवसायिक क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है इसी उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की संयोजक दूसरी डॉ. अंशिका अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को नेतृत्व कौशल, वार्ता कौशल, लिखित एवं मौखिक कौशल, प्रस्तुति कौशल, एचआर, टेंडरिंग और खरीद प्रक्रिया से लेकर ई फाइलिंग के बारे में गुर सिखाए गए।

# गोरखा कप फुटबॉल टूर्नामेंट में बतौर मुख्यातिथि पहुँचे पूर्व उद्योग मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/बल्लबगढ़, (हरपाल सिंह यादव)** फरीदाबाद के सेक्टर 17 स्थित वाईएमसीए के मैदान में योग गुरु बाबा स्वामी रामदेव के तत्वाधान में हम्रो स्वाभिमान ट्रस्ट ने राज्य स्तर पर फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया जिसमे पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर फुटबॉल टूनामेंट की शुरूआत की ओर हम्रो स्वाभिमान ट्रस्ट का राज्य स्तर के इस आयोजन पर फ?ीदाबाद क्षेत्रवासियो की तरफ से धन्यवाद किया व साथ ही इस आयोजन में सहयोग करने पर एवेरेस्ट फुटबॉल एकेडमी को भी प्रोत्साहित किया। आपको बतादें की हम्रो स्वाभिमान ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस टूनामेंट मे



राज्य स्तर की लगभग 20 टीमों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने खिलाडि?ों को सम्बोधित करते हुए कहा की हमारे हरियाणा प्रदेश के खिलाडि?ों में चैंपियन बनने का जज्बा भी है ओर जीत का जूनून भी है। इस मोके पर पूर्व मंत्री ने प्रदेश की मनोहर सरकार की खेल नीति की प्रशंसा करते हुए कहा की हमारी प्रदेश सरकार खिलाडि?ों को बेहतर सुविधा देकर उन्हे निखारने का काम कर रही है व साथ ही विपुल गोयल ने सभी फुटबॉल खिलाडि?ों से आह्वान किया की खेल को पवित्र भावना से खेलते हुए भारत का नाम अंतराष्ट्रीय स्तर तक चमकाने का प्रयास लगातार जारी रखो ओर वो दिन दूर नही है जब भारत अंतराष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएगा जिसका सभी खिलाडियों ने ताली बजाकर पूर्व मंत्री की बात का समर्थन किया। इससे पहले आयोजनकर्ताओ ने पूर्व मंत्री का फूल मालाओं के साथ साथ मोमेंटो देकर सम्मान ओर अभिनंदन भी किया। इस अवसर पर राजन करकी, नासीर, रत्न माल, रत्न सूद, हम्रो संस्था के सभी पदाधिकारियों के अलावा अलग अलग जिलों से आये सैकड़ो खिलाडी ओर लोग मौजूद थे।

# राजनीतिक रूप से नकारे जा चुके लोग कर रहे हैं ओछी राजनीतिः जितेंद्र राठी

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़। राजनीतिक** रूप से समाप्त कुछ लोगों द्वारा स्वर्गवासी हो चुके व्यक्ति पर ओच्छी राजनीति करने का प्रयास किया जा रहा है और इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी के परिवार पर झूठे आरोप-प्रत्यारोप लगाकर बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं, लेकिन हमें माननीय न्यायालय व जनता पर पूर्ण विश्वास है। यह कहना है युवा इनेलो नेता व पार्षद जितेंद्र सिंह राठी का। वह अपने कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।



युवा इनेलो नेता जितेंद्र राठी ने कहा कि पूर्व मंत्री मांगेराम के छोटे पुत्र सतीश नंबरदार व उनके भतीजे गौरव राठी द्वारा जो न्याय मंच बनाने की बात कही जा रही है उससे किसी को भी न्याय नहीं दिलाया जा सकता, क्योंकि यह मंच केवल उन्होंने अपनी मरी हुई राजनीति को चमकाने भर की है। क्योंकि ये लोग राजनीतिक तौर पर लोगों द्वारा हाशिये पर धकेले जा चुके हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 02 मई 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## न्यूज फ्लैश

### दिनभर चला बूंदाबांदी का दौर

**सोनीपत**: दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते सोमवार को दिन भर जिले के अधिकतर क्षेत्रों में बूंदाबांदी का दौर चलता रहा। बरसात की वजह से जिले की मंडियों में जमा करीब 1 लाख मीट्रिक टन गेंहू पर संकट मंडराने लगा है। मौसम विभाग की माने तो अगले तीन दिनों तक पश्चिमी विक्षोभ का असर जारी रहेगा, ऐसे में कच्ची मंडियों में खुले आसमान में नीचे पड़े गेहू के खराब होने का खतरा मंडराने लगा है। हालांकि सोनीपत मंडी में उठान के लिए बचा गेहू शैड व तिरपाल से ढका नजर आया। बता दें कि मौसम विशेषज्ञों के अनुसार मौजूदा समय में तीन-तीन चक्रवातीय परिस्थितियां बनी हुई है। एक चक्रवात जहां पंजाब के ऊपर बना हुआ है। वहीं दिल्ली और तेलंगाना पर भी चक्रवातीय परिस्थितियां बनी हुई है। तीनों चक्रवात एक टर्फ रेखा उत्तर से दक्षिण तक बने हुए है। ऐसे में अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी उत्तर भारत में पहुंच रही है। जिसके प्रभाव से दिल्ली-एनसीआर सहित पूरे हरियाणा में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुए है। इस दौरान अगले तीन दिनों तक गरज के साथ कुछ एक स्थानों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है। बदले मौसम में किसानों ने राहत की सांस ली है, तो मंडियों में उठान न होने के चलते बचे गेहूं के खराब होने का खतरा बनने लगा है। जिले में रबी खरीद सीजन अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। जिले में करीब 3 लाख 34 हजार 197 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। उठान प्रक्रिया कई मंडियों में खासकर कच्ची मंडियों में अपेक्षाकृत काफी धीमी है। रिपोर्ट के अनुसार जिले में विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों पर अब भी लगभग 1 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उठान होना बाकी है। सोमवार को हुई बरसात के कारण कई मंडियों में गेहूं भीग गया। हालांकि गेहूं को बरसात से बचाने के लिए तिरपाल मंडियों में ढके गए थे। अभी बरसात का सिलसिला जारी रहने का अनुमान है, ऐसे में मंडियों में जमा गेहूं पर खतरा मंडराने लगा है।

### गला दबाकर की थी किशोरी की हत्या

**सोनीपत**: मुरथल थाना क्षेत्र के गांव असदपुर-नांदनौर में मकान की छत पर 13 वर्षीय किशोरी का शव संदिग्ध हालात में मिला। किशोरी सातवीं कक्षा की छात्रा थी। छात्रा के परिजन मेहनत मजदूरी करने गए थे। जब उनकी मां वापस लौटी तो बेटी छत पर बेसुध मिली। उन्होंने मामले से पति को अवगत कराया। अस्पताल में लेकर गए तो बालिका को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम में किशोरी की गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ निवासी गंगाराम का परिवार मुरथल के गांव असदपुर में किराए पर रहता है।

# 2 दिन ओले-बारिश का अलर्ट

## केदारनाथ-बद्रीनाथ में बर्फबारी के बाद चारधाम यात्रा रोकी, राजस्थान में 12 साल बाद मई में ठंड

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर**
राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में भारी बारिश का दौर बना हुआ है। मौसम विभाग का कहना है कि तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र, उत्तर पश्चिम में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में मौसम 3 मई तक ऐसा ही रहेगा, उसके बाद 4 मई से बदलाव की संभावना है। 24 घंटों में ठिठुरन भी बढ़ी है। एमपी के भोपाल में न्यूनतम तापमान दोपहर 2.30 बजे 18.6 डिग्री तक चला गया। राजस्थान में भी ऐसा ही हाल रहा। 9 शहरों का तापमान 30 डिग्री से नीचे रहा। राज्य के जयपुर, सीकर, नागौर, अलवर, बारां, बीकानेर समेत ज्यादातर इलाकों में बारिश और ओले गिरे। दिल्ली, पंजाब, बिहार, यूपी में भी तापमान में 3



से 5 डिग्री तक गिरावट देखी गई।
**केदारनाथ धाम में बर्फबारी, राज्य में 4 दिन के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी:** इधर, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में भारी बारिश और बर्फबारी के कारण चार धाम यात्रा को श्रीनगर में रोक दिया गया है। अगले चार दिनों तक राज्य में खराब मौसम को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। इन चार दिनों में ओलावृष्टि, आंधी-तूफान और 3500 मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी होने की संभावना है। इसके चलते चार धाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 3 मई तक बंद कर दिया गया है। केदारनाथ धाम में पिछले 13 दिनों से रुक-रुक कर बर्फबारी हो रही है। धाम में हिमपात का सिलसिला 18 अप्रैल से शुरू हुआ था। मौसम विभाग के मुताबिक, देहरादून, पुणे, दिल्ली, भोपाल, जबलपुर, कोहिमा, भीलवाड़ा, जालंधर,

### बरतें सावधानी

**केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में भारी बारिश और बर्फबारी के कारण चार धाम यात्रा को श्रीनगर में रोक दिया**

बरेली, गया, और हरदोई में 2 और 3 मई को न्यूनतम तापमान 20 या उससे कम रहने का अनुमान है।
**अगले तीन दिन बारिश का अलर्ट:** मौसम विभाग दिल्ली के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि पूरे भारत में तापमान सामान्य से कम है। दिल्ली एनसीआर हरियाणा-पंजाब में तापमान सामान्य से 9-10 डिग्री सेल्सियस तक कम है। आने वाले 2 दिन तक तापमान ऐसा ही रहेगा, उसके बाद 3-5 डिग्री सेल्सियस तक तापमान बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले 3 दिनों में पूरे उत्तर पश्चिमी भारत में बारिश होती रहेगी। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड के लिए हमने तेज बारिश का अलर्ट दे रखा है। हरियाणा और पंजाब के लिए भी हमने अलर्ट दे रखा है। दिल्ली में भी अगले 3 दिनों में बारिश होती रहेगी, इसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।
**एमपी में आखिर इतना ठंडा मौसम कैसे हो गया:** मध्यप्रदेश में मौसम केंद्र के डायरेक्टर आर. बालासुब्रह्मण्यन ने बताया कि जमीन से 6 किमी ऊपर तक नमी ही नमी है, फ्रीजिंग लेवल 4 किमी ऊपर है। इसलिए राज्य में कई जगह ओले गिरे हैं और पारा लुढ़का है।
**राजस्थान में इतनी बारिश और नमी की बड़ी वजह क्या है:** राज्य के आस-पास दो सकुर्लेशन सिस्टम सक्रिय हैं। पहला पाकिस्तान से सटे इलाकों में है, जो पश्चिमी राजस्थान में बारिश दे रहा है।

# कोरोना की रफ्तार हुई धीमी!

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देशभर** में कोरोना संक्रमण की रफ्तार कम होने लगी है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, बीते 24 घंटे में 4,282 नए मामले दर्ज किए गए। इसी के साथ देश में एक्टिव केसों की संख्या घटकर 47,246 हो गई है। राहत की बात यह रही कि कल के मुकाबले कोरोना के मामलों में गिरावट आई है। रविवार यानी 30 अप्रैल को कोरोना के 5,874 केस सामने आए थे और एक्टिव केस 49,015 था।
**इतने मरीजों की हुई मौत:** स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सुबह 8 बजे अपडेट किए गए आंकड़ों में कहा गया है कि बीते 24 घंटे में 14 मरीजों की मौत हुई है, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,31,547 हो गई है। इसमें 6 मौतें केरल में हुई हैं। आंकड़ों के मुताबिक, भारत में डेली पॉजिटिविटी रेट 4.92 प्रतिशत और वीकली पॉजिटिविटी रेट 4.00 प्रतिशत है। देश में अब तक कोरोना वायरस के 4.49 करोड़ मामले दर्ज किए जा चुके हैं, जो कुल मामलों का 0.15 प्रतिशत है।



### राहत की सांस ली

**बीते 24 घंटे में 4,282 नए मामले दर्ज किए गए। इसी के साथ देश में एक्टिव केसों की संख्या घटकर 47,246 हो गई**

**ठीक हुए मरीज का रिकवरी रेट:** भारत में मरीजों के ठीक होने की रिकवरी रेट 98.67 प्रतिशत है। एक्टिव मामले अब कुल संक्रमणों का 0.11 प्रतिशत हैं। बीमारी से उबरने वालों की संख्या बढ़कर 4,43,70,878 हो गई, जबकि मृत्यु दर 1.18 प्रतिशत दर्ज की गई। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, भारत में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220.66 करोड़ खुराक लगाई जा चुकी हैं।

# फर्जी दस्तावेज प्रकरण में आसाराम को जमानत

**टीम एक्शन इंडिया/जोधपुर: यौन शोषण** के दोष में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे आसाराम को सोमवार को फर्जी दस्तावेज प्रकरण में राजस्थान हाई कोर्ट ने जमानत दे दी। मगर उम्र कैद की सजा काट रहा आसाराम जेल से बाहर नहीं आ पाएगा। न्यायमूर्ति कुलदीप माथुर ने इस मामले में सुनवाई करते हुए जमानत के आदेश दिए। अधिवक्ता नीलकमल बोहरा व गोकुलेश बोहरा ने आसाराम का पक्ष रखा था।
**क्या था मामला:** उल्लेखनीय है कि साल 2017 में सुप्रीम कोर्ट में आसाराम की ओर से जोधपुर सेंट्रल जेल की डिस्पेंसरी का मेडिकल



प्रमाणपत्र पेश किया था, जिसमें आसाराम की कई गंभीर बीमारियों का जिक्र किया गया था। इस सर्टिफिकेट की सुप्रीम कोर्ट ने जांच करवाई तो मामला फर्जी निकला। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जोधपुर के रातानाडा थाने में आसाराम के पैरोकार रवि राय पर एफआईआर दर्ज हुई और मामले में आसाराम को भी आरोपी बनाया गया।

# योजनाओं को लेकर पीएम से मिले सीएम धामी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/देहरादून**
**मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम का प्रसाद, गंगा तुलसी, गंगोत्री, यमुनोत्री, अलकनंदा और मंदाकिनी का गंगाजल और रुद्राक्ष की माला भी भेंट की। साथ ही उत्तराखंड के विकास में उनके मार्गदर्शन और सहयोग के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। करीब डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में मुख्यमंत्री धामी ने राज्य के विकास से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर



प्रधानमंत्री मोदी का मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आ रहे हैं। जोशीमठ में केंद्र सरकार के सहयोग से राहत कार्य किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी से माह अक्टूबर/नवम्बर 2023 में राज्य में प्रस्तावित इन्वेस्टर समिट के उद्घाटन के लिए समय दिए जाने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने मानसखंड के अन्तर्गत जागेश्वर धाम, आदि कैलाश/ पार्वती सरोवर/ ओम पर्वत के दर्शन, लोहाघाट में मायावाती आश्रम की यात्रा के साथ ही सीमान्त जनपद पिथौरागढ़ में जनसम्बोधन और विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के लिए आने का भी प्रधानमंत्री से आग्रह किया।

### विचार-विमर्श

**गंगा तुलसी, गंगोत्री, यमुनोत्री, अलकनंदा और मंदाकिनी का गंगाजल और रुद्राक्ष की माला भी भेंट की**

### खड़गे के बेटे ने पीएम मोदी को कहा नालायक

**कर्नाटक** विधानसभा चुनाव के कैंपेन में नेताओं के बीच जुबानी जंग जारी है। 27 अप्रैल को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जहरीला सांप बताया था। खड़गे के बयान के 4 दिन बाद अब उनके बेटे और कांग्रेस विधायक प्रियांक खड़गे ने प्रधानमंत्री को नालायक कहा है। प्रियांक खड़गे ने सोमवार कलबुर्गी में बंजारा समुदाय के कार्यक्रम में कहा- मोदी प्रधानमंत्री हैं, आपकी आलोचना तो होगी ही। इसका मतलब यह नहीं कि आप रोते हुए जनता के पास जाएं। दुर्भाग्य से, पीएम हर बार विक्टिम कार्ड खेलते हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुरादाबाद में रैली को संबोधित किया।

# बेमौसम बारिश रबी धान भीगा, किसानों को नुकसान

**टीम एक्शन इंडिया/धमतरी**
**ग्रीष्म काल** में हो रही बेमौसम बारिश ने किसानों के खेतों में तैयार रबी धान फसल को भिगोकर भारी नुकसान पहुंचाया है। आंधी तूफान व तेज वर्षा से खड़ी फसल जमीन पर गिर गई। बालियों से अंकुरण निकल रहा है। कटाई-मिंजाई कार्य पूरी तरह से बंद है। पौधों से धान की बालियां जमीन पर झड़ रहा है। बारिश से धान की बर्बादी को देखकर किसान सिर पीट रहे हैं। अब किसानों को मौसम खुलने का इंतजार है। 30 अप्रैल की रात



अंचल में गरज-चमक के साथ रूक-रूककर भारी वर्षा हुई है। बारिश से शहर की सड़कों व गलियों में पानी भर गया। ग्रामीण अंचलों में भी बारिश होने से सड़क किनारे व गड्ढों में पानी भरा हुआ है।वहीं एक मई की सुबह मौसम खराब रहा। आसमान में बादल वाला मौसम बना रहा। भू अभिलेख शाखा से मिली जानकारी के अनुसार धमतरी तहसील में 25.2 मिमी, कुरूद में 12 मिमी, भखारा में 25.3 मिमी, मगरलोड में 32.5 मिमी, नगरी में 4.2 मिमी, कुकरेल में 29 मिमी वर्षा हुई है। सबसे अधिक वर्षा जिले के मगरलोड तहसील में दर्ज की गई है।

### कांगड़ा में 38 नए लोग कोरोना संक्रमित

**धर्मशाला। कां**गड़ा जिला में कोविड के मामलों में हो रही वृद्धि के बीच सोमवार को कोरोना के 38 नए मामले सामने आए हैं जबकि राहत की खबर यह है कि 64 कोरोना संक्रमितों ने कोविड को मात दी है। जिला में आज 481 सैंपल लिए गए जिनमें 38 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। जबकि आज 64 कोविड संक्रमित स्वस्थ हुए हैं। जिससे जिला में सक्रिय कोरोना संक्रमितों की संख्या 204 पंहुच गई है। वहीं अगर बात जिला में कोरोना संक्रमितों की करें तो अब तक 73027 लोग कोरोना संक्रमित हो चुके हैं।

**वतन वापसी** अब तक 2300 से अधिक भारतीयों को ऑपरेशन कावेरी के तहत भारत लाया जा चुका है

# ऑपरेशन कावेरी: वतन वापसी पर महिला की आंखें हुई नम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गृहयुद्ध** क्षेत्र सूडान से लगातार भारतीयों को रेस्क्यू किया जा रहा है। अब तक 2300 से अधिक भारतीयों को ऑपरेशन कावेरी के तहत भारत लाया जा चुका है। भारतीय वायु सेना अपने देशवासियों को बचाने की पूरी कोशिश कर रही है।
**ऑपरेशन कावेरी के जरिए 102 वर्ष की बुजुर्ग ने की वतन वापसी:** बताया जा रहा है कि अब तक भारतीय वायुसेना के विमानों में 1400 से अधिक भारतीयों का रेस्क्यू किया जा चुका है। वायुसेना ने बताया, "पिछले कुछ दिनों में भारतीय वायुसेना के



विमानों में लगभग 1,400 भारतीयों को निकाला गया है, दो C-130J विमानों ने 260 कर्मियों को निकाला है, जिनमें 90 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग और 102 वर्ष से अधिक आयु के एक बुजुर्ग शामिल हैं।"
**सम्मान के साथ आए वरिष्ठ नागरिक:** सूडान में फंसे भारतीयों को सम्मानपूर्वक और सुरक्षित वापस भारत लाया जा रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने अपने ट्विटर हैंडर पर एक तस्वीर शेयर करते हुए ट्वीट किया, "सूडान से निकाले जा रहे हमारे वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान।" ट्वीट की गई फोटो में सेना के जवान वरिष्ठ नागरिकों को व्हीलचेयर पर ले जाते नजर आ रहे हैं। सूडान की सेना और अर्ध-सैनिक बलों के बीच चल रहे संघर्ष के बीच अब तक 3000 से अधिक लोगों को सुरक्षित सूडान से बाहर निकाल लिया है।


